वैशाख कृष्ण पक्ष 12
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
25 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-188
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00 | हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### सीएम, कल्पना व डीजीपी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला युवक गिरफ्तार हो गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और सदर डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने गुरुवार की दोपहर सुमन सौरभ नाम के युवक को मोरहाबादी मैदान से गिरफ्तार किया है। इसके बाद रांची पुलिस ने उस युवक को रामगढ़ पुलिस को सौंप दिया है। सुमन सौरभ ने सोशल मीडिया पर सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और डीजीपी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद इसकी शिकायत पुलिस से की गयी थी, शिकायत मिलने पर पुलिस हरकत में आयी और कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### राष्ट्रपति से मिले गृहमंत्री और विदेश मंत्री, पहलगाम हमले पर दिया अपडेट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने राष्ट्रपति को पहलगाम हमले और देश की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मु से दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें जारी की हैं। इस बीच, भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने पहलगाम हमले के बारे में विभिन्न देशों के राजदूतों को जानकारी दी। इस बैठक में जर्मनी, जापान, पोलैंड, यूनाइटेड किंगडम और रूस सहित कई देशों के राजदूत शामिल हुए। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि राजदूतों और उच्चायुक्तों को हमले की स्थिति, उसके पीछे के कारण और भारत की सुरक्षा रणनीति के बारे में बताया गया। सूत्रों के अनुसार ब्रीफिंग भारत के साथ सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने में रुचि रखने वाले देशों के लिए थी।

### केवीआईसी के सुनील कुमार की लाखों की संपत्ति जब्त

**रांची।** इडी ने खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन रांची के पूर्व कार्यपालक अधिकारी की 71.92 लाख रुपए की संपत्ति जब्त कर की गई। इस तरह अब तक कुल 1.02 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। इस अफसर पर केवीआईसी से 3.30 करोड़ रुपये निजी खाते में ट्रांसफर करने का आरोप है। वहीं, इडी द्वारा केवीआईसी घोटाले में 71.91 लाख रुपये की संपत्ति में सुनील कुमार और उनकी पत्नी सुनीता देवी के नाम पर ओरमांझी में खरीदा गया जमीन का दो प्लॉटों के अलावा अमन कुमार और प्रिया के खाते से 14 लाख रुपये जब्त किया गया है। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया था कि केवीआईसी के तत्कालीन कार्यपालक सुनील कुमार ने सरकारी योजनों में सुनियोजित साजिश के तहत भारी गड़बड़ी की है। इडी ने मामले की जांच के दौरान पाया कि सुनील कुमार ने साजिश रच कर अपने रिश्तेदार अमन कुमार और प्रिया के खाते में 3 |30 करोड़ ट्रांसफर किया।

# नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में अनुशासन व शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की कवायद तेज

**राणा अरुण सिंह**



■ **कर्मचारियों के लिए समय निर्धारित, मूवमेंट रजिस्टर अनिवार्य; नई शैक्षणिक योजनाओं पर भी फोकस**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में प्रशासनिक अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने की दिशा में कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कई अहम परिवर्तन किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों और प्राध्यापकों के लिए समय निर्धारण करते हुए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है।

नई व्यवस्था के तहत प्राध्यापकों को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कॉलेज में और विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है। परिसर में मूवमेंट रजिस्टर भी अनिवार्य किया गया है, जिसमें कार्यालय से बाहर जाने का समय और कारण दर्ज करना होगा। दो बार चेतावनी के बाद तीसरी बार अनुपस्थित पाए जाने पर उस दिन का वेतन काटने की भी व्यवस्था की गई है। कुलपति ने कहा कि यह व्यवस्था कार्यालय की शिथिलता को समाप्त करने और उत्तरदायित्व बढ़ाने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके अलावा, आगंतुकों के लिए भी समय तय किया गया है। दोपहर 12 से 1 बजे तक पत्रकारों और प्राध्यापकों से मिलने का समय होगा, जबकि 4 से 5 बजे तक छात्र कुलपति से मिलकर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकेंगे।

शैक्षणिक विकास की दिशा में कुलपति ने बताया कि विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाएं सुधारने की प्रक्रिया शुरू **शेष पेज 11 पर**

# वाणिज्य-कर विभाग व एफजेसीसीआई के बीच संवादपरक बैठक, व्यापार सुधारों पर बनी सहमति

**व्यापारिक समस्याओं पर प्रस्तुत सुझावों को मंत्री ने माना जरूरी, कर व्यवस्था में पारदर्शिता पर जोर**




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में वाणिज्य-कर विभाग (एफजेसीसीआई) और वाणिज्य-कर बार एसोसिएशन के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य के वित्त एवं वाणिज्य-कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की।

इस बैठक में वाणिज्य-कर सचिव, आयुक्त, एफजेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष राजीव गरोड़िया, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा और वाणिज्य-कर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पसारी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार, कर प्रणाली और कारोबारी माहौल से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में जीएसटी से संबंधित **शेष पेज 11 पर**

# हेमंत सोरेन ने फिरा डे बार्सिलोना की चल रही दो विकास परियोजनाओं का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**






**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फिरा डे बार्सिलोना की चल रही दो विकास परियोजनाओं का दौरा किया। यात्रा के दौरान, फिरा डी बार्सिलोना के अधिकारियों ने चल रही परियोजनाओं में विस्तृत अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की और प्रतिनिधिमंडल को एक आशय पत्र सौंपा।इसके अंतर्गत शामिल है रांची में एक मेगा कन्वेंशन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने में रुचि व्यक्त करना। प्रस्तावित केंद्र का उद्देश्य विश्व स्तरीय व्यापार मेलों, अंतरराष्ट्रीय कांग्रेसों की मेजबानी करना है और उन्नत दृश्य-श्रव्य (एवी) प्रणाली-सक्षम कार्यक्रम, वैश्विक प्रदर्शनी और सम्मेलन मानचित्र पर झारखंड की उपस्थिति को बढ़ाने का प्रयास करना है।

# जेजेएमपी के तीन इनामी उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण



▶▶ **तीनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था घोषित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के तीन सक्रिय उग्रवादियों ने गुरुवार को सरकार की आत्मसमपर्ण व पुर्नवास नीति नयी दिशा से प्रभावित हो कर सरेंडर कर दिया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में इन उग्रवादियों ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर के समक्ष आत्मसमपर्ण किया। तीनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसपमर्ण करने वाले उग्रवादियों में तुलसी गंझू उर्फ विशाल (50), पलेंद्र भोक्ता उर्फ अजीत (28), प्रमोद गंझू (31) का नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक व कमाडेंट ने उन्हें समाज की मुख्यधारा पर लौटने पर बुके व शॉल भेंट कर स्वागत किया। एसपी ने कहा कि आत्मसमपर्ण करने वाले तीनों उग्रवादियों को सरकार के प्रावधानों के अनुसार सभी लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि तीनों पूर्व में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सदस्य रह चुके हैं। पिछले कई वर्षों से पांच लाख रुपए के इनामी लवलेश गंझू उर्फ लवलेश व 10 लाख रुपए के इनामी पप्पू लोहरा के साथ जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में रह कर लातेहार, चंदवा, बालूमाथ व हेरहंज क्षेत्र में सक्रिय और कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। कमाडेंट ने अन्य उग्रवादी व नक्सलियों से आत्मसमपर्ण करने की अपील की। कहा कि अगर वह आत्मसमपर्ण नहीं करते हैं तब पुलिस की गोली के शिकार होगें। उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास तुलसी गंझू उर्फ विशाल पर हेरहंज, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ पर कुल पांच मामले दर्ज हैं। पलेंद्र गंझू हेरहंज, **शेष पेज 11 पर**

**बिहार की धरती से पीएम मोदी की दहाड़, कहा-**

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है

● **पहलगाम हमले के आतंकियों व साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी : प्रधानमंत्री**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बिहार के मधुबनी में एक जनसभा के दौरान कहा कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों और साजिशकताओं को उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई और किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई ओड़िया, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुःख और आक्रोश एक जैसा है। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं पूरी दुनिया से कहता हूं कि भारत हर आतंकी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उन्हें ट्रैक करेगा और उन्हें दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न देशों और नेताओं का आभार व्यक्त किया जो इस मुश्किल समय में भारत के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के इस कार्यक्रम में 13,480 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है। बिजली, रेल, इंफ्रास्ट्रक्चर के इन विभिन्न कार्यों से बिहार में रोजगार के नए मौके बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी।

# सर्वदलीय बैठक में सरकार को विपक्ष ने दिया समर्थन

● **रिजिजू बोले- आतंक के खिलाफ देश एकजुट**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन में खत्म हो गई है। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ-साथ तमाम दलों के नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'रक्षा मंत्री ने सीसीएस की बैठक में पहलगाम में हुई घटना और भारत सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। यह घटना बहुत दुखद है। जिससे देश में हर कोई चिंतित है, इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने भी आज और कड़ी कार्रवाई करने की मंशा जाहिर की है। **शेष पेज 11 पर**

# पहलगाम घटना के विरोध में विहिप व बजरंग दल ने निकाला मशाल जुलूस, गुमला बंद आज

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की बर्बरतापूर्ण हत्या के विरोध में गुरुवार की शाम विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के बैनर तले गुमला में मशाल जुलूस निकाल कर विरोध जतायी गयी। यह रैली शाम 6 बजे नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता हाथों में मशाल लिए आक्रोशित स्वर में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते पूरे क्षेत्र का भ्रमण किए। बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि कश्मीर में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन पाकिस्तान को रास नहीं आ रहे हैं। भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और हिंदू समाज का वैश्विक मंचों पर सशक्त होना, जेहादी मानसिकता वालों को अखर रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने सिर्फ हिंदू पहचान के आधार पर पर्यटकों की हत्या की। एक महिला जिसकी मेंहदी अभी सूखी भी नहीं थी, उसके पति को गोली मार दी गई। विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि 83 वर्षीय बुजुर्गों को मारा जा रहा है, पत्नियों के सामने पतियों की हत्या की जा रही है। प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने कहा कि अब अपने ही देश में हिंदू कहना अपराध बनता जा रहा है। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# विकास के बाद अब कश्मीर के दुश्मनों का विनाश भी हो



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

धरती के स्वर्ग को जन्नत बनाने का सपना दिखाने वाली मानसिकता का सुनियोजित हमला कश्मीर में पहलगाम के मनोरम मैदान में निहत्थे पर्यटकों पर जानबूझ-कर किया गया। ऊपर से आतंकवादी हमला लगने वाली घटना का देश भर जैसा विरोध चल रहा है उसे देखकर राजनीति के खिलाड़ी पूरी बेशर्मी से खेल रहे हैं जिस कारण सीमा पार के हमारे पारंपरिक दुश्मनों को एके 47 और बारूद मिलते हैं। कश्मीर में आई परिवर्तन की हवा और वहां की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आधार पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा था जो कश्मीर के असली दुश्मनों को स्वीकार्य नहीं था जो उस लगातार चल रहे जिहादी आतंकवाद की जड़ में थे । घाटी के लोगों ने इसके विरोध के सुर उठाए हैं जिन्हें नए कश्मीर की समझ है पर ताजा घटना उसी जिहाद की याद दिलाता है, जो पूरे सुंदर प्रदेश को आतंक का पर्याय बनाए रखना चाहते थे। इसे एक और आतंकवादी घटना मानकर खारिज नहीं किया जा सकता, बल्कि यह कश्मीर में जातीय संहार (जेनोसाइड) के अतीत की निरंतरता है। यह विचारधारा उसी जहर में निहित है, जिसने 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों के नरसंहार और जातीय सफाए को प्रेरित किया था। यह धर्म-प्रेरित मानसिकता कश्मीर की हवाओं में आज भी बह रही है और पहलगाम की वारदात के बाद अब इस मामले में कोई संशय नहीं रह जाना चाहिए। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दशकों से इस मानसिकता को लगातार नकारने का ही नतीजा है कि यह हिंसा अनियंत्रित रूप से अंदर ही अंदर बढ़ती गई है। पूरे देश को पता चलना चाहिए कि कश्मीर में धार्मिक वर्चस्व कभी खत्म ही नहीं हुआ। यह बिल्कुल जारी है और कश्मीर में जो आतंकी घटना हुई, वह उसका वर्तमान रूप है। सरकार को संसद में जेनोसाइड से निपटने के लिए कठोर कानून लाना चाहिए। सरकार को अपनी कश्मीर नीति में कुछ संशोधन लाने पर भी विचार करना चाहिए। आतंक को पर्यटन की अर्थव्यवस्था से नहीं बदला जा सकता । राजनीति करने वालों को कश्मीर को अशांत रखने में ही निजी फायदा है क्योंकि आत्मनिर्भर कश्मीर की अवाम पाकिस्तान परस्त नेताओं को नकार देगी। कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से या फिल्मों की शूटिंग शुरू होने से कुछ नहीं होने वाला। यह जो हादसा हुआ, वही कश्मीर की हकीकत है। पर्यटन और लोगों का भरोसा बढ़ना तो आर्थिक व सामाजिक पक्ष हैं। इस धारणा पर कि पर्यटन आतंकवाद को हल कर सकता है, एक खतरनाक गलतफहमी है, जो कठोर कदम उठाने से रोक देती है। कश्मीर की मूल समस्या तो वहीं की वहीं है, जो बार-बार सिर उठाती है। आप देखें कि कश्मीर में आतंकवाद का एक नया आयाम,



जो पिछले दो साल से है, वह अब जम्मू की तरफ आ गया है। और, पहलगाम में जो बर्बर घटना हुई, वह तो त्रासद है, और पिछले कुछ दशकों में हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। कश्मीर को विभाजित करना समय की मांग बन गई है, जिसमें घाटी को नए सिरे से पुनर्गठित करने की जरूरत है। ये दीर्घकालीन उपाय हैं, लेकिन फिलहाल कठोर कदम उठाने की जरूरत है, इसके लिए केंद्र को नियंत्रण अपने हाथ में लेना पड़े, तो भी उसे पीछे नहीं हटना चाहिए। कहा जा रहा है कि इन आतंकी हमलों के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, जो बिल्कुल सही भी है। पिछले 35 साल से हम दर्शक मात्र हैं, लेकिन सवाल यह है कि सरकारें क्या कर रहीं हैं। कश्मीर में यदि हथियारों की सप्लाई नहीं रुकी तो सामान्य स्थिति नहीं आ सकती। पुरानी सरकारों की तुलना में वर्तमान सरकार अच्छा कर रही है, इसमें संदेह नहीं। यही वजह है कि कश्मीरी हिंदुओं, विस्थापितों इत्यादि सभी ने सरकार के अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाने का खुलकर अभिनंदन किया। लेकिन बात खत्म नहीं होती। कश्मीरी हिंदुओं में वर्तमान हालत पर गुस्सा है, नाराजगी है, लेकिन उम्मीदें भी इसी सरकार से हैं। कश्मीरी पंडितों द्वारा सामना किए गए ऐतिहासिक अन्याय को पहचानना और उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए एक स्पष्ट रणनीति अपनाना स्थाई शांति की दिशा में आवश्यक कदम है। सरकार को नरसंहार को स्वीकार करके और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाकर इस इतिहास का सामना करना चाहिए। आतंकवाद की वैचारिक और परिचालन नींव को नष्ट करने के लिए दृढ़ उपायों को लागू करना होगा। केवल लोगों को न्याय दिलाकर विश्वास में लेकर और अटूट संकल्प से ही भविष्य की त्रासदियों को रोक सकते हैं और निदोर्षों की बर्बर हत्या की स्मृति का सम्मान कर सकते हैं। पाकिस्तान की हिमाकत का जवाब देने पर भी विचार किया जाना चाहिए। देश गुस्से में है और इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब सैन्य कार्रवाई तक से पीछे नहीं हटना चाहिए।

# संवेदनशील प्रकरणों का अनुसंधान करेंगे थाना प्रभारी : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सार्वजनिक उपकरण से संबंधित सभी संवेदनशील प्रकरणों का अनुसंधान अब थाना प्रभारी खुद करेंगे। गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यह आदेश जारी किया। बैठक के दौरान डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में सार्वजनिक उपकरण से संबंधित दर्ज कांडों के संबंध में चर्चा किया। उन्होंने सभी एसपी को निर्देश दिया कि सार्वजनिक उपकरण से संबंधित सभी संवेदनशील और महत्वपूर्ण कांडों का अनुसंधान थाना प्रभारी स्वंय करेंगे। सार्वजनिक उपकरण से संबंधित किसी प्रकार कि रंगदारी मांगने वालों के खिलाफ संबंधित थाना प्रभारी निश्चित रूप से प्राथमिकी दर्ज करेंगे। सभी एसपी सभी थाना प्रभारी के साथ माह में एक बार अवश्य बैठक करेंगे और इस बैठक में इस तथ्य की समीक्षा करेंगे की अतिसंवेदनशील और महत्वपूर्ण कांडों का अनुसंधानकर्ता स्वंय थाना प्रभारी अथवा योग्य अनुसंधानकर्ता हैं या नहीं। अगर समीक्षा में संबंधित थाना प्रभारी की लापरवाही पायी जाती है तो उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करेंगे। सार्वजनिक उपकरण से संबंधित मालिक या उसके कर्मी से लगातार संपर्क में रहेंगे और जांच में उनका सहयोग लेना सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर

### एके सिंह कॉलेज में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई तक

**हुसैनाबाद।** एके सिंह महाविद्यालय जपला में सत्र 2022-26 तथा सत्र 2023-27 के छात्र-छात्राओं का विश्वविद्यालय स्तरीय सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 3 की परीक्षा क्रमशः प्रथम पाली में 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 2 बजे से 5 बजे तक होने के बावजूद महाविद्यालय प्रशासन छात्र और छात्राओं के सुविधा के लिए कुल छह काउंटर चलाते हुए सुबह 9 बजे से लेकर अपराह्न 3 बजे तक लगातार फार्म लिया जा रहा है। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 25 अप्रैल है, लेकिन महाविद्यालय में फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मई कर दी गई है। इसकी सूचना लिखित रूप से महाविद्यालय द्वारा एवं बार-बार उद्घोषणा करके जानकारी दी जा रही है। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को अनावश्यक भीड़ न लगाने की सलाह दी गई है। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि लगातार परीक्षा दोनों पाली में चल रही है, परंतु छात्रों की सुविधा के लिए छह काउंटर खोले गए हैं।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती गंभीर, रेफर




**हुसैनाबाद ।** शहरी क्षेत्र के जपला धरहरा की 18 वर्षीय खुशी खातुन ने मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खा ली। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता हैं कि खुशी ने घर से बाजार जाने के लिए कह कर निकली थी। वहीं परिवार से नाराजगी के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर ली। वह सोनबरसा गांव निवासी मुमताज अंसारी बेटी हैं। वर्तमान में वह जपला धरहरा मे रहती हैं। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत सचिवालय में मनाया गया पंचायती राज दिवस

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोगा पंचायत सचिवालय भवन में गुरुवार को पंचायती राज दिवस जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों को उपस्थिति में मनाया गया। मौके पर पंचायती राज दिवस की जानकारी दी गई। सभी ने शपथ लिया कि हम सभी लोग गंदगी नहीं फैलाएंगे और न ही फैलाने देंगे। अपने पंचायत को स्वच्छ पंचायत के रूप में विकसित करेंगे। मौके पर जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी, समाजसेवी रामकृष्ण पाल,रोजगार सेवक कुंदन ठाकुर, स्वयंसेवक अजीत कुमार राम, अनीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कैंप कार्यालय बना जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच : उपायुक्त

**70 से अधिक लोगों ने रखी अपनी समस्याएं, योजनाओं का लाभ भी मिला**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय कैंप कार्यालय आम लोगों की समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन का प्रभावी माध्यम बना। इस कैंप कार्यालय की अध्यक्षता उपायुक्त शशि रंजन ने की, जहां उन्होंने स्वयं लोगों से मुलाकात कर 70 से अधिक आवेदन प्राप्त किए और संबंधित विभागों को समयबद्ध समाधान का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा, 'कैंप कार्यालय के आयोजन से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। अधिकारी अब लोगों के नजदीक आकर उनकी समस्याएं सुन और सुलझा रहे हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है।' इस मौके पर जिला, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल कार्यालयों से जुड़े अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार की जनसमस्याओं जैसे सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें, भूमि विवाद, पेयजल संकट, बिजली बिल विवाद, पेंशन, रोजगार व आवास योजनाओं से संबंधित समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान की दिशा में पहल की।



कई लाभुकों को मौके पर ही योजनाओं के लाभ का आश्वासन मिला। दिव्यांग प्रह्लाद ठाकुर को बैटरी चालित वाहन, रजी अहमद खां को भूमि बंदोबस्ती पर आश्वासन, सरोज राम को भूमि विवाद पर जांच आदेश, और अनिका कुमारी द्वारा आंगनबाड़ी सेविका चयन विवाद पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस कैंप कार्यालय में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में उत्साह और सक्रियता का वातावरण बना रहा।

## उपभोक्ताओं को करना होगा ई-केवाईसी ऐप का प्रयोग: एमओ

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अवर सचिव संजय कुमार के निर्देश आलोक में डीलरों के साथ आवश्यक बैठक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने की। जिसमें ई केवाईसी से वंचित उपभोक्ताओं को हर हाल में विभिन्न स्तरों पर उनके इस कार्य को पूरा कराने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कोई भी राशन कार्डधारी अपने एंड्रॉयड मोबाइल के प्ले स्टोर से मेरा ई केवाईसी ऐप अपलोड कर सकते हैं। जिससे उनके राशन कार्ड के अंकित सदस्यों का स्वयं ही यह कार्य पूरा करना आसान होगा। इस ऐप को भी 30 अप्रैल तक के साइट संबंधित उपभोक्ताओं के लिए खुला रखा गया है। अवर सचिव के निर्देश के आलोक में उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का ई केवाईसी शत प्रतिशत निर्धारित समय पर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी निमित भारत सरकार ने मेरा ई केवाईसी मोबाइल ऐप उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी डीलरो से राशन कार्डधारियों को जागरुक कर उक्त ऐप के माध्यम ई केवाईसी कराने कार्य निर्धारित तिथि 30 अप्रैल तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बैठक में कामता दूबे, अनंती देवी, संतोष कुमार गुप्ता, शंकर मेहता, अजय राम, राजाराम साह, अशोक राम सहित अन्य कई डीलर शामिल थे।

## जल रहे जंगल, बुझाने की नहीं हो रही कोशिश

नवीन मेल संवादाता

**200 हेक्टेयर क्षेत्र में पेड़-पौधों व जीव-जंतुओं के प्रभावित होने की संभावना**



**मोहम्मदगंज।** वन क्षेत्र के भौंराहा पर्वत श्रृंखला पर बड़े हिस्से में आग फैलने से वन संपदा धूं-धूं कर जल रहीं हैं। इसके बावजूद इस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की जा रही है। गुरुवार की सुबह इसका जायजा पर्यावरण संरक्षक रामजन्म राम ने लेते हुए इस पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आग पर काबू नहीं पाया गया, तो 4 दिनों में 4 जंगलों के करीब 200 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल चुकी आग में न जाने कितने पेड़-पौधे और जीव-जंतु झुलस कर नष्ट हो जाएंगे। इसका आंकलन आसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम से आग की लपटें देखी जा रहीं है। समरलोटवा,नईया, गोलापत्थर से धौवा घाट तक फैल गई है। आग आगे फैलती ही जा रही है। दिन के उजाले में इसके धुएं का गुबार और शाम होते ही इसकी लपटें दूर दूर तक देखीं जाती है। बावजूद इसके ऐसा लगता है कि चंद दूरी पर स्थित वनों के क्षेत्र कार्यालय की नजर से यह अब तक ओझल हैं। उन्होंने कहा कि चालू मौसम में अक्सर हर साल इसी वन क्षेत्र में आग लगाई जाती है। मगर, इसके विरूद्ध कार्रवाई नहीं की जाती है। ऐसी स्थिति में औषधीय गुण के पेड़ पौधों के अलावा अन्य जीव-जंतुओं और पशु पक्षियों के साथ ही राष्ट्रीय पक्षी मोर की आश्रयणी के तौर पर चिन्हित भौंराहा पर्वत श्रृंखला की वन संपदा के संरक्षण पर सवाल उठने लगा है।

## डाली में सार्वजनिक व आंगनबाड़ी केंद्र का जलमीनार खराब, परेशानी

नवीन मेल संवादाता

**मोहम्मदगंज।** जलमीनार के खराब रहने की शिकायत का अंतहीन सिलसिला जारी है। हर ओर से यही शिकायत मिल रही है कि लगाने के साल-छह महीने में ही पंचायत की जलमीनार खराब हो गई हैं। जिन्हें ठीक करने पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। पंचायत अथवा जनप्रतिनिधि बदल जाएं, तो इसे लेकर बड़ा बहाना भी मिल जाता है। लोगों की शिकायत मिली कि कोई ऐसा पंचायत नहीं, जहां के सभी जलमीनार ठीक हैं। आम दिनों में पानी की ज्यादा जरूरत नहीं होती है। मगर, गर्मी में जरूरत बढते ही, खराब पड़े जलमीनार अथवा चापानल को ठीक कराने की फिक्र होने लगती है। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा मनाने के बाद ऐसे जलस्त्रोतों के सर्वेक्षण के दौरान जलसहियाओं को इसकी और ज्यादा शिकायत मिल रही है। लटपौरी पंचायत के घनी आबादी बहुल गांव डाली गांव की जल सहिया उर्मिला देवी ने बताया कि सर्वेक्षण में देखने को मिला है कि बटोही के घर और आंगनबाड़ी केंद्र का जलमीनार कब से खराब है। इसके बावजूद इसकी सुधि नहीं ली गई। गर्मी बढ़ने पर इनके खराब रहने से लोगों की परेशानी बढ गई है। खासकर, आंगनबाड़ी केंद्र के जलमीनार के खराब रहने से बच्चे प्रभावित हैं। इसकी रिपोर्ट कर दी गई है।



## विश्व गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथ यात्रा हुसैनाबाद पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला-छत्तरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ स्थित चारधाम मंदिर परिसर में गुरुवार को विश्व गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथ हुसैनाबाद पहुंचा। वहां लोगों ने स्वागत किया। मौके पर जिला संघ चालक दिनेश कश्यप, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, चारधाम मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. अजय प्रसाद गुप्ता, गायत्री परिवार के बीएन शर्मा, बाबा द्रोणाचार्य तिवारी, अक्षय कुमार ने ज्योति कलश रथ का पूजा पाठ व आरती कर भव्य स्वागत किया। ज्योति कलश रथ यात्रा में रखें अखंड दीपक के दर्शन किया। नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने ज्योति कलश रथ यात्रा को एक आध्यात्मिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित की गई है। इससे हर घर व दिल तक पवित्र ज्योति पहुंचेगी। इससे जागृति, शुद्धिकरण व सामूहिक परिवर्तन होगा। यह एक आध्यात्मिक आह्वान है। जो अंधकार को दूर कर चहुं ओर प्रकाशित करेगा। डॉ.अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा के दौरान लोगों से शारीरिक श्रम, योग करने, और नशीले पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह किया जा रहा है। इस यात्रा का आयोजन विश्व गायत्री परिवार द्वारा पूरे देश में किया जाता है। इससे लोगों में देवत्व का उदय होगा। और आत्मीयता, प्यार और सहकार से भरा वातावरण बनेगा।

## प्रखंड में नहीं बन सका आईटीआई कॉलेज, छात्रों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा।** प्रखंड में प्रस्तावित आईटीआई कॉलेज का निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका गया है। बताया जाता है कि नौडीहा बाजार प्रखंड में 2010 में झारखंड सरकार के उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार का प्रयास से प्रस्तावित आईटीआई कॉलेज बनाने की पहल शुरू की गई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी सागर कुमार ने इसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी थी, जिसके बाद सरकार को जमीन की सूची उपलब्ध कराई थी। उसके बाद वर्तमान विधायक सह मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रयास से भी भाजपा की सरकार में इसका पर काम शुरू किया गया था। बावजूद 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक आईटीआई कॉलेज बनने का सपना नहीं पूरा हो सका। प्रखंड के बच्चे आईटीआई करने मेदिनीनगर जाना पड़ता है या फिर रांची, हजारीबाग। बताया जाता है 50 हजार की आबादी पर प्रखंड का दर्जा दिया गया था, जिसमें खेल स्टेडियम, आईटीआई कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई प्रस्तावित कॉलेज का निर्माण करना था। इसकी भूमि उपलब्ध करा दी गई थी, मगर आज तक ना तो खेल स्टेडियम बना और न आईटीआई कॉलेज व कस्तूरबा गांधी विद्यालय। शिक्षक तिलक कुमार सिंह ने कहा कि जिस समय इसे प्रखंड का दर्जा दिया गया था, प्रखंड में प्रस्ताव तो बहुत कुछ के लिए तैयार किया गया था, मगर धरातल पर आज तक कुछ नहीं उतर सका।

## पंचायती राज दिवस पर जल सहियाओं ने चलाया विशेष अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार से निर्देश पर गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंचायती राज दिवस पर संबंधित जल सहिया ने अभियान चालया। ग्राम व पंचायत स्तर पर ग्राम सभा में प्रखंड समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने जल सहियाओं को जल संचयन, जल की गुणवत्ता, स्वच्छता के प्रति जागरुकता कार्यक्रम को गंभीरता से लेने को कहा। ईंटवा आंगनबाड़ी केन्द्र में जल सहिया रिंकी देवी व प्रमिला देवी ने उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर इस अभियान को तेज करने, पेयजल स्वच्छता समिति के कार्य पर लोगों को जागरुक करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की नींव बाल काल से दिया जाता रहा है। जिसमें आवश्यक रुप से नियमित हाथ धुलाई कराने के प्रति सजगता लाना जरुरी है। इस दौरान जल सहियों ने जन जन ने ये ठाना है, गंदगी दूर भागना है, चाहे कोई भी हो मजबूरी, साफ सफाई है बहुत जरूरी, सौ रोगों की एक दवाई, नियमित हो साफ सफाई, एक नया सबेरा लायेंगे, पूरे पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनायेंगे, बहुत हो चुका अब 'ना' करेंगे, खुले में शौच को बंद करेंगे, स्वच्छता को अपनाना है, गंदगी को दूर भगाना है, मन में रखें एक ही सपना, स्वच्छ बनाना है पंचायत अपना आदि श्लोगन तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बुलंद किया। उन्होंने सर्वप्रथम अपने घरों, मुहल्ले, गांव से इस अभियान को गतिमान किया है। उन्होंने इस अभियान में ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, महिला समूह के सभी सदस्य एवं ग्रामीणों को मिलकर आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने, एकत्रित कचरों का नियमानुसार प्रबंधन (निष्पादन) कराने का आग्रह किया है। जिसमें विशेष रुप से पंचायत सचिवालय की शौचालयों की भी सफाई एवं उपयोगिता सुनिश्चित किया जाना है।



## पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर शोक सभा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के अमन चैन मोहल्ला स्थित व नहर मोड़ समता स्कूल परिसर में कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर शोक सभा का किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा नागरिकों पर की गई गोलीबारी में 28 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर लोग पर्यटक थे। 20 से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर शोकसभा में विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी ,प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी ,सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी , रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार,नंदू प्रजापति, अनूप पांडेय एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।



## निर्धारित संख्या में समिति सदस्यों की अनुपस्थिति पर एसडीएम ने दी स्पष्ट जानकारी

## प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सदस्यों की कमी से हुआ निरस्त

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आवश्यक समिति सदस्यों की अनुपस्थिति के चलते निरस्त कर दिया गया। प्रशासन द्वारा बैठक की पूर्व तैयारी पूरी कर ली गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। बैठक की निगरानी हेतु स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) सुलोचना मीणा मौजूद रहीं। हालांकि, बैठक प्रारंभ होने तक पंचायत समिति के आवश्यक न्यूनतम सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो पाई, जिससे कोरम पूरा नहीं हुआ। नियमों के अनुसार, कोरम अधूरा होने की स्थिति में न तो प्रस्ताव पर चर्चा संभव होती है, न ही मतदान। एसडीएम सुलोचना मीणा ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई तभी हो सकती है जब कम-से-कम निर्धारित संख्या में सदस्य बैठक में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि चूंकि यह शर्त पूरी नहीं हुई, इसलिए प्रस्ताव स्वतः निरस्त हो गया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि भविष्य में पुनः ऐसा कोई प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसकी वैधानिक प्रक्रिया का पूर्ण पालन करते हुए कार्यवाही की जाएगी। इस घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। जहां एक पक्ष इसे प्रशासनिक विफलता बता रहा है, वहीं दूसरे पक्ष का दावा है कि जनादेश का सम्मान करते हुए प्रमुख के पक्ष में सदस्यों ने चुपचाप समर्थन जताया। फिलहाल, यह स्पष्ट हो गया है कि बिना आवश्यक संख्या के समर्थन के कोई भी अविश्वास प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सकता।




## न्यूज बॉक्स

### डीएसई ने गर्मी में सरकारी स्कूलों के बच्चों को जारी की खानपान का मीनू

**हैदरनगर।** पलामू जिले मेंअत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने स्कूली बच्चों के लिए विशेष खानपान दिए जाने का आदेश जारी किया है। सहायक अध्यापक शिक्षक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद अनुमंडलीय संयोजक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिले के सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक को अपने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्रों को गर्मी से बचाव के लिए सुरक्षित स्थान पर घड़ा के साथ ग्लास, निंबू, ग्लूकोज, गुड़ की व्यवस्था करने को कहा गया है। छात्र-छात्राओं को नियमित अंतराल पर पानी के साथ इस पदार्थ का सेवन कराने और मध्याह्न भोजन में खीरा, ककड़ी, टमाटर, प्याज का सलाद को भी शामिल करने को कहा गया है। जिससे लू लगने की संभावना नहीं हो। प्रार्थना सभा में लू से बचने के उपाय संबंधित जानकारी बच्चों को देने के साथ ही उन्हें घर से गमछा या तैलिया लेकर विद्यालय आने को निर्देश दिया है। इसकी सूचना उनके अभिभावक, माता-पिता से संपर्क देने का निर्देश प्रभारियों को दिया है। इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर सभी संकुल साधन सेवी, प्रखंड कार्यकम पदाधिकारी, प्रबंधक, बीईईओ, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को भी पत्र जारी किया गया है।

### लटपौरी को स्वच्छ पंचायत बनाने का लिया संकल्प



**मोहम्मदगंज।** ग्राम जल व स्वच्छता समिति के तत्वावधान में गुरुवार को लटपौरी पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायत को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुखिया उमेश राम ने कहा कि पहली बार 24 अप्रैल 2010 में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व में मनाया गया था। इसके बाद से ही पंचायती राज व्यवस्था को लेकर संविधान के 73 संशोधन अधिनियम के 24 अप्रैल 1992 में लागू किए जाने के उपलक्ष्य में इस दिवस को मनाया जाने लगा है। इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और सहभागी स्थानीय स्वशासन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पंचायत के चहूंमूखी विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। मौके पर प्राथमिकता देकर पंचायत को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। इसमें उपमुखिया शशि देवी, पंचायत सहायक मुन्नालाल विश्वकर्मा, जलसहिया मंजू देवी, उर्मिला देवी, सोना देवी, पूनम देवी, स्वास्थ्य सहिया मंजू देवी व देवंती देवी सहित अन्य कई ग्रामीण शामिल थें। बता दें कि अन्य किसी भी पंचायत से इस दिवस को मनाने की खबर नहीं मिली है। जबकि राज्य सरकार की ओर से 17 अप्रैल को ही इस बाबत निर्गत पत्र में हर स्तर पर आयोजित समारोह के लिए राशि उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है।

### बिना पानी छिड़काव के थर्ड लाइन विस्तारीकरण का चल रहा काम



**मोहम्मदगंज।** थर्ड लाइन विस्तारीकरण का काम अब कमोबेश मोहम्मदगंज-सतबहिनी रेलवे स्टेशनों के बीच बाकी रह गया है। इसकी वजह भीम चूल्हा के तीसरे टनल निर्माण में विलंब बताया जाता है। हालांकि अन्य स्टेशनों के बीच विस्तारीकरण का काम पूरा कर थर्ड लाइन पर परिचालन शुरू हो गया बताया जाता है। लोगों का कहना है काम के दौरान भारी वाहनों के परिवहन से धूल का ऐसा गुबार उड़ता है,जिससे लोगों की सेहत और फसलों को भी नुकसान पहुंचता है। इसके बावजूद शायद ही इससे बचाव के लिए वाहनों के परिवहन से सड़कों पर उड़ रही धूल के गुबार को नष्ट करने के पानी का छिड़काव होते देखा जाता है। ऐसा लगता कंस्ट्रक्शन कंपनी को स्वहित के आगे परहित का ख्याल ही नहीं है। जबकि इसमें पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान रखना है। जिसमें काम के अलावा इसके लिए भी अलग से भुगतान का भी प्रावधान है। फिर भी कंस्ट्रक्शन कंपनी इसे लेकर संवेदनशील नजर नहीं आती है। लोगों ने इस कृत्य को कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी बताते हुए इसके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### पथरा पंचायत की सभी योजनाओं की जांच करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को हुसैनाबाद में डीसी कैंप कार्यालय में पथरा ग्राम पंचायत में मुखिया नरेश पासवान के द्वारा बहुत सारी योजनाओं में अवैध तरीके से पैसा निकासी किए जाने एवं धरातल पर कोई भी कार्य नहीं किए जाने के खिलाफ ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि पथरा पंचायत भवन जिला पर्षद से दोनों तल्ला का कार्य पूर्ण किया गया व पूर्व मुखिया द्वारा कुर्सी, टेबुल, जनरेटर, आदि पूर्ण रूप से व्यस्थित कर पंचायत भवन में रखा गया है। इसके बाद भी वर्तमान मुखिया द्वारा पंचायत भवन के सुंदरीकरण के नाम पर लाखों रुपए का गबन किया गया है, जो जांच का विषय है। प्रत्येक गांव में जनसंख्या के आधार पर राशि खर्च नहीं की गई। अबुआ आवास में अनियमितता बरती गई है। बहुत सारे लाभुक जो पूर्व में प्रधानमंत्री आवास का लाभ ले चुके हैं, उन्हें अवैध राशि की वसूली कर दोबारा अबुआ आवास आवंटित किया गया है। लाभुक में पारा शिक्षक व होमगार्ड की पत्नी भी शामिल है। इसके अलावा आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्तियों को भी पैसा लेकर अबुआ आवास आवंटित किया गया है। हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नोटिस देकर पैसा वापस करने का आदेश दिया गया है। क्रम संख्या को नजर अंदाज करते हुए आवास का आवंटन भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए काफी है। इसके अलावा अन्य कई आरोप भी मुखिया पर लगाए गए हैं। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वाशन दिया कि जांच करा कर दोषी पाए जाने पर संबंधित पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में राजू मिस्त्री, सुदर्शन राम,बृजदेव राम, विश्वनाथ राम सहित कई ग्रामीणों का नाम शामिल हैं।

# योजनाओं की क्रियान्वयन में शिथिलता बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

▶▶ **बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य, अनुपालन नहीं तो वेतन रोकेगा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय में उपायुक्त शशि रंजन ने अनुमंडल क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकारी कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मियों की आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य है। यदि किसी कार्यालय में अनुबंध कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं होती है, तो उस कार्यालय के प्रमुख का वेतन रोका जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों को मजबूत करें और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन करें और योग्य लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने कार्य में लापरवाही और शिथिलता पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंडों में बीपीओ की नियमित उपस्थिति नहीं रहने पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी करने और संबंधित बीपीओ का आधे माह का वेतन काटने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी कर्मी अपनी नियुक्ति या प्रतिनियुक्ति स्थल पर ही निवास करें। अनुपालन नहीं करने पर कर्मी एवं संबंधित पदाधिकारी, दोनों पर कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 15 मई तक गड्ढा खोदने का कार्य पूर्ण करने, आवास योजना तथा मनरेगा में प्रगति लाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सखी मंडल की सक्रिय महिलाओं को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। गर्मी को देखते हुए पेयजल संकट से निपटने हेतु विशेष ध्यान देने, दाखिल-खारिज के मामलों को लंबित न रखने, बालू व खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए सतत निरीक्षण करने का निर्देश भी दिया गया। नजारत उप समाहर्ता को प्रखंड और अंचल कार्यालयों में शौचालय, पेयजल, बिजली, रनिंग वाटर जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपस्थित अधिकारी

बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## आतंकी हमले पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया शोक, की कठोर कार्रवाई की मांग



**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में सैलानियों की हत्या को पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने मानवता के खिलाफ जघन्य अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि यह अमानवीय कृत्य निंदनीय है और सरकार को अब केवल बयान नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति व परिजनों को संबल की प्रार्थना करते हुए कहा कि आतंक के खिलाफ देश एकजुट है। आतंकी कहीं भी छिपे हों, उन्हें पाताल से खोजकर सजा दी जानी चाहिए। कश्मीर की शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध निर्णायक अभियान आवश्यक है।

## पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेरना होगा : हृदयानंद मिश्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड सदस्य हृदयानंद मिश्र ने पहलगाम की बेसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित इस नृशंस हमले का दर्द देशवासियों को लंबे समय तक सालता रहेगा। मिश्र ने कहा कि ऐसी आपदा के समय राजनीतिक मतभेद भुलाकर देश को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि सेना और खुफिया एजेंसियों की तैनाती संवेदनशील इलाकों में मजबूत की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। उन्होंने एक बहन के बयान का हवाला देते हुए सुरक्षा में चूक पर सवाल उठाए और पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में आतंकी राष्ट्र घोषित कराने की मांग की। साथ ही, पर्यटक गाइड आदिल की शहादत को हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बताया।

## पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करें : लक्ष्मी नारायण तिवारी



**मेदिनीनगर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि यह नृशंस कृत्य मानवता को शर्मसार करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कठोर कदमों की सराहना की, जिसमें सिंधु जल संधि रद्द करना, अटारी चेक पोस्ट बंद करना और पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने का निर्देश शामिल है। तिवारी ने भारत सरकार से पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में आतंकवादी देश घोषित करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस समय राजनीति नहीं, देश सर्वोपरि है।

## गढ़वा की जनता के लिए खुशखबरी

# मेराल रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का होगा ठहराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गढ़वा जिला के यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13349/13350) का ठहराव अब मेराल रेलवे स्टेशन पर भी होगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने अधिसूचना जारी कर दी है। यह ठहराव पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों का परिणाम है। विदित हो कि कोविड-19 के दौरान इस ट्रेन का मेराल स्टेशन पर ठहराव बंद कर दिया गया था। इसके पुनः शुरू किए जाने की मांग लंबे समय से गढ़वा जिला की जनता द्वारा की जा रही थी।

सांसद ने इस मुद्दे को लोकसभा में शून्य काल और नियम 377 के अंतर्गत उठाया था। साथ ही, धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक, हाजीपुर के महाप्रबंधक, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से पत्राचार एवं व्यक्तिगत मुलाकातों के माध्यम से लगातार पैरवी की गई।

सांसद राम ने जानकारी दी कि ट्रेन के ठहराव की तिथि जल्द निर्धारित कर मेराल रेलवे स्टेशन पर एक विशेष कार्यक्रम के तहत इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इससे यात्रियों को यात्रा में अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

इस उपलब्धि पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंचल कार्यालय हुसैनाबाद का अपर समाहर्ता ने किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

▶▶ **रिकॉर्ड संधारण, स्वच्छता व राजस्व कार्यों में तेजी लाने पर दिया गया जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बुधवार को हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की सामान्य व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, कर्मचारियों की उपस्थिति और राजस्व संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अपर समाहर्ता ने भूमि संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित दाखिल खारिज और भूमि विवाद मामलों को शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को सरकारी कार्यालयों से समय पर और सही सेवा मिलनी चाहिए। कार्यालय में फैली अव्यवस्था और कुछ फाइलों के असंगठित स्थिति पर नाराजगी जताई गई। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, कैशबुक, म्यूटेशन रजिस्टर एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की गई। उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने और आगंतुकों को बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। कुंदन कुमार ने स्पष्ट कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कई अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त नो एंट्री में भी चल रहे भारी वाहन

● **कोयल पुल पर घंटों जाम, स्कूली बच्चे व आम लोग हो रहे परेशान**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। प्रशासनिक आदेशों और नो एंट्री नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाते हुए ट्रैफिक पुलिस की नाकामी उजागर हो रही है। शहरी क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद गिट्टी, डस्ट और ईंट से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और हाईवा वाहन धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन और विशेषकर स्कूली बच्चे भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। कोयल पुल, जो शहर का एकमात्र प्रमुख संपर्क मार्ग है, वहां रोजाना सुबह और शाम जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूली समय में यह जाम और भी गंभीर हो जाता है। बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते, वहीं ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और आम नागरिक भी घंटों जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नो एंट्री वाले समय में भी भारी वाहनों को शहर में प्रवेश मिल रहा है, जिससे सड़कों पर अफरातफरी की स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक पुलिस की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर ट्रैफिक सुधार को लेकर योजनाएं तो बनाई जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका पालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में दुर्घटनाओं और अव्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय समाजसेवियों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नो एंट्री नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए और ट्रैफिक पुलिस की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही कोयल पुल पर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि जाम से राहत मिल सके और स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय में बदलाव, शनिवार से लागू

**मेदिनीनगर।** राज्य में भीषण गर्मी और तेज लू के प्रभाव को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। यह आदेश शनिवार से लागू होगा और सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) स्कूलों पर समान रूप से लागू होगा। नए निर्देश के अनुसार केजी से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्र सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक स्कूल आएंगे। वहीं, कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए स्कूल सुबह 7 बजे से 12 बजे तक चलेगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस बदलाव से बच्चों को तेज गर्मी से बचाव मिलेगा और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। शिक्षा अधिकारियों ने सभी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे इस नए समय का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें ताकि गर्मी के कारण बच्चों को होने वाली असुविधा कम की जा सके। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को इस नए समयानुसार स्कूल भेजें।

### तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आई मासूम, सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोड़ में बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 7 वर्षीय बच्ची शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच शिवानी घर से पास की दुकान जा रही थी। इसी दौरान मुख्य सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बच्ची को आनन-फानन में एमएमसीएच पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवानी गांव के सरकारी स्कूल में दूसरी कक्षा की छात्रा थी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रशासन से स्थानीय लोगों ने मांग की है कि चालक की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई की जाए, साथ ही सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### स्वतंत्र न्यायपालिका की जवाबदेही पर राष्ट्रपति व मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के निर्देशानुसार गुरुवार को परिषद की पलामू जिला इकाई ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन स्वतंत्र न्यायपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के संदर्भ में महामहिम राष्ट्रपति और भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम भेजा गया है। ज्ञात हो कि विजयवाड़ा में संपन्न राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसके आलोक में पूरे देश में आज संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने का निर्देश दिया गया था। परिषद के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष उमेश्वर प्रसाद सिन्हा ने बताया कि प्रस्ताव के अनुरूप पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है, जिससे उसे राष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश तक प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर महासचिव रंजीव प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव सिकंदर दुबे, सुनील मिश्रा, नागेंद्र पांडेय, संजय मेहता, बाल्मीकि कुमार, प्रदीप तिवारी, राजकमल सिन्हा, राजकुमार सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पलामू की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की एक महिला के साथ बिहार के गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ दुष्कर्म की साजिश उसकी सहेली ने रची थी, जिसके बाद उसे बेसुध हालत में पलामू जिले की सड़क किनारे छोड़ दिया गया। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) पहुंची। वहां चिकित्सकों की सूचना पर पुलिस ने महिला का फर्द बयान दर्ज किया और शहर थाना में जीरो प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता गया जिले के एक मेले में टिकट काटने का काम कर रही थी, जहाँ उसे उसकी महिला मित्र ने काम दिलवाया था। घटना वाले दिन महिला अपने प्रेमी के साथ कमरे में थी, जबकि पास के ही दूसरे कमरे में उसकी सहेली और तीन अन्य पुरुष मौजूद थे। आरोप है कि शराब के नशे में धुत इन तीनों ने पीड़िता के प्रेमी के साथ मारपीट कर उसे कमरे से बाहर कर दिया और फिर पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि होश आने पर खुद को मेदिनीनगर की सड़क पर पाया और किसी तरह एमएमसीएच तक पहुंची। फिलहाल महिला अस्पताल में इलाजरत है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### एमएमसीएच के नए भवन में पानी संकट मरीजों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के एकमात्र सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) के नए भवन में भर्ती मरीज इन दिनों बुनियादी सुविधा–पानी–की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। अस्पताल में मौजूद सभी वाटर कूलर महीनों से खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को चिलचिलाती गर्मी में पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नया भवन, जहां डिलीवरी और गर्भवती महिलाओं के इलाज की व्यवस्था की गई है, उसमें प्रत्येक फ्लोर पर आरओ युक्त वाटर कूलर लगाए गए हैं। लेकिन ये सभी लंबे समय से बंद पड़े हैं। मरीजों को या तो नई इमारत की ऊपरी मंजिल पर जाकर पानी लेना पड़ता है, या फिर पुरानी इमारत में स्थित वाटर प्लांट तक जाना पड़ता है। इन दोनों ही विकल्पों में मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं और उनके साथ आए परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की एक और मिसाल सोलर वॉटर प्लांट है, जो जिला प्रशासन द्वारा नए भवन के सामने स्थापित किया गया था। यह प्लांट पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होता है, लेकिन यह भी कई महीनों से बंद पड़ा है। इससे साफ पानी की उपलब्धता और भी सीमित हो गई है। स्थिति यह है कि मरीजों के परिजनों को पीने के पानी के लिए बोतल खरीदने तक की नौबत आ रही है। अस्पताल प्रशासन और जिला प्रशासन की निष्क्रियता से नाराज मरीजों और परिजनों ने सवाल उठाया है कि जब हर मंजिल पर वाटर कूलर लगे हैं तो उनकी मरम्मत अब तक क्यों नहीं कराई गई? अस्पताल में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता की अनदेखी मरीजों की सेहत और सुविधा के साथ खिलवाड़ के समान है।

## संत मरियम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मृत सैलानियों को दी श्रद्धांजलि

# अपने ही देश में असुरक्षित महसूस करना दुर्भाग्यपूर्ण : अविनाश देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 सैलानियों की निर्मम हत्या से पूरा देश शोक और आक्रोश में डूबा है। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में बुधवार की संध्या संत मरियम आवासीय विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। सभी विद्यार्थियों ने आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि जिस देश को विश्व मंच पर विकासशील से विकसित राष्ट्र की श्रेणी में देखा जा रहा है, वहां आम नागरिकों का अपने ही घर में असुरक्षित महसूस करना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध अब केवल निंदा पर्याप्त नहीं, अपितु ठोस और निर्णायक कार्रवाई समय की मांग है। अविनाश देव ने जोर देकर कहा कि इस प्रकार की घटनाएं देश की एकता, शांति और पर्यटन पर सीधा प्रहार हैं तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस नीति अपनाने का आह्वान किया।

## पहलगाम नरसंहार के विरोध में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी का आक्रोश मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए हमले के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की झारखंड प्रदेश इकाई ने मेदिनीनगर में जोरदार आक्रोश मार्च निकाला। यह रैली संगठन के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यकताओं ने 'पाकिस्तान मुदार्बाद', 'भारत सरकार बदला लो', और 'हिंदू पर हमला बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए चंद्रशेखर आजाद चौक तक मार्च किया। इस दौरान पाकिस्तान का पुतला फूंका गया और घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मौके पर प्रदेश संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान का नापाक मंसूबा अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि हिंदुओं की सहनशीलता की परीक्षा बार-बार ली जा रही है, अब समय आ गया है कि देश कड़ा जवाब दे। वाहिनी ने सरकार से मांग की है कि–पहलगाम के दोषियों को कठोर सजा दी जाए, पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाए, देश में हिंदुओं पर हो रहे हमले रोके जाएं और अखंड भारत के निर्माण की दिशा में कदम उठाए जाएं। रैली में संगठन के कई पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे। सभी ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से जनाक्रोश व्यक्त किया।

# आतंक का कोई धर्म नहीं होता, यह मानवता के विरुद्ध अपराध है : अजय कुमार पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक शोकसभा आयोजित की गई। हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा, 'आतंक का कोई धर्म नहीं होता, यह सीधे-सीधे मानवता के विरुद्ध अपराध है। निर्दोष लोगों की जान लेना न सिर्फ एक कायरतापूर्ण कृत्य है, बल्कि पूरे देश की आत्मा को झकझोर देने वाला कृत्य भी है। हमें एकजुट होकर ऐसे आतंकवादी मानसिकता का विरोध करना होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था के माध्यम से दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

शोकसभा की अध्यक्षता अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने की। उपाध्यक्ष बिनोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) संतोष तिवारी, सह कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, तथा सदस्यगण झ शंकर त्रिपाठी, ललित कुमार शुक्ला, गोपाल मिश्रा, बिरेंद्र तिवारी, देवेंद्र पांडेय, प्रभु दयाल गुप्ता, उमेश कुमार और धीरज कुमार दुबे ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। सभी ने मिलकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और ईश्वर से उनके लिए शांति और संबल की प्रार्थना की।

# डीटीओ ने निभाई इंसानियत : सड़क दुर्घटना में घायल महिला को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जब संवेदनशीलता और कर्तव्यपरायणता एक साथ मिल जाएं, तो समाज में एक नई उम्मीद की किरण जगती है। गुरुवार को पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने यही करके दिखाया। छत्तरपुर थाना क्षेत्र के टेलाडी मोड़ पर एक सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मदद कर उन्होंने न केवल अपने प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन किया, बल्कि मानवीयता की अद्भुत मिसाल भी पेश की।

हादसे में घायल महिला अपने पति और बच्चे के साथ बाइक से किशुनपुर (पाटन) से हरिहरगंज जा रही थी। अचानक बाइक असंतुलित होकर गिर पड़ी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसी समय मौके से गुजर रहे डीटीओ यादव, जो हुसैनाबाद में उपायुक्त के कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, ने यह दृश्य देखा और बिना एक पल गंवाए, अपनी सरकारी गाड़ी रुकवाई।

उन्होंने अपने कार्यालय कर्मियों के सहयोग से घायल महिला को उठाया और तत्क्षण छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति स्थिर बताई गई। इस कार्य से उन्होंने यह संदेश दिया कि पद चाहे कोई भी हो, इंसानियत सबसे ऊपर है।

यादव ने आमजन से भी अपील की कि सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की मदद में कभी देरी न करें। उन्होंने बताया कि ऐसे मददगार नागरिकों को 'गुड सेमेरिटन योजना' के तहत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाता है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया

**केतार।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गुरुवार को पंचायत सचिवालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी बिहार से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत पंचायती राज संस्थाएं हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रशासन में विकास और जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। पंचायती राज की मूल अवधारणा भी यही है कि गांव-गांव, नगर-नगर शासन की जिम्मेदारी जनता के हाथों में हो और वे अपनी स्थानीय जरूरतों के अनुसार अपने गांव, नगर का विकास कर सकें। उन्होंने पंचायत स्तर पर पंचायत की सभी सुविधाएं के साथ डिजीटल क्रांति की है। जिससे गाँव के लोगो को ई ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से पंचायत के विकास कार्यो को पारदर्शिता के साथ देख सकते है।इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार,श्याम सुंदर बैठा,नीलम देवी,ललिता कुमारी,पंचायत सचिव आयुषी चौबे, रोजगार सेवक धीरेन्द्र विश्वकर्मा, कुंदन प्रसाद, रामाश्रय प्रसाद, अभिमन्यु कुमार उपस्थित थे।

### हज यात्रियों को लगाया टीका

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला से हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को गुरुवार को पोलियो ड्रॉप, इनफ्लुएंजा तथा मेनिनजाइटिस का टीका लगाया गया। इस अवसर पर जिला हज कमेटी के डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी ने कहा कि आज गुरुवार को मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के हॉल में हज यात्रियों को पोलियो ड्राप, इन्फ्लूएंजा तथा मेनिनजाइटिस का टीका लगाया गया। यह व्यवस्था झारखंड सरकार हज समिति के द्वारा की गई है। यह टीका हज यात्रियों को लेना जरूरी है। नहीं तो हज यात्रा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गढ़वा जिला से 19 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। जो लोग हजयात्रा पर जा रहे हैं। उसमें वसीमा, परवेज, तबस्सुम, अजमेरउल्लाह, शहनाज, मोहम्मद सैनुल्लाह, उस्मान, शकील, अफसाना, मोहम्मद मंजूर, रजिया, मोइनुद्दीन, इशरत, मोहम्मद सगीर, अकबर अली, बाजुल हक, लतीफ व कासिम अंसारी के नाम शामिल है। इस अवसर पर हज यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी के नेतृत्व में सदर अस्पताल के एएनएम विंदा कुमारी, शारदा दास, एमपी डब्ल्यू डॉ. फिरोज खान आदि के द्वारा टीका लगाया गया।

### माता-पिता की याद में पनशाला किया शुरू

**श्री बंशीधर नगर।** शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी राम प्रसाद व हृदयानंद कमलापुरी के द्वारा गुरुवार को पिता स्व. रामदेनी साह, माता स्व. यमुना देवी की पुण्य स्मृति में चेचरिया में पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला का शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र नारायण सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला का औपचारिक शुभारंभ किया। मौके पर राजा पहाड़ी शिव मंदिर के मुख्य पुजारी रामचंद्र पाठक, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के नगर इकाई के संरक्षक रवि प्रकाश,राम प्रसाद, डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, अध्यक्ष शंभू सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, सर्वेश्वरी आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव,युवा समाजसेवी महमूद आलम, डॉ ओमप्रकाश, पूर्व वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू, मंदीप प्रसाद,रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, मिंटू कुमार, मिक्की,संतोष कुमार, विद्याभास्कर उर्फ छोटू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने का निर्देश

# उपायुक्त ने प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मियों के वेतन पर अगले आदेश तक लगाया रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सोशल मीडिया पर 23 अप्रैल को एक वायरल वीडियो में अपराह्न 12 बजे के बाद प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर में कोई भी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित नहीं होने के मामले में उपायुक्त ने कड़ा एक्शन लिया है। वायरल वीडियो मामले में सभी पदाधिकारी व कर्मियों के कक्ष के दरवाजे भी बंद थे। प्रथम दृष्टया वायरल विडियो के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी का कक्ष बंद था। कोई भी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं दिख रहे थे। हालांकि वीडियो में



समय स्पष्ट नहीं हो रहा था फिर भी सरकारी सेवक के कर्तव्य व आचरण के प्रतिकूल मानते हुए उपायुक्त ने बीडीओ को निर्देश दिया कि प्रखंड कार्यालय के अनुपस्थित सभी पदाधिकारी व कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछे। साथ ही इस संबंध में 24 घंटे के अन्दर अपना भी स्पष्टीकरण उ]पलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे कि क्यों नहीं इस प्रकार की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए। उपायुक्त ने उक्त कृत्य के लिए प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी,कर्मियों के वेतन,मानदेय भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगाने के निर्देश कोषागार पदाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने प्रखंड कर्मियों को निर्देश दिया की वह सभी कार्यालय में ससमय आये तथा अपने कार्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति अवश्य अंकित करें। प्रखंड कार्यालय में आने वाले शिकायतकर्ता की समस्याओं को अवश्य सुने तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निष्पादन करें। उपायुक्त ने गढ़वा जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी खराब चापानल की मरम्मती करने तथा प्रखंड कार्यालय पंचायत कार्यालय सहित अन्य सभी सरकारी कार्यालय में प्याऊ की व्यवस्था करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिए, साथ ही खराब पड़े चापानल, जलमीनार को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बताते चले की आज कई चापानलो को ठीक कर उसे पेयजल के लिए चालू कर दिया गया है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल, रेफर



**कांडी।** थाना क्षेत्र के गड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत दुर्गा चौक बरवाडीह के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार की है। घायल दोनों युवकों की पहचान नारायणपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अजीत कुमार व 20 वर्षीय पवन चंद्रवंशी के रूप में की गयी है। दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल मझिआंव में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर गढ़वा रेफर कर दिया। एक बच्चा को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। दोनों युवकों को चेहरा व अंदरूनी चोट लगी है।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर बाल सभा व ग्राम सभा का आयोजन

**खरौंधी।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस केअवसर पर प्रखंड के खरौंधी, मझिगांवा, राजी, सुंडी, करिवाडीह, चन्दनी, सिसरी, अरंगी, कूपा में ग्राम पंचायत सचिवालयों में बाल सभा व विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड के सभी विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर की गई, जिसमें ग्रामीणों को पंचायत व्यवस्था व स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। विशेष ग्राम सभाओं में पंचायती राज व्यवस्था में जन सहभागिता, जन जागरूकता, पंचायत की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छ और सुजल गांव बनाने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर मझिगावा पंचायत सचिवालय में मुखिया बिंदा देवी ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस हमें ग्राम स्वराज और लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। पंचायतें अब सिर्फ योजनाओं के क्रियान्वयन का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा तय करने का सशक्त मंच बन चुकी हैं। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी से पंचायतें और भी सशक्त होंगी।₹राजी पंचायत में मुखिया रिंकू देवी, चन्दनी में रामगहन मेहता, सुंडी में मुखिया शिला देवी, खरौंधी पंचायत में मुखिया मंजू देवी,अरंगी में फूलकुमारी देवी एवं कूपा में प्रमोद राम ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल सभा के माध्यम से बच्चों को पंचायती व्यवस्था से परिचित कराया गया। बच्चों ने नाटक, कविता व भाषण के माध्यम से ग्राम विकास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत 24 अप्रैल 1993 को पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला। जिसके उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया जाता है। यह दिवस स्थानीय शासन को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

### टीचर नीड्स एनालिसिस ऑनलाइन परीक्षा का उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत टीचर नीड्स एनालिसिस के तहत ऑनलाइन परीक्षा का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन,बीआरपी श्रीकांत चौबे,शिक्षक द्वरिका नाथ पांडेय, सीआरपी सजंय कुमार सिंह ,अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव व शक्ति दास सिंहा ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। टेस्ट के पूर्व सभी शिक्षकों से सेंटा एप डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया था। यह टेस्ट 24 से 29 अप्रैल तक चलेगा। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का बैचवार टेस्ट लिया जायेगा। टीचर नीड्स असससेमेंट के तहत हो रहे टेस्ट निरीक्षण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने शिक्षकों से कहा कि विभागीय स्तर पर समय-समय पर इस तरह का टेस्ट लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को परीक्षा में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने परीक्षा में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने का निर्देश शिक्षकअविनाश कुमार,शशि कांत प्रसाद यादव,बीआरसी कंप्यूटर ऑपरेटर, बीआरपी, सीआरपी को दिया।मौके पर रिसोर्स शिक्षक शशि कांत पाल,कंप्यूटर ऑपरेटर राज कुमार,अरुण कुमार,अरविंद कुमार देव, बिनोद ठाकुर,अलीम आंसारी,विनोद महतो,सुजीत कुमार यादव सहित प्रशिक्षण स्थल पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों को दिया।

## पंचायती राज दिवस पर बाल सभा व विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रखंड के ग्राम पंचायत रमना, सिलीदाग, मड़वनिया और अन्य ग्राम पंचायत सचिवालायो में बाल सभा व विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। विशेष ग्राम सभा में पंचायती राज के कामकाज में जनसहभागिता,जनप्रोत्साहन, जनजागरूकता, ग्राम पंचायत की उपलब्धियों से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दिवस पर स्वच्छ सुजल गांव बनाने की शपथ ली गई। मड़वनिया पंचायत सचिवालय मुखिया स्वीटी वर्मा, रमना में दुलारी देवी, सिलीदाग में अनीता देवी ने विधिवत इस दिवस का प्रारम्भ की । पंचायती दिवस भारतीय संविधान का 24अप्रैल 1992 में 73 वां संशोधन अधिनियम में पारित हुआ और 1993 से लागू हुआ और पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला था। इस उपलक्ष्य में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के रूप में मनाया जाता है। सभी पंचायतों में बाल सभा हुई, जिसमे मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा द्वारा बाल सभा में उपस्थित विधार्थियो के लिए विभिन्न प्रकार के इंडोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इसमें विजेता को पुरस्कृत किया गया।

### मुखिया ने किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर गांव निवासी स्व. परमेश्वर बियार कि पत्नी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में मुखिया मूंगा साह शामिल होकर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया। मौके पर संतोष प्रसाद, उपेन्द्र चौबे, रमेश बियार, ओमनारायण गुप्ता, सेंडल बियार, उदय चौबे,दिनेश बियार, चरखु बियार, रघुवीर चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर जिले में समारोह का आयोजन

## स्वच्छ सुजल गांव बनाने की दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायती राज विभाग झारखंड से आये प्रतिनिधि द्वारा कार्यशाला के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी के बीच पंचायती राज संस्थाओं के कामकाज में सामुदायिक सहभागिता प्रोत्साहन, जनजागरूकता, पंचायती राज संस्थाओं की उपलब्धियों एवं गतिविधियों को प्रदर्शित कर चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत को प्रदत्त शक्तियों पर किये जाने वाले कार्रवाईयों की चर्चा करते हुए स्वच्छ सुजल गांव बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त की स्थिति में स्थाईत्व प्रदान करने, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कार्य करने, पंचायत को सिंगल उसे प्लास्टिक से मुक्त करने समेत अन्य उपयोगी कार्यों के प्रति लोगों को शपथ दिलाई गई। बता दें कि



संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम के लागू होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपायुक्त राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और सहभागी स्थानीय स्वशासन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त किया। पंचायती राज संस्थाओं की क्षमता, प्रगति व संभावनाओं पर विचार विमर्श करते हुए इसकी महत्ता, भूमिका, चुनौतियों व सर्वोत्तम प्रयास के विषय पर चर्चा की। राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय व जिले के सभी प्रखंडों, पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पंचायती राज दिवस के अवसर पर पिरामल फाउंडेशन और पंचायती राज गढ़वा के सहयोग से जिले के सभी पंचायत में बाल सभा व ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभी पंचायतों के स्कूलों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई। जिला स्तर पर आयोजित कार्यशाला में उपविकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार समेत जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।

## मोटरसाइकिल चालको को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश के निर्देश पर गढ़वा जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन नहीं करने वाले 45-50 मोटरसाइकिल ड्राइवरों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा की टीम द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान आये लोगो को बताया गया कि यातायात नियमो व वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट-बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा कैसे की जा सकती है। इसके साथ हिट एंड रन एवम गुड समेरिटन के बारे मे बताया गया। गुड सेमेरिटन के बारे में अवगत कराया गया कि मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में





गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन ऑवर अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए 2,000 रुपए मात्र नकद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार की गई कि किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बताया कि दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है। उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु एवं प्रशस्ति पत्र दी जा सके। साथ ही सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से लोगों को इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान की जा सके और लोग एक दूसरे को इसके प्रति जागरूक कर सके व इसके साथ साथ हिट एंड रन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2 लाख व गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार की राशि देने का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक नीरज पाण्डेय, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट विनय रंजन तिवारी आदि शामिल थें।

## बाजार समिति का जर्जर शेड होने से धूप में सब्जी बेचने को विवश किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय स्थित बाजार समिति में किसानों और व्यापारियों द्वारा उगाए हुए सब्जी व अन्य सामग्री को अच्छे मूल्य पर तथा सुरक्षित बिक्री करने के लिए शेड का निर्माण किया गया है, परंतु निर्माण किया हुआ शेड जर्जर व ध्वस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है। साप्ताहिक हॉट के दिन किसानों व व्यापारियों को खुले आसमान के नीचे अपनी सब्जी व सामग्री बेचने के लिए विवश हैं। बाजार समिति धुरकी में साप्ताहिक शुक्रवार को बड़ा बाजार लगता है। यह बाजार समिति में वर्ष 1990 में किसानों व व्यापारियों के सहूलियत के साथ सब्जी, फसल व अन्य सामग्री बिक्री करने के लिए पांच शेड का निर्माण कराया गया था। जिसमें किसान अपने फसल व उगाए हुए सब्जी तथा अन्य सामग्री को स्थाई रूप से रखकर उसका बिक्री आसानी से कर सके। लेकिन यह शेड निर्माण किए हुए 34 वर्ष हो गया। लेकिन उक्त शेड का ना तो कभी रंग रोगन हुआ और ना ही मरम्मत हुआ। जिसके कारण शेड पूरी तरह से अब धराशायी होने के कगार पर पहुंच गया है। शेड में लगे अल्बेस्टर भी हवा में उड़ गया। पक्का का बन फर्श भी टूट चुका है। शेड में गांव के ही आवारा पशुओं का बसेरा बना गया है। शेड में कचरा से गंदगी लगा है। स्थानीय किसानों ने बताया की धुरकी बाजार समिति में वे लोग अपना अपना सब्जी व अन्य सामग्री खुले आसमान में रखकर बिक्री करते हैं। इन लोगों ने यह भी बताया की एक ओर सरकार हमलोगों के लिए तरह-तरह की सुविधा व संसाधन दे रही है। मगर इस जर्जर बाजार समिति के शेड पर स्थानीय अधिकारियों व प्रतिनिधियों का किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं है।

### पूर्व मंत्री ने किया अस्पताल का उद्घाटन

**भवनाथपुर।** टाउनशिप रोड में आरके साहू मेमोरियल अस्पताल का शुभारंभ किया गया। अस्पताल का उद्घघाटन पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से अस्पताल खोली गई है। इसके लिए स्व.आरके साहू अस्पताल के संचालक अनूप गुप्ता और उनके पूरे परिवार बधाई के पात्र है। कहा कि इस अस्पताल में कुशल और अनुभवी चिकित्सक होने से मरीजों को ईलाज के लिए गढ़वा, मेदिनीनगर या अन्य जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा। यहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

### भानु प्रताप शाही ने पहलगाम में हुई हत्या पर शोक व्यक्त किया

**भवनाथपुर।** पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने  में बुधवार को पहलगाम में हुई २६ हिंदू परिवारों की जघन्य हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत एक मिनट के मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यवसायियों, आम नागरिकों उपस्थित थे। मौके पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाली भी है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि दोषियों को शीघ्र चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कहा कि यह आतंकवादी हमला नहीं है, इस्लामिक आतंकवादी घटना है। जिस तरह से धर्म पूछ कर हिंदू को कलमा पढ़ने के लिए बोला गया, जो हिंदू भाई कलमा नहीं पढ़े उन्हें आतंकवादियों ने उन निर्दोषों को मार दिया। यह घटना जिहाद इस्लामिक आतंकवादी घटना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलवामा घटना के बाद जिस तरह से पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारा था। पूरा विश्वास है कि हमारी सरकार निर्दोष हिंदुओं की मौत का बदला जरूर लेगी। मौके प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, भगत दयानंद यादव, सुरेंद्र गुप्ता, अनूप गुप्ता, पूर्व जिला परिषद सदस्य पूजा गुप्ता,आलोक शर्मा, लल्लू ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पहलगाम आंतकी हमला के विरोध में कैंडल मार्च

# आतंकी घटना मानवता के नाम पर कलंक : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के खिलाफ पूरे प्रखंड में आक्रोश का माहौल है। आम जनमानस इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार की शाम श्रीराम सेना के तत्वावधान में खरौंधी बाजार परिसर में एक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च चंदनी मोड़ से प्रारंभ होकर बाजार होते हुए नावाडीह मोड़ तक पहुंचा और पुनः कोन मोड़ होते हुए खरौंधी बाजार में समाप्त हुआ। वहां उपस्थित लोगों ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक मिनट का मौन रखा और ईश्वर से



उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मार्च के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्रीराम, आतंकियों को फांसी दो जैसे नारे गूंजते रहे। इस कार्यक्रम में श्रीराम सेना के अध्यक्ष पुरूषोत्तम कुमार, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रामानंद मेहता, भाजपा नेता उपेंद्र दास, राजेश कुमार रजक और आजसू पार्टी के नेता गोरखनाथ चौधरी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इन नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि यह आतंकी हमला मानवता पर कलंक है और सभ्य समाज में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए। पूरा देश इस घटना से मर्माहत है और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जो निदोर्षों की जान लेते हैं, वे इंसान नहीं हो सकते।नेताओं ने आरोप लगाया कि यह हमला पाकिस्तान की सोची-समझी साजिश है, जो धर्म विशेष के लोगों को निशाना बनाने की कोशिश है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मांग की कि इस हमले में शामिल आतंकियों और उनके सहयोगियों पर कड़ी कार्रवाई हो ताकि देश में अमन-शांति बनी रहे। इस मौके पर श्रीराम सेवा के क्रांति कुमार, संदीप कुमार जायसवाल, अमित जायसवाल, संध्याकर विश्वकर्मा, नागवंत बैठा, धर्मेंद्र पासवान, कृष्ण यादव, रोशन कुमार दुबे, गणपत गुप्ता, पंकज कुमार, राजेश गुप्ता, प्रदीप कुमार, अर्जुन प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।


## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**Factory Formulated Extruded Mash Feed**

**आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में Factory Formulated Extruded Mash Feed के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं विभाग की अन्य योजनाओं हेतु Factory Formulated Extruded Mash Feed एवं मत्स्य पालकों को 1.5 mm से लेकर 4mm size का Factory Formulated Floating Fish Feed उपलब्ध कराने हेतु उसके क्रय करने के लिए निविदा शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा **दिनांक 05.05.2025 के अपराह्न 1:00 बजे** तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 06.05.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 350940 Fish(25-26)#D



## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Medininagar Municipal Corporation

**e-Procurement Very Short Tender Notice (3rd Call)**

**Part – A**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDHD/MMC/06/2025-26 | Supply, Installation and Commissioning of VERTICAL TURBINE(VT) PUMP set with Motor and starter for shahpur intake well , Under Medininagar Municipal | 18,80,289/- | 37,700/- | 5,000/- | 8 माह |
| 2 | UDHD/MMC/07/2025-26 | Installation of Jalminar & Soak pit with Submersible pump set in exsisting borewell Under Medininagar Municipal Corporation. | 10,67,972/- | 21,400/- | 5,000/- | 3 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 24/04/2025 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 24/04/2025 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 24/04/2025 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 02/05/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 03 /05/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350930 District(25-26).D

# पंचायती राज दिवस पर सामुहिक सफाई अभियान चलाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में जिले के वन विभाग, कृषि कार्यालय, पीएचईडी ओवरटैंक कैंपस, बीसीडी ऑफिस परिसर, बीडीओ कार्यालय लातेहार के परिसर व आसपास के क्षेत्र में सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। लातेहार बीडीओ कार्यालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर सामूहिक सफाई अभियान का शुभारंभ किया। जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। उपायुक्त ने सभी से अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रचलन बंद करते हुए डस्टबीन का उपयोग करें। इस अभियान में विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह की दीदियां और स्थानीय नागरिक ने श्रमदान किया। राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर आयोजित सफाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देना और पंचायती राज व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी,स्वयं सहायता समूह की दीदिया और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# मंत्री हफीजुल हसन के बयान के विरुद्ध भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

**● राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन के बयान के खिलाफ गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई द्वारा जिला मुख्यालय के बाजारटांड से आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सरिया को कानून मानने वाले और देश के संविधान को दोयम दर्जा देने वाल मंत्री को राज्यपाल अविलंब बर्खास्त करे। उन्होंने कहा कि उनका बयान देश को, समाज को तोड़ने वाला है। संविधान को अपमान करने वाला है।




जिसे हम कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर उन्होंने कहा कि एक एक आतंकियों को चुनकर हमारी सरकार उन्हें मारेगी। मौके पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पांडेय, राजधानी प्रसाद यादव, रामदेव सिंह, राजीव रंजन पांडेय, अमलेश सिंह, रघुवीर यादव, छोटू राजा, आनंदी सिंह, विष्णु गुप्ता के अलावा महिला नेत्री समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम बाद राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

# पंचायती राज दिवस पर बीडीओ ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार समेत प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायती राज दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पेयजल एवं स्वास्थ्य विभाग,जल शक्ति मंत्रालय के पत्रांक के आलोक में आहूत थी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था एवं विकास में उनकी भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में आम लोगों के लिए तेजी से विकास के कार्य किए जा रहे हैं। लोगों की समस्या का समाधान पंचायत स्तर पर ही किया जाए यही पंचायती राज व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का टीवी पर पंचायती राज दिवस के अवसर पर लाइव टेलीकास्ट को भी सभी ने देखा। बीडीओ ने मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड कर्मियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि सभी के जीवन में स्वच्छता का अहम स्थान होना चाहिए। इसकी शुरूआत अपने घर,कार्यालय से करनी होगी तब जाकर यह अभियान सफल होगा। स्वस्थ परिवार से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम के मौके पर पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय,पीएम आवास प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार,पीएचईडी कनीय अभियंता सुनील कुमार के अलावा रोहित मेहता,अमित गुप्ता,अभिषेक कुमार,पंसस अयूब खान,बल्कू मुंडा, जेएसएलपीएस कर्मी,जल सहिया समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। इधर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रखंड के अलौदिया,चंदवा पूर्वी समेत विभिन्न पंचायत सचिवालय भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय में भी मुखिया रंजीत उरांव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वंही अलौदीया पंचायत में आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित उपप्रमुख अश्विनी मिश्र,मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने उपस्थित लोगों को पंचायती राज व्यवस्था की जानकारी दी। बताया कि भीषण गर्मी के बीच अधिकांश जलमीनारों के खराब होने के कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है। हरैया आगनबाड़ी केंद्र के पहुंच पथ (मिश्र बांध के नाला बहाव पथ) का अतिक्रमण कर लिया गया है। खराब पड़े जलमीनारो को दुरूस्त करने,हरैया आंगनबाड़ी केंद्र को रास्ता उपलब्ध कराने के लिए विभागीय पहल करने, उमवि अलौदिया की भूमि का सीमांकन व चारदीवारी निर्माण प्रावि सरलाही में आरसीसी नाली एवं चारदीवारी निर्माण,पंचायत सहायक के लिए टेबल कुर्सी गोदरेज व प्रिंटर की व्यवस्था समेत अन्य समस्याओं के समाधान की रणनीति बनाई गई। मौके पर संदीप टोप्पो, मनु उरांव, सूर्यदेव प्रसाद, अजय भगत, विद्या रानी, आरती देवी, सुनीता देवी, अमित कुमार, रमेश कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# एसएलआरएम निर्मित तृतीय पृथक्करण केंद्र का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम के तहत निर्मित तृतीयक पृथक्करण केंद्र का विधिवत रूप से शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में निर्मित तृतीयक पृथक्करण केंद्र को आज पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जा रहा। यहां पर एकत्र कचरे का वैज्ञानिक ढंग से अंतिम पृथक्करण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के प्रत्येक प्रखंड में ऐसे पृथक्करण केंद्रों की स्थापना की



योजना है, जिससे संपूर्ण लातेहार में कचरे का समुचित और सुनियोजित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा। लातेहार झारखंड का पहला जिला है, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना निदेशक सलाहकार सी श्रीनिवासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति इनकी दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरुपयोग के मामले में क्रांतिकारी साबित हुआ है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# को-ऑर्डिनेटर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को मुखिया नरेश लोहरा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी जिला से आए को-ऑर्डिनेटर मनीष कुमार ने योजना का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मनीष कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत कई प्रकार के छोटे-मोटे शिल्पकार जैसे गुड़िया, खिलौने, घरेलू उपयोग के लिए सामान का निर्माण के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद सर्टिफिकेट दी जाएगी। जिससे ग्रामीण उपरोक्त योजना की लाभ ले सकते हैं। मौके पर मुखिया व सरपंच ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी योजना है। इससे लोगों को स्वरोजगार मिल पाएगा और लोग समृद्ध होंगे। मौके पर सरपंच ममता देवी, ब्रह्मदेव राम, तुलसीराम, अंकित कुमार, बाबूलाल राम, रिंकी देवी, सरस्वती देवी, मो जावेद, ज्योति देवी ,सरिता देवी, सनी कुमार लोहार, सतीश कुमार साहू ,मो.शमशाद ,यशोदा देवी, चंपा देवी, राजूराम संतोष राम मो.सोनू खान सहित कई लोग शामिल थे।

## गर्मी से राहत के लिए अर्पिता महिला मंडल ने प्याऊ खोला

**बालूमाथ।** अर्पिता महिला मंडल के अंतर्गत मगध संघमित्रा महिला समिति द्वारा गर्मी से राहत के लिए ब्लॉक में गोलिटांड़ सेरे गड़ा मोड़ (12 न. चेक पोस्ट) के पास प्याऊ की व्यवस्था की गई है। प्याऊ का उद्घाटन मगध संघमित्रा महिला समिति की अध्यक्षा विभा नाथ ने किया। मौके पर मगध संघमित्रा महिला समिति की अन्य सदस्य ममता, पम्मी, राकेश कुमार, रीना मुकुंद राय, दीप्ति चट्टराज, निशा सिन्हा, संगीता कुमार उपस्थित थे। प्याऊ में पीने के पानी के अलावा चना, गुड़ की भी व्यवस्था की गई है। इससे रास्ते में आने जाने वाले राहगीर व ग्रामीणों को गर्मी से राहत मिल रही है। प्याऊ पूरे गर्मी भर संचालित किया जाएगा। प्याऊ सुबह 9 बजे से शाम के 6 बजे तक चालू रहता है।

## डोभा में डूबने से युवक की मौत

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसी के युवक सत्येंद्र नागेशिया पिता महावीर किसान की मौत डोभा में डूबने से हो गई। युवक बुधवार दोपहर बाद सिरसी गांव स्थित स्कूल के पास बने डोभा में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान गहरे पानी में चला गया। वहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नेतरहाट थाना के पुअनि कामता कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को डोभा से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। 26 वर्षीय युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## 26 को नगर प्रतापपुर में कव्वाली मुकाबला का आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित नगर प्रतापपुर के हजरत अंजान शाह दाता के मजार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 अप्रैल की शाम शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया है। कव्वाली मुकाबला में समीर हयात निजामी और बेबी जारा वारसी दोनों दिल्ली मौजूद रहेगें। समरोह में मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि एसडीओ, डीएसपी महुआडांड़ को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संरक्षक इस्तेखार अहमद, मनोज जायसवाल, अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम, सचिव महजर खान, शंभु प्रसाद, आजाद अहमद समेत कई अन्य सदस्य कार्यक्रम की अंतिम तैयारी में लगे हुए है। 26 अप्रैल को चादर पोशी के साथ कुरान खानी और लंगर खानी का आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत सचिवालय में मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत क्षेत्र के काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। मुखिया सुरेश उरांव ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था शुरू की गई है। प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह व्यवस्था ग्रामीण विकास और जन भागीदारी को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ मे उपस्थित लोगों को स्वच्छ से संबंधित जानकारियां दी गई। नागरिक साहयता केंद्र के सदस्य रामशंकर रविदास व रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें स्वच्छता, पेयजल, वृद्धा पेंशन, आवास योजना शामिल थी। साथ ही आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और राशन कार्ड से जुड़ी जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि योजनाओं से वंचित लोग किसी भी समय अंचल कार्यालय में नागरिक साहयता केंद्र व पंचायत सचिव से मिल सकते है। मौके पर मोबलाइजर सह पंचायत सहायक कुलेश्वर यादव, पंचायत सहायक लकुश यादव,संतोष राम, मो.सरफराज, दिलीप साव, प्रेम साव, महेन्द्र उरांव, शंकर गंझु, मुकेश साव, रंजीत यादव, वार्ड सदस्य रमेश उरांव, जागेश्वर गंझू, विएलइ खदीजा खातून, मो.मकसूद, मुकेश गंझु सहित काफी संख्या ने ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध बालू भंडारण पर कार्रवाई की मांग

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र गाडिलौंग के हरदियाबांध में बड़े पैमाने पर अवैध बालू का भंडारण पर ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। अवैध बालू भंडारण की जवाबदेही लेने के लिये फिलहाल कोई सामने नहीं आया है। सोशल मीडिया में खबर वायरल होने के बाद ग्रामीण जिला प्रशासन से समुचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### आम्रपाली परियोजना में कोयला श्रमिक संघ ने की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली परियोजना के कान्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता किशोर महतो ने की। यह जानकारी मुख्य संयोजक विजय बेदिया ने दी। बताया कि उन्होंने श्रमिकों के लिए आवास आवंटित करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सीसीएल प्रबंधन से निर्मित दो ब्लॉक अविलंब आवंटित की मांग की है। साथ ही कांटा घरों की मरम्मत व उसके आसपास समुचित व नियमित तौर पर पानी का छिड़काव करने पर जोर दिया गया है। संगठन के विस्तार को लेकर काफी विचार-विमर्श भी किया गया। मौके पर संयोजक मंडली के लखन महतो, संतोष पासवान, पीयूष सिंह, चेतलाल महतो, मनोज महतो, रघुनाथ साहु, रतन महतो, विजय , रोहित समेत अन्य मौजूद थे।

### मुखिया ने छह स्थानों पर खोला पनशाला

**कुंदा(चतरा)।** चिलचिलाती गर्मी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। इसे देखते हुए कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने निजी खर्च से अपने पंचायत क्षेत्र के छह अलग अलग स्थानों पर शीतल पनशाला खोला है, ताकि आस पास के अलावा राहगीरों व स्कूली बच्चों को पानी पीने में सहूलियत मिल सके। मुखिया ने कुंदा बस स्टैंड, आंबडेकर चौक, अस्पताल सह बैंक चौक,बेल चौक व नीचे टोला चौक पर पनशाला लगाया है। यह कार्य मुखिया ने निजी खर्च से पिछले पांच वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। उदघाटन के मौके पर मुखिया ने स्वंय राहगीरों को पानी पिलाकर शुभारंभ किया।

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर दिखाया गया लाइव प्रसारण

**कुंदा (चतरा)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कुंदा प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक भाषण को सुना और पंचायती राज के सशक्तिकरण की भावना को महसूस किया। लाइव प्रसारण नवादा, सिकिदगा, कुंदा, मरगड़ा और बौधाडीह पंचायत भवनों में दिखाया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, कुंदा मुखिया मनोज साहू,मुखिया अनिता देवी, उपेंद्र पासवान समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पहलगाम घटना देश की अस्मिता पर हमला : अयुब खान

**चंदवा।** कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए जघन्य और कायराना हमले की माकपा जिला कमेटी ने निंदा की है। साथ ही शोक संतप्त लोगों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस घटना में शामिल आतंकवादियों को तत्काल दंडित किया जाए। पर्यटकों पर किया गया हमला देश की अस्मिता पर हमला है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवादी हमले में अनंतनाग के एक स्थानीय सहित 26 लोगों की जान चली गई। यह हमला मानवता पर प्रहार है। मांग करने वालों में जिला सचिव रसीद मियां, सुरेंद्र सिंह,बैजनाथ ठाकुर, पचू गंझू,शोभन उरांव, हनुक लकड़ा,अरुन उरांव,ललन राम,मनु उरांव,साजीद खान, कमल गंझु,सनिका मुंडा,जिदन टोपनो समेत कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल हैं।

### पुलिस ने चोरी का हाइवा किया बरामद , आरोपी को भेजा जेल

**बालूमाथ।** वाहन चोरी करने व उसका नंबर बदल कर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को बालूमाथ पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। उसकी पहचान चतरा जिले के किरकिरा ग्राम थाना गिद्धौर के मो. बहाजुल पिता मो. वहाब के रूप में हुई है। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरिंदर कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए चोर के निशानदेही पर चतरा से चोरी की गयी हाइवा को जब्त कर लिया है। आरोपी मो, बहाजुल चतरा जिले के ग्राम किरकिरा, थाना गिधौर का रहने वाला है। उसके खिलाफ बालूमाथ थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने चतरा से हाइवा चोरी कर उसके दस्तावेजों और नंबर प्लेट में बदलाव किया था, ताकि वाहन को दूसरे जिले में बेचा या चलाया जा सके। यह पूरी योजना एक सुनियोजित आपराधिक साजिश के तहत किया गया था। बालुमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन चोरी में एक बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा पुलिस इस पूरे गिरोह की तह तक जाने के लिए गंभीरता से जांच कर रही है। इस अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

### युवाओं की पहल पर असहाय का हुआ अंतिम संस्कार

**चंदवा।** असहाय दलित युवक गुड्डू राम का निधन गुरुवार की सुबह हो गया। गुड्डू अपने परिजनों के साथ हाई स्कूल खेल स्टेडियम में बने सीढ़ी के नीचे रहता था। जैसे ही इसकी जानकारी युवा भारत के सदस्यों को हुई वे मृतक के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में जुट गए। प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा को इसकी जानकारी देते हुए लकड़ी की मांग की गई। उन्होंने अंचल अधिकारी से वार्ता कर लकड़ी का इंतजाम कराया। शव ले जाने के लिए शव वाहन की व्यवस्था विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे द्वारा कराई गई। गुरुवार शाम को देवनद तट पर गुड्डू राम का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के मौके पर शंटू गुप्ता,अंकित गोलू,मुकेश सिंह,गोपाल जयसवाल,सचिन कुमार,विनय वर्मा उर्फ रिक्की,रंजन सिंह,विजय कुमार,अक्षय यादव समेत कई लोगों का सरहानीय प्रयास रहा।

# सुरक्षा के साथ शिक्षा की अलख जगा रहा सीआरपीएफ 11वीं बटालियन

**● तीन बच्चों से शुरू हुआ स्कूल में अब 60 बच्चे ग्रहण कर रहे शिक्षा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** कभी नक्सलियों के गोलियों की तड़तड़ाहट से यह पूरा इलाका डर और भय के साए में जीने को मजबूर था, पर अब इस इलाके में नौनिहालों के क ख ग की आवाज सुनाई देती है। इसका सारा श्रेय सीआरपीएफ 11वीं बटालियन को जाता है। जिनके अथक प्रयास से आज बुढ़ा पहाड़ के तिसिया में रहने वाले नन्हे बच्चों शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कभी यह पूरा इलाका नक्सलियों के सेफ जोन हुआ करता था। किसी घटना को अंजाम देने के बाद इस रास्ते से नक्सली झारखंड से छत्तीसगढ़ में इंट्री कर जाते थे। इसके चलते तिसिया का पूरा इलाका शिक्षा से महरूम था।

### बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया सीआरपीएफ ने

इस इलाके में सीआरपीएफ 11वीं बटालियन को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, तिसिया में सीआरपीएफ का एक कैंप हैं, जो



पूरे इलाके में रहने वाले लोगों को सुरक्षा देने का कार्य करती है। पर जब यहां तैनात जवानों ने देखा कि इस इलाके में बच्चों तो हैं पर वह स्कूल नहीं जाते और शिक्षा से कोसो दूर है। इसके बाद सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने इन बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया और फिर जनवरी में तीन बच्चों से शुरू हुआ स्कूल आज लगभग 60 बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रही है।

### तिसिया में बच्चों से मिलने स्वयं पहुंचे कमांडेट

लातेहार जिला मुख्यालय से बुढ़ा पहाड़ की तराई में अवस्थित तिसिया गांव की दूरी करीब सौ किलोमीटर है। सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के कमाडेंट यादराम बुनकर ने एक पहल की। उन्होंने गांव के बच्चों को तालिम देने की योजना बनायी और उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों को गांव भेज बच्चों के अभिभावकों को सीआरपीएफ कैंप के नजदीक बने शेड में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए आग्रह किया। फिर बच्चों से मिलने वह खूद तिसिया पहुंच गए और बच्चों में शिक्षा के प्रति यह रूझान देख कर कमांडेंट यादराम बुनकर व उप कमांडेंट मुकेश कुमार व निरीक्षक राज कुमार रजक ने बच्चों के बीच स्कूल बैग, स्कूल ड्रैस, कॉपी, पेंसिल, व पानी की बोतल आदि का वितरण किया।

**सीआरपीफ सुरक्षा के साथ सामाजिक दायित्व निभा रहाः याद राम बुनकर**

तिसिया से लौटने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री बुनकर ने कहा कि सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन लोगों को सुरक्षा देने के साथ ही सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। इसी के तहत तिसिया में हमने बच्चों को शिक्षित करने की बीड़ा उठाया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार
E-Mail ID- rwdlatehar@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

Rewant Engineers Construction Company PVT Ltd. (Ambarish Kumar) S/o Sri Raghubansh Prasad Singh, At-M-31 S/s Near St. Francis School, Harmu Housing Colony, Harmu, Ranchi के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत (RCPLWE) पैकेज सं0 JH14LWEB1 सरयू से गारू भाया गणेशपुर पथ में उत्तर कोयल नदी पर पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका एकरारनामा संख्या–SBD-22/18-19 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि–19.11.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–18.11.2019 है, जो समयावधि पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 592 दिनांक 04.05.2019, पत्रांक 745 (अनु0) दिनांक 31.05.2019, पत्रांक 780 दिनांक 11.06.2019, पत्रांक 285 दिनांक 20.05.2020, पत्रांक 392 दिनांक 01.07.2020, पत्रांक 400 दिनांक 10.05.2021, पत्रांक 423 दिनांक 29.05.2021, पत्रांक 486 दिनांक 18.06.2021, पत्रांक 1085 दिनांक 02.12.2021, पत्रांक 96 दिनांक 03.02.2022, पत्रांक 878 दिनांक 24.09.2022, पत्रांक 1167 (अनु0) दिनांक 30.12.2022, पत्रांक 809 दिनांक 12.07.2023, पत्रांक 1307 दिनांक 21.12.2023, पत्रांक 783 दिनांक 20.08.2024, पत्रांक 795 दिनांक 22.08.2024 एवं पत्रांक 205 दिनांक 01.03.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिनों के अंदर भापथ पत्र के साथ Revise Work Program इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए युद्ध स्तर से कार्य प्रारंभ करते हुए कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा एकरारनामा के शर्तों के अनुसार आपके द्वारा किए गये एकरारनामा को विखंडन कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.351001 REO(25-26):D

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में गूंगी बहरी है सरकार : चंपाई सोरेन

**लोहरदगा।** नगर भवन में आयोजित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नगर भवन में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में झारखंड की बदलती डेमोग्राफी पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने वर्तमान कांग्रेस राजद और झामुमो की गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लिया. वहीं जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई हृदय विदारक घटना पर आतंकियों और उनके आकाओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही. वहीं उन्होंने झारखंड में लगातार हो रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ झारखंड के आदिवासी बहन बेटी और युवाओं को आगे बढ़कर आंदोलन करने की बात कही। उन्होंने झारखंड की बहन बेटियों के साथ हो रहे धर्मांतरण के खेल और शादी ब्याह कर धर्म परिवर्तन के मामले में भी जागरूक होने और वैसे लोगों के खिलाफ कार्वाई करने की बात कही है। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने झारखंड सरकार को गूंगी बहरी सरकार बताया। कहा की हेमंत सोरेन की सरकार हर मुद्दे पर विफल है।






## बढ़ी गर्मी को देखते हुए स्कूलों के आने का समय में किया गया बदलाव

**लोहरदगा।** गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार के निदेश के आलोक में लोहरदगा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग ङ्क्ष से कक्षा आठ की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से वर्ग 12 तक की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया है। निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा निर्देश के अनुरूप आरटीई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे।



### 18 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**कुडू-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के लावागाई गांव से कुडू थाना पुलिस ने गुरुवार को 18 वर्ष से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लावागाई निवासी दिलावर खान के पुत्र आजम खान के रूप में की गई है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आजम खान पर कुडू थाना कांड संख्या 78/2007 धारा 302/34 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज थी।

### कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही थे अशोक यादव : धीरज साहू

**लोहरदगा।** पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी कहा है की अशोक यादव सिर्फ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष ही नहीं बल्कि एक सच्चे सामाजिक और एक मित्र की तरह सलाहकार हुआ करते थे। जिन्होंने कभी गलत कार्यों के साथ समझौता नहीं किये थे। आज पूरा लोहरदगा जिला उनके स्वर्गवास से मर्माहित है। चारो ओर मातम पसरा हुआ है। लोग उन्हें याद करके अपनी आँसू को रोक नहीं पा रहे है। पूरा लोहरदगा जिला उनके आकास्मात जाने से दुःखी है। अशोक यादव को अश्रुपूर्ण नेत्रों से अंतिम विदाई लोहरदगा के लोगों ने दिया दशार्ता है की कितने अपने और कितने अच्छे मानव थे अशोक यादव। उन्हें एक युवा नेता के रूप में सलाम करता हुँ और प्रार्थना करता हुँ की उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे मै सदैव उनके परिवार के दुःख की घड़ी में साथ खड़ा हुं।

भंडरा के साप्ताहिक मंगल बाजार में पेयजल समस्या गंभीर

# बाजार के सभी छह चापाकल खराब होने से लोगों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के साप्ताहिक मंगल बाजार में पीने के पानी की समस्या गंभीर हो गई है। क्योंकि सभी छह चापाकल खराब हैं। इससे बाजार आने वाले हजारों लोगों और आसपास के निवासियों को परेशानी हो रही है। सभी छह चापाकल खराब होने से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है।बाजार परिसर के आसपास की आबादी को पाइपलाइन से पानी आपूर्ति नहीं की जाती है, जिससे समस्या और भी बढ़ गई है।

बाजार आने वाले लोगों और आसपास के निवासियों को पीने के पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चापाकल खराब होने के बाद पेयजल स्वच्छता विभाग या पंचायत प्रतिनिधि खराब चापाकल की मरम्मत नहीं करते हैं। जिसके कारण लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या झेलनी पड़ती है। भंडरा में तीन दिन बाजार लगता है साप्ताहिक मंगल बाजार के दिन हजारों की संख्या में भीड़ होती है। साप्ताहिक मंगल बाजार परिसर में बिरसमुनि उरांव के घर के पास, आंगनबाड़ी केंद्र के पास ,ललन सोनार के घर के पास, धनेश्वर राम के घर के पास ,हॉस्टल के पास दो चापाकल एवं शौचालय के पास का चापाकल लंबे समय से खराब है। पेयजल स्वच्छता विभाग या पंचायत प्रतिनिधि खराब चापाकलों के मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. बाजार टाड के आसपास रहने वाले लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या है .बाजार परिसर के आसपास की आबादी को पेयजल स्वच्छता विभाग के द्वारा पाइपलाइन से पानी आपूर्ति नहीं की जाती है जो कि उनके लिए एक और भी समस्या बन गई है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि खराब चापाकलों की मरम्मत की जाए, ताकि उन्हें पीने का पानी मिल सके। उन्होंने यह भी मांग की है कि पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा पाइपलाइन से पानी आपूर्ति की जाने वाली पाइपलाइन को बाजार टाड के पास स्थित आबादी तक पहुंचाया जाए, जिससे उन्हें नियमित रूप से पीने का पानी मिल सके। वही पेयजल स्वच्छता विभाग को चाहिए कि वह खराब चापाकलों की मरम्मत करे और पाइपलाइन विस्तार के लिए आवश्यक कदम उठाए। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह इस समस्या का समाधान करने के लिए पेयजल स्वच्छता विभाग के साथ मिलकर काम करे और स्थानीय लोगों की मांगों को पूरा करे।



स्थानीय लोगों ने रखी मांग, खराब चापाकलों की मरम्मत कराए विभाग

### विकसित भारत की दिशा में एक कदम, राष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

**लोहरदगा।** लोहरदगा के बी एस कॉलेज में 25 और 26 अप्रैल को विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी में देश भर से 100 से अधिक शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। अब तक 108 शोध सार प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा, ओपन यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति टी एन साहू और पद्मश्री मुकुंद नायक करेंगे। वही कार्यक्रम में नागपुर नीरी के वैज्ञानिक तनवीर आफरीन, बरिया वैज्ञानिक, नीरी, नागपुर, डॉ डी एन वर्मा, रामपुरहाट, प बंगाल, डॉ सुमित पाठक, डॉ संगीता, योगदा सत्संग कॉलेज रांची, और अन्य प्रमुख विद्वान उपस्थित रहेंगे।

# शांति आश्रम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत आत्माओं के शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारी शिष्य, महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने-अपने हाथों पर दीप प्रज्वलित कर उन आत्माओं को मुक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस घटना की घोर निंदा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यह आतंकवादी राक्षस प्रवृत्ति के हैं। जिसे कि पाकिस्तान ने पनाह दे रखी है, ऐसे राक्षसी आतंकवादियों और इसे पनाह दे रहे देश को मोदी सरकार ईट का जवाब पत्थर से दें। आचार्य शरद चंद्र आर्य ने इस घटना पर कहा कि ऐसे लोगों को संसार में रहने का कोई अधिकार नहीं,पाकिस्तान को सभी देश से हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए, और पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित कर देना चाहिए,इस तरह की निर्मम हत्या सोच कर रूह कांप जाती है।

दीपक मुखर्जी ने कहा की हिंदूओं को अब पूर्ण तरह से जग जाना चाहिए जिस तरह वहां धर्म को पूछ कर नव विवाहितों के पत्नी के समक्ष पति की हत्या कर देना बहुत ही दर्दनाक है। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदाई है ऐसे आतंकीयों और इन्हें पनहा दे रहे देश पर भारत सरकार सख्त से सख्त कदम उठाते हुए मुंहतोड़ जवाब दें! सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं घटना पर घायल हुए सभी लोग शीघ्र स्वास्थ्य होने की ईश्वर से कामना की। सभा में ओमप्रकाश सिंह,आचार्य शरद चंद्र आर्य,लाल नवल नाथ शाहदेव,दीपक मुखर्जी,दीपक सर्राफ,मनोज गुप्ता 'मन्ना',अर्जुन देव,गुड्डुस गुप्ता, गणेश शास्त्री,जोगिंदर आर्य,प्रकाश चंद्र,अतुल सराफ, हर्षित सोनी के साथ-साथ काफी महिलाएं एवं वहां के ब्रह्मचारी लोग उपस्थित थे।



# इस्लाम को बदनाम और नफरत फैलाने की साजिश है पहलगाम में आतंकी हमला : अब्दुल रउफ



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछा, कलमा और अजान सुनाने के लिए कहा और फिर उन्हें गोली मार दी। आतंकियों के इस टारगेट किलिंग को लेकर उन्होंने कहा कि इस्लाम को बदनाम करने और देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत पैदा करने की यह साजिश है। सदर श्री अंसारी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की और आतंकियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। उनका कहना था कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इसके लिए कठोर कार्रवाई जरूरी है।

#### देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश, हमें होशियार रहने की जरूरतः शाहिद अहमद

अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि देश तरक्की कर रहा है और दुनिया भर की नजर हमारे ऊपर है।

ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए, लेकिन देश के सांप्रदायिक माहौल को भी बिगड़ने देना नहीं चाहिए, क्योंकि कई लोग हैं, जो माहौल खराब करने की साजिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

आंतकियों ने जिस तरह से टारगेट करके लोगों को मारा है और धर्म एंगल का इस्तेमाल किया है, उससे इस्लाम को बदनाम करने के साथ-साथ देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश भी है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है। पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है।

# झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर स्कूल रुआर कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष सेन्हा में अनामांकित एवं छीजित बच्चो को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से झारखण्ड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर प्राथमिक,माध्यमिक और उच्च विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर उन्मुखी कार्यशाला आयोजित किया गया.आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया।

बाल विकास पदाधिकारी ने शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है.साथ ही उन्होंने बताया की दिन और वार के साथ निर्धारित गतिविधियों को यदि नियमित रूप से किया जाए तो निश्चित रूप से इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है.विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रयास करनी है.बीआरपी अंबिका शरण पांडेय द्वारा सकजल रुआर के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई.स्कूल रुआर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना नियमित रूप से दिनवार गतिविधियों को करना है.और उनका रिकॉर्ड डाटा एंट्री फॉर्म प्रारूप में अपडेट करना है. विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी और अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना ही स्कूल रुआर का मुख्य उद्देश्य है. साथ ही बताया गया की पी आर आई एवं ग्राम पंचायत समिति के साथ बैठक कर विद्यालय में छात्र छात्राओं का उपस्थिति बढ़ाने की रणनीति तैयार करना सभी बच्चों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज कराना और नियमित अनुश्रवण करना है.वही स्कूल रुआर के तहत विद्यालय स्तर पर 10 मई 2025 तक चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया। कार्यशाला में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, सिनी टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि तरुण कुमार और उदित कुमार के अलावे प्रखण्ड क्षेत्र के सभी प्राथमिक,मध्य,उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# शिक्षकों का टीएनए आकलन शुरू, 29 तक चलेगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा ।** प्रखण्ड संसाधन केंद्र कैरो के द्वारा गुरुवार को कक्षा एक से लेकर 12 वीं तक के शिक्षकों के टी एन ए (शिक्षक आवश्यकता आकलन) का आयोजन प्रखण्ड के कैरो स्थित डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय में की गई। टी एन ए आकलन 24,25,26 व 28,29 अप्रैल 2025 को आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रखण्ड के सभी विधालयो के शिक्षकों को बरी बारी से भाग लेना है ताकि कक्षा बाधित न हो।मौके पर आकलन का निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने बतलाया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षकों के शतत क्षमता विकास को लेकर यह आकलन महत्पूर्ण है तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण को शिक्षकों के आवश्यकता अनुरूप करने पर बल दिया गया है ताकि इसका लाभ मिल सके। यह आकलन वर्ष में दो बार अप्रैल व अक्टूबर माह में आयोजित की जाएगी। जिसमे सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 लेकर 12 वीं तक के सभी शिक्षकों को भाग लेना अनिवार्य है।आज के आकलन में कुल 27 शिक्षकों ने भाग लिया बाकी शिक्षक 25,26,28 व 29 अप्रैल को भाग लेंगे। मौके पर गुलाम असरफ अंसारी, बीपीओ ओम प्रकाश रंजन, एमआईएस प्रशांत कुमार, बी आर सी, सी आर पी उपस्थित थे।



# पक्की नाली निर्माण को लेकर बीडीओ को सौपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखण्ड मुख्यालय गांव कैरो के मुस्लिम मुहल्ला व कुम्हार टोली के पानी निकास में हो रही परेशानी को लेकर कैरो मस्जिद मोड़ से लेकर सतीश पांडेय के घर तक मुख्य पथ के किनारे पक्की नाली निर्माण कराने को लेकर जे एम एम व कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य को लिखित ज्ञापन सौंपा गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि नाली निर्माण को लेकर मैं हर संभव प्रयास करूंगी विभाग से पत्राचार कर यथाशीघ्र नाली निर्माण कराने का प्रयास करूंगी।लिखित आवेदन में कहा गया है कि मुख्य के किनारे नाली नही होने से कैरो मुस्लिम व कुम्हार टोली का पानी नही निकल पाती है जिससे थोड़ी बहुत बारिस होने से भी रास्ता चलने में भारी परेशानी होती है खासकर बरसात के दिनों में तो इस रास्ते चलना दूभर हो जाती है जलजमाव व कीचड़ की वजह से गन्दगी का भी भरमार हो जाती है मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाती है बीमारी फैलने की खतरा बनी रहती है।मौके पर समीद अंसारी, मो सजाद,जोरावर खान,मुस्लिम अंसारी, रेयाज अंसारी,महबूब अंसारी आदि उपस्थित थे।



### राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर दिलाई गई स्वच्छता की शपत

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद कार्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। सिमडेगा के जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की अगुवाई में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में सबसे पहले उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु द्वारा पंचायती राज के महत्व को बताया गया। उन्होंने बताया कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था शुरू की गई।

# जय श्री राम समिति ने पाकिस्तानी पीएम व बंगाल के सीएम का पुतला फूंका



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा ।** भंडरा के थाना चौक में जय श्री राम समिति द्वारा पुतला दहन सह मृतकों के आत्मा की शांति के लिए मौन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जय श्री राम समिति भंडरा के सदस्यों द्वारा पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ व बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, ममता बनर्जी होश में आओ के नारा लगाएं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारा लगाते हुए पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है। मौके पर जय श्री राम समिति के रामकुमार साहू ने कहा कि जिस तरह जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा घूमने गए पर्यटकों से धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या की है। इससे पूरे देश में पाकिस्तान और आतंकवादियों के विरुद्ध आक्रोश है। उन्होंने बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के उपर हो रहे जुल्म को लेकर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को होश में आने की बात कही है।

# सेना से सेवानिवृति के उपरांत एक सैनिक की तरह जीवन जिए अशोक यादव : निश्चय वर्मा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के युवा नेता निश्चय वर्मा ने अशोक यादव के लंबी बीमारी के बाद दिल्ली गुड़गांव हॉस्पिटल में निधन पर कहा की अशोक यादव एक जीवंत जिंदादिल इंसान थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान तो किया ही कांग्रेस के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के निजी सचिव के तौर पर जिला के विकास में अहम्‍ भूमिका निभाई है। उन्हीं के सोच का परिणाम आज बलदेव साहू कॉलेज का क्रिकेट स्टेडियम का टर्फ विकेट हो या अंतराष्ट्रीय स्तर का राइफल सूटिंग का इंडोर स्टेडियम का निर्माण हो खेल का क्षेत्र हो या राजनितिक क्षेत्र सभी में पारदर्शितापूर्ण कार्य किया गया था और जिला के विकास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया था। अशोक यादव कांग्रेस के अभिभावक की तरह सिंचने का कार्य किया था और पुरानी परिपाटी को समाप्त कर नये युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान किये थे, अशोक यादव कोई भी कार्य करते थे तो उसके पहले वे एक विजन बनाते थे और जब कार्य करते थे तो उसमे अडिग रहने वाले व्यक्तित्व थे यही दशार्ता है की एक भारतीय सैनिक की तरह एक काम करते थे तो बोल्डेनेश के साथ और एकाग्रता के साथ करते थे साथ ही कांग्रेस पार्टी के सभी विंग्स के साथ समन्वय स्थापित करते थे। अशोक यादव सिर्फ कांग्रेस के अग्रसोची ही नहीं थे जिला के विकास सर्वप्रथम सोच के साथ अन्य दलों पार्टियों के साथ भी समन्वय स्थापित करते थे।









## गुमला कोर्ट रहेगा बंद, बार एसोसिएशन और अधिवक्ता संघ ने दिया विहिप-बजरंग दल के बंद को समर्थन



**गुमला।** गुमला में शुक्रवार को कोर्ट बंद रहेगा। बार एसोसिएशन और अधिवक्ता संघ ने पहलगाम में हुई घटना को निंदनीय बताते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के भारत बंद का समर्थन किया है। अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया है कि शुक्रवार को गुमला कोर्ट का सारा कार्य ठप रहेगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल, अधिवक्ता अग्नू उरांव, विभाग मंत्री मुकेश सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अमित कुमार, विहिप नगर अध्यक्ष मनोज साहू सहित अन्य अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर बंद को सफल बनाने का संकल्प लिया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# बरवे मैदान में दो दिवसीय परमवीर अल्बर्ट एक्का कृषि मेला-सह कार्यशाला का हुआ उद्घाटन




## किसानों को मिली आधुनिक तकनीक व योजनाओं की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में गुरुवार को दो दिवसीय अनुमंडल स्तरीय परमवीर अल्बर्ट एक्का कृषि मेला-सह कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मेले का उद्घाटन झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम से पूर्व मंत्री ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पहली बार कृषि मेला के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया है, ताकि किसान एक ही स्थान पर कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग की योजनाओं के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों और कृषि यंत्रों की जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी के अभाव में किसान या तो वंचित रह जाते हैं या फिर बिचौलियों के शिकार हो जाते हैं।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि गुमला जैसे सुदूरवर्ती इलाकों में इस तरह के मेलों का आयोजन ग्रामीण किसानों को सशक्त बनाने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि में वैज्ञानिक तरीकों और अनुदानित यंत्रों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाएं, जिससे पलायन रुके और स्थानीय रोजगार सृजन को बल मिले।

**● कृषि सचिव ने दिया वैज्ञानिक खेती का संदेश**

कार्यक्रम में कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने किसानों को वैज्ञानिक खेती के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सही जानकारी, समय पर फसल चक्र और आधुनिक यंत्रों का इस्तेमाल किसानों की आमदनी को बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मेला से किसानों को वह सब जानकारी मिलेगी, जो उन्हें लंबे समय से मिल नहीं पाई थी।

**● उपायुक्त ने बताया आयोजन का उद्देश्य**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आमतौर पर ऐसे आयोजन जिला मुख्यालय में होते थे, जिससे दूरदराज के किसान लाभ नहीं ले पाते थे। लेकिन इस बार चैनपुर क्षेत्र के किसानों को प्राथमिकता देते हुए यह मेला यहां आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां किसानों को योजनाओं और कृषि यंत्रों की जानकारी दी जा रही है।

**● मेले में किसानों का उत्साह, स्टॉलों पर जुटी भीड़**

कृषि मेला सह कार्यशाला में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी समेत विभिन्न विभागों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। किसान अपने उत्पाद जैसे सब्जी, फल और अन्य कृषि सामग्री लेकर मेले में पहुंचे। जिला मत्स्य कार्यालय की ओर से 5 विशेष स्टॉल लगाए गए हैं।

इस अवसर पर विभागीय सचिव, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर एसडीपीओ, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, परमवीर अल्बर्ट एक्का के सुपुत्र सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मेले का आयोजन 24 और 25 अप्रैल को किया जा रहा है।

## झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण

**लोहरदगा।** झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी के अंतर्गत लोहरदगा जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण राज्य स्तर की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण टीम में बिस्वरूप ठाकुर, अमित प्रजापति, जिला कौशल पदाधिकारी और परियोजना सहायक शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने केंद्र में मौजूद सभी डॉसियर की गहन जांच की। साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए प्रशिक्षकों और प्रबंधन को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी प्रशिक्षकों के दस्तावेजों की भी विस्तृत रूप से जांच की गई। केंद्र के किराया संबंधी प्रबंधों की भी समीक्षा की गई, ताकि संचालन में पारदर्शिता और अनुशासन बना रहे।

**कार्यालयः- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**

**मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं महिला बंध्याकरण/पुरूष नसबंदी हेतु गैर सरकारी संस्थानों के साथ MOU किये जाने संबंधि सूचना।**

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यकम तथा परिवार नियोजन कार्यकम का सफल संचालन हेतु वित्तीय वर्ष–2025–2026 के लिय गैर सरकारी संस्थानों के साथ MOU किया जाना है। इन दोनों राष्ट्रीय कार्यकमों के लिए निम्नलिखित शर्त/अहर्ता के अधीन मुहरबंद लिफाफा निबंधित डाक/स्पीड पोष्ट अथवा कार्यालय में स्वय उपस्थित हो कर जमा किया जा सकता है। मुहरबंद लिफाफा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि–05.05.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न तक का है। निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त डाक/मुहरबंद लिफाफा आदि पर विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त दोनों कार्यकमों के लिए MOU हेतु निम्नलिखित शर्त/अहर्ता से संबंधित सूचना कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित किया गया है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
पलामू

PR 350970 District(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।**

**ई–पुनर्निविदा निविदा आमंत्रण सूचना**

**पुनर्निविदा** निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/24/2024-25-RE-1दिनांक- 23-04-2025

1. **मद का नाम:** समाज कल्याण विभाग योजना अन्तर्गत :-

| क्र॰ सं॰ | परियोजना का नाम | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दबगर टोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 2 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नूर नगर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 3 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | गुदरी बाजार | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 4 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | अंडी रेशम | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 5 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | ग्वाल टोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 6 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | खानकाह रोड | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 7 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | मेन रोड | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 8 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगवां उत्तरी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 9 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगावां दक्षिणी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 10 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | चुड़ीहार मुहल्ला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 11 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीभा 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 12 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीवानखाना 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 13 | चतरा ग्रामीण | चतरा | मोकतमा | कच्चा | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 14 | चतरा ग्रामीण | चतरा | सिकीद | सिन्दुआरी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 15 | चतरा ग्रामीण | कानहचटटी | बेगोंकला | केन्दुआ सहोर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 16 | ईटखोरी | गिद्धौर | द्वारी | गांगपुर 01 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 17 | ईटखोरी | पत्थलगडा | सिंघानी | सिंघानी धोबी टोला 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 18 | ईटखोरी | पत्थलगडा | बरवाडीह | बरवाडीह 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 19 | ईटखोरी | मयूरहण्ड | कदगॉवाकला | दिग्गी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 20 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | कुटकी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 21 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | तिलैया टोंगरी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 22 | टण्डवा | टण्डवा | गाडीलौंग | बरईटोला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 23 | टण्डवा | टण्डवा | बडगॉवा | नायकटोला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 24 | टण्डवा | टण्डवा | कोयद | कोयद 03 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 25 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | बभने | बभने बालपर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 26 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | मोनिया | जैयपुर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 27 | प्रतापपुर | कुन्दा | सिकीदाग | सोहरलाट | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 28 | सिमरिया | सिमरिया | सबानो | लच्छीगडा | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 29 | सिमरिया | सिमरिया | डाडी | डाडीभगत टोला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 30 | सिमरिया | सिमरिया | अमगॉवा | अमगावां 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 31 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | भागेवार | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 32 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | आमिन | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 33 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | दण्तार | जोलहाटोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 34 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | जोरी कला | जोरी कला 01 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 35 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | उचला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 36 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | खुटीकेवाल खुर्द | खुटीकेवाल खुर्द | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 37 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | नावाडीह मियाटोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 38 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | डुमरी कला | डुमरी कला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.05.2025
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय–13.05.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–पुनर्निविदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.05.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा।
6. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. निविदा का एकरारनामा राजस्व प्रतिवेदन/भूमि प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा।
8. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰,चतरा।

PR 350936 NREP(25-26)D

## बालू के अवैध भंडारण के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई



बसिया(गुमला)। बसिया अनुमंडल प्रशासन के सख्त रवैये से यहाँ बालू के अवैध खननकताओं में हड़कंप मच गया है। बार बार चेतावनी के बाद भी इस क्षेत्र में बालू के अवैध खनन और भंडारण की शिकायतें मिल रही थी। इन शिकायतों को संजीदगी से लेते हुए बसिया की अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम ने कामडारा अंचल क्षेत्र में सघन छापेमारी की। यह छापेमारी बुधवार की मध्यरात्रि जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और पुलिस बल के साथ बालू के अवैध भंडारण स्थलों की सघन छापेमारी की गई। इस दौरान बड़कोईली गांव के खाता सं.-01, प्लॉट सं.-146 में लगभग दो लाख घनफीट बालू के भंडारण की जब्ती की गई। इस मामले की पुष्टि करते हुए श्रीमती देवगम ने बताया कि भंडारित बालू को लेकर किसी प्रकार का कोई परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि इस मामले में दाखिल की गई मासिक विवरणी में महज 7051.00 घनफीट भंडारण दिखाया गया है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि बालू भंडारण करने वाले रांची निवासी दीपक नाग पिता देवलाल नाग को सक्षम पदाधिकारी या न्यायालय के अगले आदेश के बगैर खनिज भण्डारण करने व इसके प्रेषण पर प्रतिबंध की सूचना दे दी गई है। इसी तरह एक दूसरे मामले में कामडारा अंचल के पिम्पी गांव में लगभग 48000 सीएफटी बिखरा हुआ बालू भी जब्त किया गया है। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों व परिवहन कताओं के विरुद्ध झारखण्ड लघु खनिज नियमावली-2004 व अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला नया 4जी फोन, कार्य दक्षता में होगी वृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थित बालविकास कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 130 सेविकाओं को सैमसंग 4जी फोन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और पर्यवेक्षिका अंजलि वर्मा ने की।बीडीओ यादव बैठा ने इस अवसर पर कहा, इन फोनों के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाएं अपनी गतिविधियों को और प्रभावी रूप से प्रबंधित कर सकेंगी। तकनीक का उपयोग करके वे अपने कार्यों में अधिक सुविधा और दक्षता प्राप्त कर पाएंगी। पर्यवेक्षिका अंजलि वर्मा ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह फोन आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा। इसके जरिए वे न केवल अपनी रिपोर्टिंग को और आसान बनाएंगी, बल्कि समाज में भी बेहतर बदलाव लाने में सक्षम होंगी। उसी मौके पर, आंगनबाड़ी सेविका ममता गुप्ता ने कहा, यह फोन हमें अपने कार्यों को सुगम बनाने में मदद करेगा। हम इससे बच्चों की संख्या, स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में जानकारी को साझा कर सकेंगे और अपने कार्य को सामुदायिक स्तर पर प्रस्तुत कर पाएंगे। इस वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेविकाओं की सुविधा और कार्य कुशलता में वृद्धि करना है, जिससे वे समाज में बेहतर सेवा प्रदान कर सकें। सभी ने इस पहल को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और शासन की सराहना की।



## जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले के विरोध में बिशुनपुर में कैंडल मार्च



**बिशुनपुर (गुमला)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। इसी के विरोध में बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में एकजुट होकर लोगों ने कैंडल मार्च निकाला और शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देशविरोधी ताकतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कैंडल मार्च की शुरूआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसमें दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मार्च में पाकिस्तान मुदार्बाद, वंदे मातरम जैसे राष्ट्रभक्ति के नारे गूंजते रहे। भाजपा नेता भिखारी भगत ने कहा कि भारत में सक्रिय देशविरोधी तत्वों पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों पर कठोर जवाब देने की मांग की। इस कैंडल मार्च में केदार साहू, जगत ठाकुर, अभिषेक सिंह, संदीप सिंह, गोपाल साहू, गणेश राम महतो, बिंदेश्वर साहू, महेंद्र भगत, जनार्दन भगत, प्रवीण उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना व सर्वजन पेंशन योजना का भौतिक सत्यापन का कार्य तेजी से किया जा रहा

**सिसई (गुमला)।** प्रखण्ड कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार झारखंड सरकार के अतिमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना व सर्वजन पेंशन योजना का भौतिक सत्यापन का कार्य 21 अप्रैल 2025 से 02 मई 2025 तक प्रखण्ड के सभी 18 पंचायतों में तेजी के साथ किया जा रहा है। सभी लाभुकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना भौतिक सत्यापन शीघ्र ही करा लें। ताकि बाद में परेशानी उठाना न पड़े।

## मंदिर का हुआ प्राण प्रतिष्ठा, भक्तों ने दिखाया भक्ति का नायाब प्रदर्शन

**बसिया(गुमला)।** प्रखंड के ससिया गांव में गुरुवार को एक लब्धप्रतिष्ठित हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की झलक सुबह से ही इस सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में तब देखने को मिली जब अहले सुबह बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चियों के द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा के उपरांत यहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमान मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति देखी गई और मंत्रोच्चार के बीच जय हनुमान के जयकारों की गुंज दर्ज की गई। शाम के समय भक्तिमय संकीर्तन का आयोजन किया गया जबकि इस कार्यक्रम के सफल संचालन में अभिमन्यु गोप,देवंती देवी,अवधेश मिश्रा, उमेश गोप, मुकेश गोप, गुलाप गोप, बीरेंद्र गोप, मदन गोप, लक्ष्मण ग्रही, टेकमन प्रधान, भोद्रो लोहरा, कालो मिर्धा, शम्भू नायक, प्रदीप प्रशाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भूमिका दर्ज की गई।

## प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2025 का एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला, व प्रखंड संसाधन केंद्र सिसई के संयुक्त तत्वाधान में सिसई प्रखंड के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के सभागार में दिन बृहस्पतिवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्कूल रु आर 2025, स्कूल में वापस आओ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, बी पी ओ सुप्रिया कुमारी, एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में शिक्षा पूर्ण करना है। तथा आंगनबाड़ी से चिह्नित बच्चों का नामांकन विद्यालयों में किया जाना है। *शत प्रतिशत नामांकन और शत प्रतिशत **उपस्थिति पर जोर:-** कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने जोर देते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति हो। नामांकित बच्चों का विद्यालय में ही रुकने का व्यवस्था बनाया जाय। जिससे ड्रॉप आउट को रोका जा सके। जिला परिषद सदस्य विजयलक्ष्मी ने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के कारण बच्चे विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो पाते हैं, या फिर स्कूल छोड़ देते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों का विद्यालय में उपस्थित न होना माता पिता का काम के तलाश में बाहर चले जाना, माता पिता का शिक्षा के प्रति जागरूक न होना प्रमुख कारण हो सकते हैं।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब आपके शरीर की प्रत्येक गतिविधि शांतिपूर्ण होती है, और जब आपके विचारों में, इच्छा-शक्ति में, प्रेम में, शांति होती है, तथा शांति एवं ईश्वर आपके लक्ष्य होते हैं, तो समझ लीजिए कि आपने अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ लिया है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# शिक्षा का नया स्वरूप

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) एक ऐसा परिवर्तनकारी दस्तावेज बनकर उभरी है, जो ज्ञान की प्राप्ति, उसके वितरण और व्यवहार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है। शिक्षाविदों, राज्यों और विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई यह नीति शिक्षा की पहुंच, गुणवत्ता और समावेशन के बीच की खाई को पाटने का गंभीर प्रयास करती दिखती है। कुछ राज्यों ने इस नीति पर गंभीर आपत्तियां उठाई हैं-जिनमें उनकी प्रमुख चिंता भाषाई पहचान और संघीय ढांचे की स्वायत्तता को लेकर है। तमिलनाडु को यह आपत्ति है कि इससे हिंदी भाषा को उन पर अप्रत्यक्ष रूप से थोपा जा रहा है, जबकि एनईपी में तो यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि शिक्षा मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से दी जाए, जिससे अधिगम अधिक प्रभावी हो। तीन-भाषा सूत्र को लचीले ढंग से प्रस्तुत करते हुए, यह नीति किसी भी एक भाषा को अनिवार्य नहीं बनाती, बल्कि राज्यों और विद्यार्थियों को यह स्वतंत्रता देती है कि वे अन्य कितनी भी भाषाओं को अपना सकें-बशर्ते उनमें से दो भारतीय मूल की हों। यह दृष्टिकोण भाषाई विविधता को सम्मान देते हुए बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करता है, जो मौजूदा वैश्विक युग में अहम दक्षता है। भाषा का ज्ञान केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, सांस्कृतिक संवाद और बौद्धिक विकास की भी कुंजी है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में अपने एक फैसले में कहा, 'किसी भाषा के प्रति हमारी गलत धारणाओं और पूर्वाग्रहों को सच्चाई से परखा जाना चाहिए। आइए, हम हर भाषा से दोस्ती करें।' वास्तव में भाषा विभाजन नहीं, बल्कि संवाद की संगम भूमि का उत्सव है, जिसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। कई राज्यों में अनेक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय-जहां प्रभावशाली वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं-पहले से ही त्रिभाषा नीति का पालन करते हैं। ऐसे में सरकारी विद्यालयों के छात्रों को इससे वंचित रखना कितना उचित होगा? जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के निष्प्रभावी होने के बाद वहां दशकों से चली आ रही आधिकारिक भाषा उर्दू व अंग्रेजी के साथ हिंदी, डोगरी और कश्मीरी को भी आधिकारिक भाषा का दर्जा दे दिया गया। जम्मू विश्वविद्यालय ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्थानीय भाषाओं और बोलियों में विचार-विमर्श और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को शैक्षणिक गतिविधियों का हिस्सा बना दिया है। भाषा के अतिरिक्त, एनईपी उच्च शिक्षा के जिस ढांचे की वकालत करती है, वह बेहद दूरदर्शी और समकालीन है। यह नीति बहुविषयक, समग्र और लचीली शिक्षा का समर्थन करती है-जिसमें छात्र विज्ञान, मानविकी, कला, व्यवसाय आदि किसी भी समूह में से विषय का चयन कर सकते हैं। पारंपरिक अनुशासन व विषयों की कठोर दीवारें अब दरकने लगी हैं। इस क्रम में जम्मू विश्वविद्यालय का डिजाइन योर डिग्री कार्यक्रम अनुकरणीय उदाहरण है। यह एक संशोधित शैक्षणिक पद्धति है, जो नवाचारों और रचनात्मक उद्यमिता को बढ़ावा देती है। इसमें परियोजना-आधारित और समाधान लक्षित शिक्षण को बढ़ावा दिया जाता है। डिग्री अब रेडीमेड नहीं रही, छात्र अपनी डिग्री खुद डिजाइन कर रहे हैं।

*कुछ राज्यों ने इस नीति पर गंभीर आपत्तियां उठाई हैं-जिनमें उनकी प्रमुख चिंता भाषाई पहचान और संघीय ढांचे की स्वायत्तता को लेकर है।*

# पाकिस्तान को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

आज की बात



**ललित गर्ग**

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।

पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, तब वहां जैसी चौकसी बरती जानी चाहिए थी, उसका अभाव क्यों देखने को मिला?

जिस तरह से धर्म और नाम पूछकर आतंकवादियों ने हिन्दुओं का नरसंहार किया उससे समूचा राष्ट्र आक्रोश में है। भारत की बेटी जिस की हाथों की मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं हुआ था और तीन दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी, उसकी अपने पति भारतीय नौसेना के लेफ्टीनेंट विनय नरवाल के शव के साथ तस्वीर देखकर समूचे देश का दिल दहल गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सत्ता और सड़कों के सियासी सौदागर

लोकल कॉलोनी के सियाकरपुर चौराहे पर जब एक नया दुकान खुला, जिसका नाम था "जन सेवा क्लिनिक", लोगों ने सोचा कि शायद उनके दुखों का कोई अंत होगा। लेकिन नाम के पीछे का व्यंग्य तो वही जान सकता था जिसने हड्डियों से बना पुल पार किया था। 'डॉक्टर साब सारी बीमारियों का इलाज करते हैं', ऐसा प्रचार हर नुक्कड़ पर गूँज रहा था। लेकिन क्लिनिक के अंदर कदम रखते ही, जनता को 'सेवा' का असली मतलब समझ में आया। यहाँ जनता से फीस नहीं, बल्कि 'अनुदान' माँगा जाता था। "भाईसाब, आपका अनुदान हमारी देशभक्ति को और मजबूत करता है," यह बात खुद डॉक्टर की जुबान से निकलती थी। जनता के दर्द का इलाज होता था 'स्माइल पॉलिसी' से, जहाँ मरीज को हंसते-हंसते अपना दर्द भूल जाने को कहा जाता था। डॉक्टर साब का अनोखा फॉर्मूला सबके सिर चढ़कर बोलता था। 'अंधेरे का इलाज, मोमबत्तियों की फेरी' और 'भूख का इलाज, खाली थाली का झुनझुना'। आखिरकार लोग समझ गए कि यह क्लिनिक दरअसल "सड़कों का सियासी सौदागर" का अड्डा है, जो जनता की आहों पर अपनी राजनीति की रोटी सेंकता है। एक दिन, जनता में हिम्मत जगी और उन्होंने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज उठाई। डॉक्टर साब ने उन्हें 'सामाजिक क्रांति' का नाम दिया और अपने क्लिनिक में विशेष ऑफर की घोषणा की। "क्रांति का इलाज, क्रांति का ही इंजेक्शन"। जनता हंसते-हंसते पस्त हो गई, लेकिन अंदर ही अंदर वो आँसुओं से भर गई।

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

सियारपुर की सड़कों ने देखा, एक वृद्ध जो मूक और बधिर था, डॉक्टर के प्रचार तंत्र का शिकार बन गया। उसे 'अनुदान का पोस्टर' बना दिया गया। हर दिन वह पोस्टर के सामने बैठा रहता, लेकिन उसकी आँखों में दर्द की गहराई किसी कवि का गीत बन सकती थी।

चौराहे पर इस व्यंग्यात्मक कहानी का अंत उस दिन हुआ जब जनता ने सारे पोस्टर फाड़ दिए और डॉक्टर साब को उनके 'जन सेवा' की सेवा बंद करने पर मजबूर किया। लेकिन जाते-जाते डॉक्टर ने एक आखिरी पंचलाइन दिया, "देशभक्ति का दाम लोग नहीं समझते। सस्ती जनता, महंगा देश।" और इस तरह, सियारपुर चौराहा इतिहास बन गया। लेकिन जनता के दिल में हमेशा के लिए एक सवाल छोड़ गया, "क्या हम सस्ते हैं या हमारी उम्मीदें महंगी हैं?"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


# विश्व मलेरिया दिवस : ग्रामीण स्वास्थ्य की दिशा में एक संकल्प

हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की पहल पर 2007 से आरंभ हुआ, जिसका उद्देश्य मलेरिया के प्रति वैश्विक जन-जागरूकता फैलाना और इसके उन्मूलन हेतु ठोस प्रयासों को गति देना है। इस वर्ष की थीम है: "Accelerate the fight against malaria for a healthier future"। "विश्व मलेरिया दिवस" वैश्विक स्तर पर मलेरिया के विरुद्ध संघर्ष को रेखांकित करता है। यह दिवस हमें न केवल इस रोग की गंभीरता से अवगत कराता है, बल्कि इसके उन्मूलन हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। मलेरिया एक जानलेवा संक्रामक रोग है, जो प्लाज्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है। यह परजीवी मनुष्य में मादा एनाफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है। भारत सहित झारखंड जैसे राज्य, जहाँ बड़ी आबादी ग्रामीण व वनवासी क्षेत्रों में निवास करती है, मलेरिया प्रभावित क्षेत्र माने जाते हैं। मलेरिया के प्रमुख लक्षण बार-बार ठंड लगकर बुखार आना, सिरदर्द और बदन दर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकावट, मतली और उल्टी आना, पसीना आना और कमजोरी। इन लक्षणों की उपेक्षा न करें, विशेषकर अगर आप किसी मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में रह रहे हों। झारखंड भारत के उन राज्यों में से एक है, जहाँ मलेरिया एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। राज्य का एक बड़ा हिस्सा घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से आच्छादित है, जहाँ वर्षा ऋतु में जलजमाव और गंदगी मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण बनते हैं। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NVBDCP) के अनुसार, झारखंड के गुमला, सिंहभूम, लातेहार, पलामू और साहेबगंज जिले मलेरिया के लिए संवेदनशील माने जाते हैं।

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य



हालाँकि पिछले कुछ वर्षों में प्रयासों के कारण रोग की तीव्रता में गिरावट आई है, फिर भी आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में अब भी यह एक गंभीर चुनौती है। मलेरिया से बचाव हेतु निम्न उपाय अपनाए जा सकते हैं। मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें, घर और आसपास पानी जमा न होने दें, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, मच्छर-रोधी क्रीम का उपयोग करें, बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएँ। ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण मलेरिया की रोकथाम में बाधाएँ आती हैं। अतः आवश्यक है कि आशा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि एवं शिक्षक समुदाय में मलेरिया से बचाव के बारे में नियमित प्रचार-प्रसार करें। स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। नाटक, लोकगीत, पोस्टर और मोबाइल वैन के माध्यम से संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाए। झारखंड सरकार और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा मलेरिया नियंत्रण हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। 'झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी' जैसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में नाट्य-प्रदर्शनों और जन-जागरण अभियानों के माध्यम से मलेरिया के प्रति चेतना जागृत करने का कार्य करते रहते हैं। मलेरिया को हराने के लिए केवल दवा और इलाज ही नहीं, बल्कि जागरूकता, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता है। इस विश्व मलेरिया दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मलेरिया को जड़ से समाप्त करने के लिए हम मिलकर प्रयास करेंगे, विशेषकर झारखंड जैसे प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण लेकिन जनस्वास्थ्य की दृष्टि से संवेदनशील राज्यों में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि झारखंड को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए हम हर स्तर पर जागरूकता फैलाएँगे। यही हमारी सामाजिक और मानवीय ज़िम्मेदारी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

फिर गुस्ताखी कर गया, भेजो इसको दूर।
सुना कि जन्नत में कई, तड़प रही हैं हूर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# इतिहास में दर्ज़ हो मलेरिया, वर्तमान से मिटे उसका नामो-निशान

25 अप्रैल : विश्व मलेरिया दिवस

एक छोटा-सा मच्छर, जिसे हम हल्के में लेते हैं, जब सभ्यता की नींव को हिला देता है, तो यह सिर्फ जीवविज्ञान की कहानी नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए खतरे की घंटी है। एक काटने से शुरू होने वाला यह खतरा लाखों जिंदगियों को लील जाता है, समाज को कमजोर करता है और प्रगति को ठप करता है। मलेरिया-नाम सुनते ही मन में एक अदृश्य दुश्मन की तस्वीर उभरती है, जो आज भी हमारी दुनिया को अपनी चपेट में ले रहा है। 25 अप्रैल-यह कोई साधारण तारीख नहीं। यह विश्व मलेरिया दिवस है, एक ऐसा दिन जो हमें झकझोरता है, याद दिलाता है कि विज्ञान की चोटी पर पहुंचने के बावजूद हम एक ऐसी बीमारी से हार रहे हैं, जिसका इलाज संभव है। यह दिन सिर्फ जागरूकता का नहीं, बल्कि एकजुट होकर इस युद्ध को जीतने का संकल्प लेने का है। मलेरिया केवल शरीर को नहीं मारता; यह परिवारों को तोड़ता है, अर्थव्यवस्थाओं को चोट पहुंचाता है और बच्चों के भविष्य को छीन लेता है। यह एक स्वास्थ्य संकट से कहीं ज्यादा-यह गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक असमानता का प्रतीक है। इस साल की थीम, "मलेरिया हमारे साथ समाप्त होगा: पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन", हमें गहन प्रतिबद्धता, निरंतर निवेश और नवीन रणनीतियों के साथ इस दुश्मन को जड़ से उखाड़ फेंकने की प्रेरणा देती है।

मलेरिया कोई नई बीमारी नहीं। सदियों से यह मानवता को सता रही है। प्लाज़्मोडियम नामक परजीवी, जो मादा एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है, हर साल लाखों लोगों को अपनी गिरफ्त में लेता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2023 में लगभग 24.9 करोड़ लोग मलेरिया की चपेट में आए, और 6.08 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई। इनमें सबसे ज्यादा शिकार बच्चे और गर्भवती महिलाएं हैं। अफ्रीका के उप-सहारा क्षेत्र, दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई हिस्से आज भी इस बीमारी के गढ़ बने हुए हैं। यह आंकड़े सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि टूटे हुए सपनों और बिखरे हुए परिवारों की कहानियां हैं। 2007 में डब्ल्यूएचओ ने विश्व मलेरिया दिवस की शुरुआत की, ताकि इस बीमारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को गति मिले। हर साल एक नई थीम के साथ यह दिन हमें प्रेरित करता है कि मलेरिया को हराना असंभव नहीं। लेकिन सवाल यह है-क्या हम वाकई इस जंग को गंभीरता से लड़ रहे हैं? क्या हमारी नीतियां, हमारा समाज और हमारी मानसिकता इस युद्ध के लिए तैयार है? इस लड़ाई का सबसे बड़ा हथियार है-रोकथाम। मच्छरदानी का इस्तेमाल, कीटनाशकों का छिड़काव, जलभराव को रोकना, स्वच्छता को अपनाना और समय पर जांच व इलाज-ये छोटे-छोटे कदम मलेरिया को जड़ से मिटा सकते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जहां मलेरिया सबसे ज्यादा फैलता है, वहां स्वास्थ्य सेवाएं सबसे कमजोर हैं। ग्रामीण इलाकों में न तो पर्याप्त अस्पताल हैं, न ही दवाएं, और न ही जागरूकता। नतीजा? एक ऐसी बीमारी जो रोकी जा सकती है, वह लाखों जिंदगियां छीन रही है। मलेरिया सिर्फ मच्छरों से नहीं फैलता, यह हमारी उदासीनता से भी पनपता है। जब तक हर घर में मच्छरदानी नहीं पहुंचेगी, हर स्कूल में बच्चों को इसके बचाव के तरीके नहीं सिखाए जाएंगे, और हर सरकार इसे प्राथमिकता नहीं देगी, तब तक यह दुश्मन हम पर हावी रहेगा। शिक्षा और जागरूकता इस युद्ध के सबसे मजबूत सिपाही हैं। अगर हम हर बच्चे को सिखाएं कि मच्छरदानी जीवन रक्षक है, हर परिवार को बताएं कि साफ-सफाई बीमारी को दूर रखती है, तो हम मलेरिया को इतिहास की किताबों तक सीमित कर सकते हैं।

सेहत की बात



**प्रो. आरके जैन**

इस जंग में हमारे असली हीरो वे स्वास्थ्यकर्मी, डॉक्टर और स्वयंसेवक हैं, जो सीमित संसाधनों में भी दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे हैं। अफ्रीका के सुदूर गांवों से लेकर भारत के आदिवासी इलाकों तक, ये लोग उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। लेकिन सिर्फ उनके कंधों पर यह जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती। सरकारों को चाहिए कि वे मलेरिया उन्मूलन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाएं। बजट बढ़ाएं, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें, और अनुसंधान में निवेश करें। साथ ही, निजी क्षेत्र और सामुदायिक संगठनों को भी इस लड़ाई में शामिल करना होगा। वैज्ञानिक प्रगति भी इस युद्ध में हमारा साथ दे रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मोदी ने बिथान-समस्तीपुर रेल सेवा को दिखाई हरी झंडी

आजादी के बाद पहली बार रेल सेवा की शुरुआत

**एजेंसी। पटना/मधुबनी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मधुबनी से बिथान-समस्तीपुर के बीच रेल सेवा को आज (गुरुवार) हरी झंडी दिखायी। आजादी के बाद पहली बार बिथान से ट्रेन सेवा की शुरूआत हुई है। इससे इलाके में जश्न का महौल है। उधर रेल लाइन के शुरू होने से मिथिलांचल में विकास रफ्तार भरेगा। बिथान में आवागमन की सुविधा सुलभ नहीं होने के कारण इस इलाके के लोगों को बाढ़ के दौरान हसनपुर आने के लिए नाव ही एक मात्र सहारा था। हसनपुर-सकरी के बीच 79 किलोमीटर रेल परियोजना पर पिछले 50 साल से काम चल रहा है। हाल ही में रेलवे ने पक्षी विहार के कारण 50वें साल में जाकर कुशेश्वर पक्षी विहार के पास रेलवे लाइन का रूट बदल दिया है। हसनपुर से बिथान करीब 11 किलोमीटर रेल लाइन पिछले वर्ष ही बन कर तैयार हो गया था। सीआरएस ने निरीक्षण के दौरान ट्रेन चलाने की अनुमती भी प्रदान कर दी थी। लेकिन ट्रेन सेवा शुरू नहीं हो पाई थी। इस इलाके में रेलवे लाइन के बनने से आवागमन सुलभ होने से विकास की गति तेज होगी। चूंकि यह इलाका बाढ़ प्रभावित है। साल में छह महीना इस इलाके के लोग बाढ़ की पीड़ा झेलते हैं। लोगों के आवागमन की सुविधा सिर्फ नाव से ही रहती है। उधर रामविलास पासवान के रेल मंत्री से हटते ही कई वर्षों तक इस योजना को राशि नहीं मिली। लालू प्रसाद के रेल मंत्री बनने पर इस योजना को फंड मिलना शुरू हुआ। इस योजना के पूरा होने पर मिथिलांचल के इस इलाके में विकास के द्वारा खुलेंगे।



बीथान-हसनपुर रेलवे लाइन की वर्ष 1951 में योजना के लिए जांच की गई थी। वर्ष 1953 में रेलवे बोर्ड ने कहा कि बाढ़ के इलाके में यह संभव नहीं हो सकेगा। वर्ष 1972 में तत्कालीन रेलमंत्री ललित नारायण मिश्रा ने सर्वे की घोषणा की थी। इसी बीच समस्तीपुर स्टेशन पर बम विस्फोट में ललित बाबू की हत्या हो गई। इसके बाद इस योजना की फाइल बंद कर दी गई। वर्ष 1997 में रेल मंत्री रहे रामविलास पासवान ने इस योजना को मिथिलांचल के विकास के लिये जरूरी बताते हुए पुन: फाइल खोली और फंड उपलब्ध कराकर शिलान्यास भी किया।

## सहरसा और मुंबई के बीच नई अमृत भारत ट्रेन

सहरसा। उद्घाटन दिवस को छोड़कर, ट्रेन का भविष्य का यात्रा कार्यक्रम अभी तक बुकिंग के लिए उपलब्ध नहीं है। गुरुवार सुबह तक ट्रेन के लिए करीब 250 ट्रेन टिकट उपलब्ध थे। इसके अलावा, मुंबई से यात्रा का कोई विवरण नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार में थे। वहां उन्होंने चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन चार नयी ट्रेनों में सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ,जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल , पिपरा-सहरसा तथा सहरसा-समस्तीपुर के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की चर्चा खूब हो रही है। नई सेवा का उद्देश्य पूर्वी भारत से मुंबई आने वाले यात्रियों के लिए लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के पास उपलब्ध बुकिंग शेड्यूल के अनुसार, नई ट्रेन-05595 गुरुवार को सुबह 11.40 बजे चलेगी और शुक्रवार को रात 11.30 बजे मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन करीब 36 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करेगी और एक यात्री को 1,045 रुपये का किराया देना होगा। उद्घाटन दिवस को छोड़कर, ट्रेन का भविष्य का यात्रा कार्यक्रम अभी तक बुकिंग के लिए उपलब्ध नहीं है। गुरुवार सुबह तक ट्रेन के लिए करीब 250 ट्रेन टिकट उपलब्ध थे। इसके अलावा, मुंबई से यात्रा का कोई विवरण नहीं है। अपने रास्ते में अमृत भारत एक्सप्रेस खगड़िया, सलौना, हसनपुर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, पटना के पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, मुगलसराय, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, जलगांव, नासिक, कल्याण और ठाणे को जोड़ेगी।



## पुलवामा हमले के आतंकियों पर 20-20 लाख रुपये का इनाम घोषित

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकियों के स्केच बुधवार को जारी किये और आज इन पर 20-20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। पहला स्केच अनंतनाग के रहने वाले आदिल हुसैन थोकर का है। दूसरे आतंकी की पहचान अली भाई के रूप में हुई है, जिसे तल्हा भाई के नाम से भी जाना जाता है। तीसरे आतंकी की पहचान हासिम मूसा के रूप में हुई है, जिसे सुलेमान के नाम से भी जाना जाता है। तीनों लश्कर



आतंकियों में से मूसा और तल्हा के पाकिस्तानी आतंकी होने का संदेह है, जबकि थोकर कश्मीरी है। इनमें से किसी भी आतंकी के बारे में कोई भी जानकारी देने पर 20-20 लाख रुपये का इनाम रखा गया है। लोगों से कहा गया है कि वे अनंतनाग के एसएसपी से **9596777666** पर या अनंतनाग में पीसीआर से **9596777669** पर संपर्क करें।

## आतंकी हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**एजेंसी। अररिया**

फारबिसगंज सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को कोर्ट परिसर में एक शोकसभा का आयोजन किया, जिसमें बार एसोसिएशन एवं एडवोकेट एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कश्मीर के पहलगाम के बेसरन घाटी में आतंकी हमले का शिकार निर्दोष पर्यटकों के हत्या के विरोध में कैंडल जलाकर विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या किया जाना बेहद निंदनीय है। यह केवल मानवता पर ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा पर आघात है। आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वकीलों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक यूएई और एक नेपाल का पर्यटक और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।मौके पर बड़ी संख्या में वकील मौजूद थे।अध्यक्षता फारबिसगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की।

# 2,200 से ज्यादा कंपनियों ने छोड़ा बंगाल, बेरोजगारी बढ़ने का खतरा

**हाल ही में आपने महाराष्ट्र, गुजरात के बीच की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली थी। किसके पास सेमीकंडक्टर कंपनियां आएंगी। किसके पास रिफाइनरी की इंडस्ट्री आएगी। ऐसे में किसी राज्य से कंपनियों पलायन होता है तो ये अपने आप में काफी बड़ी बात हो जाती है।**

**एजेंसी। कोलकाता**

भारत सरकार की तरफ से बताया गया है कि पश्चिम बंगाल से काफी सारी कंपनियां अपना ऑफिस बंद करके दूसरे राज्यों की ओर रुख कर रही हैं। इसे एक तरह का कॉरपोरेट पलायन बताया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में बीते पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियां ने राज्य छोड़ दिया है। आज के वक्त में देखें तो भारत ज्यादा से ज्यादा कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में लगा है। तो ऐसे में राज्यों के अंदर कंपटीशन भी बना हुआ है कि कौन कितनी ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराएगा। जैसे हाल ही में आपने महाराष्ट्र, गुजरात के बीच की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली थी। किसके पास सेमीकंडक्टर कंपनियां आएंगी। किसके पास रिफाइनरी की इंडस्ट्री आएगी। ऐसे में किसी राज्य से कंपनियों पलायन होता है तो ये अपने आप में काफी बड़ी बात हो जाती है। पहले पूरा मामला क्या है ये आपको बताते हैं।



### संसद में सामने आया चिंताजनक आंकड़ा

संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कॉरपोरेट मामलों के कनिष्ठ मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संसद को बताया कि पिछले पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियों ने अपने पंजीकृत कार्यालय पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित किए हैं, जिनमें से कम से कम 39 सूचीबद्ध संस्थाएं हैं। राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के सवालों के जवाब में मल्होत्रा के जवाब ने तृणमूल कांग्रेस को सांसद के सवालों को पक्षपाती और भ्रामक करार दिया और भाजपा पर पूरी तरह से बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया। टीएमसी के राज्यसभा सांसद और पार्टी प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा कि यह सवाल पक्षपातपूर्ण और भ्रामक था। भाजपा का एकमात्र उद्देश्य बंगाल को खराब छवि में दिखाना था। पार्टी ने हमेशा ऐसा किया है। इससे उसे एक तरह का विकृत आनंद मिलता है। गोखले ने सवाल किया कि भाजपा ने उसी अवधि में नए पंजीकरणों की संख्या के बारे में क्यों नहीं पूछा। अगर वे पूरी सच्चाई जानना चाहते थे और पूरी तस्वीर पाने में रुचि रखते थे, तो उन्हें नए पंजीकरणों की संख्या भी पूछनी चाहिए थी।

### इन कारणों से बंगाल छोड़ रही कंपनियां

कंपनियों ने अपने मुख्यालयों को स्थानांतरित करने के लिए कई कारण बताए हैं, जिनमें प्रशासनिक और परिचालन सुविधा से लेकर लागत दक्षता और बेहतर प्रबंधकीय नियंत्रण तक शामिल हैं। हालांकि, यह निर्दिष्ट नहीं किया गया कि फर्म कहां स्थानांतरित हुईं। कंपनी अधिनियम कंपनियों को अपने पंजीकृत कार्यालयों को स्थानांतरित करने की अनुमति देता है। मंत्री ने कहा कि 2,227 पंजीकृत कार्यालयों के बाहर निकलने में विनिर्माण, वित्त, कमीशन एजेंसियां और व्यापार जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं।

## नक्सली दंपति का आत्मसमर्पण सात लाख का है इनाम

**एजेंसी। कवर्धा/रायपुर**

सशस्त्र बलों की आक्रामक नीति का नक्सल प्रभावित जिलों में प्रभाव दिखना शुरू हो गया है।नक्सली बैकफुट पर हैं और नक्सल प्रभावित विभिन्न जिलों में नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसी कड़ी में इनामी नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डू और उसकी पत्नी सविता उर्फ लच्छी पोयम ने कबीरधाम पुलिस (कवर्धा) के समक्ष आज गुरुवार को आत्मसमर्पण किया है। दोनों पति -पत्नी पर सात लाख रुपये का इनाम घोषित था। राजनांदगांव रेंज आईजी अभिषेक शांडिल्य ने बताया कि कवर्धा पुलिस के प्रयास से यह आत्मसमर्पण हुआ है । उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापसी करने और सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली 29 वर्षीय रमेश प्लाटून नंबर 01, एमएमसी जोन, जीआरबी डिवीजन कमेटी का सक्रिय सदस्य था। जबकि उसकी पत्नी 21 वर्ष सविता टांडा एरिया कमेटी में कार्यरत थी।

## इंश्योरेंस फेल होने पर अब तीन हजार का होगा ऑनलाइन चालान

**एजेंसी। भागलपुर**

भागलपुर में ट्रैफिक नियमों को और सख्त कर दिया गया है। शहर में अब हेलमेट के साथ-साथ वाहन का वैध इंश्योरेंस भी अनिवार्य हो गया है। भागलपुर शहर में कुल 16 ट्रैफिक सर्विलांस कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे पहले केवल बिना हेलमेट चलने वालों पर नजर रखते थे लेकिन अब इन कैमरों के जरिए यह भी चेक किया जा रहा है कि किसी वाहन का इंश्योरेंस वैध है या नहीं। ट्रैफिक डीएसपी आशिष सिंह ने गुरुवार को जानकारी दी है कि यदि किसी वाहन का इंश्योरेंस फेल पाया जाता है तो उस पर तीन हजार का ऑनलाइन चालान सीधे जारी कर दिया जाएगा। यह नया नियम 24 अप्रैल से पूरे शहर में प्रभावी कर दिया गया है। डीएसपी आशिष सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे कम से कम थर्ड पार्टी इंश्योरेंस जरूर करवाएं ताकि न केवल कानून का पालन हो सके बल्कि दुर्घटना की स्थिति में भी कानूनी सुरक्षा मिल सके। इससे पहले यह नियम गया और मुजफ्फरपुर जैसे शहरों में पहले से ही लागू था और अब भागलपुर में भी इसे लागू कर दिया गया है।

## अटारी-बाघा बॉर्डर से भारत ने वापस लौटाए पाकिस्तानी नागरिक

**एजेंसी। चंडीगढ़**

**● अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट, तरबूज व जीरा लेकर आए ट्रक बॉर्डर पर रुके**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध लिए गए फैसलों का असर गुरुवार को अटारी बाघा बॉर्डर पर देखने को मिला। पाकिस्तान की तरफ से वीजा लेकर भारत में भ्रमण के लिए आने वाले किसी भी नागरिक को भारत में प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं इधर से जाने वाले 42 पाकिस्तानी नागरिकों को पूछताछ के बाद अटारी सीमा के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया गया।दोनों देशों के बॉर्डर पर अटारी सीमा भारत के अधिकार क्षेत्र में आती है, जबकि बाघा सीमा पाकिस्तान के अधिकार क्षेत्र में आती है। सामान्य की दिनों की भांति गुरुवार की सुबह करीब 11:00 बजे पाकिस्तान की तरफ से 100 से अधिक यात्री भारत में घूमने के लिए अटारी बघा सीमा पर पहुंचे थे। इन पाकिस्तानी नागरिकों को भारत सरकार के लिए गए फैसले के बारे में जानकारी नहीं थी। इसके बावजूद भारतीय सैन्य अधिकारियों ने उन्हें नए फैसले से अवगत कराते हुए भारत में प्रवेश देने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान सरकार की तरफ से अभी इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया है, जिसके चलते यह नागरिक काफी देर तक भारत-पाक सीमा पर ही बैठे रहे। पाक रेंजरों से बात के बाद वापस लौट गए। इस बीच भारत में घूमने के लिए आये पाकिस्तानी नागरिकों को बुधवार की रात लिए गए फैसले के बारे में पता चला तो आज सुबह वह अटारी बॉर्डर पर पहुंचे।

## पुलिस ने नवादा कोर्ट के पेशकार को मारा थप्पड़

**नवादा।** बिहार के नवादा सिविल कोर्ट में गुरुवार को कोर्ट पेशकार और पुलिस जवान के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है, जहां कोर्ट पेशकार नवीन कुमार को एक पुलिस जवान के द्वारा थप्पड़ मारा गया है, जहां नवीन कुमार ने आरोप लगाया है।घटना के बाद सभी पेशकारों ने करीब 3 घंटे तक काम रोक दिया। उन्होंने दोषी सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है। 3 घंटा के बाद सभी लोग अपने काम पर लौट गए हैं। पेशकार नवीन कुमार को थाना के एसआई निरंजन सिंह के साथ सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। अन्य पेशकार भी उनके साथ अस्पताल पहुंचे। पेशकारों ने ड्यूटी पर तैनात सिपाही पर बदतमीजी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## एफआईआईटी जेईई के मालिक के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**एजेंसी। गुरुग्राम**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह एफआईआईटी जेईई कोचिंग सेंटर के मालिक डीके गोयल के सेक्टर-44 स्थित कोचिंग सेंटर के अलावा नोएडा और दिल्ली सहित आठ ठिकानों पर छापेमारी की है। गोयल पर आरोप है कि एफआईआईटी जेईई कोचिंग सेंटर के छात्रों से वसूल किए गए रुपये को निजी फायदे के लिए दूसरी कंपनियों में लगाया गया है। गुरुवार को ईडी की टीमों ने मनी लॉन्ड्रिग एक्ट के तहत कोचिंग सेंटर के मालिकों और प्रमोटरों से जुड़े गुरुग्राम, नोएड़ा और दिल्ली सहित आठ ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। यूपी और दिल्ली में कई एफआईआर दर्ज होने के बाद यह एक्शन लिया गया है। ईडी की तरफ से छापामारी को लेकर कोई अधिकारिक बयान अभी तक नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि सुबह 6 बजे से ईडी के अधिकारी दस्तावेज खंगालने के साथ पूछताछ कर रहे हैं। फीस के रूप में वसूले गए पैसों का कहां-कहां लगाया गया है इसकी जांच ईडी कर रही है। दरअसल, एफआईआईटी जेईई के जनवरी में अचानक सेंटर बंद हो गए। सेंटर बंद होने से छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। अभिभावकों का आरोप है कि कोचिंग सेंटर के मालिक और प्रमोटरों ने कोचिंग के नाम पर मोटी रकम वसूली और उस पैसे को अपने फायदे के लिए दूसरी कंपनियों में निवेश कर दिया। अभिभावकों ने ईडी को शिकायत दी थी कि कोचिंग सेंटर के मालिकों ने एडवांस छात्रों से 5 से 6 लाख रुपये सालाना लिए और अचानक बिना सूचना के सेंटर को बंद कर दिया। बच्चों का भविष्य खराब होने और पढ़ाई रूकने से अभिभावकों में रोष है।




**● ईडी ने एफआईआईटी जेईई के सेक्टर-44 स्थित कोचिंग सेंटर की छापामारी**

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‍ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# पत्नियों के सामने कोई उनका सुहाग उजाड़े यह भारत को स्वीकार नहीं : योगी

**एजेंसी। कानपुर**

सीएम योगी ने कानपुर में कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह क्रुर, वीभत्स, कायराना कृत्य है।उन्होंने कहा कि न केवल देश ने बल्कि दुनिया के हर सभ्य समाज ने इसकी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना बताती है कि आतंकवाद खात्मे की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्नियों के सामने कोई उनका सिंदूर उजाडे.ये हम स्वीकार नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्नियों के सामने कोई उनका सिंदूर उजाडे. ये हम स्वीकार नहीं कर सकते। किसी भी सभ्य समाज में ऐसा नहीं होता खासतौर पर भारत के अंदर तो यह कतई स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह क्रुर, वीभत्स, कायराना कृत्य है।उन्होंने कहा कि न केवल देश ने बल्कि दुनिया के हर सभ्य समाज ने इसकी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना बताती है कि आतंकवाद खात्मे की ओर है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। धर्म पूछकर मारा गया ये देश में स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम आतंक के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेंगे। आतंकियों को कठोर सजा देंगे । सीएम योगी ने कहा कि हम आतंकियों में वोट बैंक नहीं देखते। हम इनके विषैले फन को कुचले डालेंगे। आतंकवाद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं है।उन्होंने कहा कि ये डबल इंजन की सरकार है। यहां कोई भी इस तरह की हरकत करके बच नहीं सकता। इससे पहले देर रात उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और मंत्री योगेश शुक्ला ने शुभम के शव को खुद कांधा देकर एंबुलेंस से घर तक पहुंचाया।



### जैसे ही बोला हिंदू हैं वैसे ही मार दी गोली

कानपुर पहुंचने के बाद शुभम की पत्नी एशान्या पहली बार मीडिया के सामने आईं और उन्होंने रुंधे गले से बताया कि हम लोग बैठकर बातें कर रहे थे। तभी कुछ लोग बंदूक लेकर आए और शुभम से पूछा-हिंदू हो या मुसलमान। पहले तो हम कुछ समझ नहीं पाए फिर उन्होंने दोबारा पूछा, और जैसे ही शुभम ने कहा हिंदू हूं, उन्होंने गोली मार दी। पहली गोली उन्हीं ने शुभम को मारी। वहीं पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि जब बहू ने बोला कि मेरे को भी गोली मार दो तो आतंकियों ने बोला नहीं तुम जाओ तुम मोदी को बताना। संजय द्विवेदी ने कहा कि ये दो टके के आतंकवादी हमारी सरकार को खुली चुनौती देकर चले गए। इन्हें ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि सात पुश्तें याद रखें।

## यूपी एटीएस के हत्थे चढ़ा 30 साल से फरार खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह

**एजेंसी। गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश एटीएस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स से जुड़े 30 साल से फरार आतंकवादी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार कर लिया है। टाडा एक्ट के तहत दर्ज गाजियाबाद के पुराने मामले में वांटेड इस इनामी आतंकी को यूपी एटीएस की नोएडा यूनिट ने पंजाब के अमृतसर से दबोचा। मंगत सिंह 1993 से लेकर अब तक पहचान छिपाकर बचता रहा है। उत्तर प्रदेश एटीएस (एंटी टेररिज्म स्क्वाड) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुख्यात आतंकवादी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार कर लिया है। यह आतंकी बीते 30 वर्षों से फरार था और उस पर गाजियाबाद पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। यूपी एटीएस की नोएडा यूनिट ने खुफिया सूचना के आधार पर उसे पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया। मंगत सिंह मंगा पर साल 1993 में गाजियाबाद के साहिबाबाद थाने में टाडा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वर्ष 1995 में उसे जमानत तो मिली, लेकिन उसके बाद वह फरार हो गया और तब से लगातार कानून की आंखों में धूल झोंकता रहा। गिरफ्तार मंगत सिंह का सीधा संबंध खालिस्तान कमांडो फोर्स जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से रहा है। उसका भाई संगत सिंह भी इसी संगठन से जुड़ा हुआ था, जिसे साल 1990 में पंजाब पुलिस ने एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। मंगत सिंह ने अपनी पहचान और लोकेशन को छिपाकर पिछले कई सालों से अमृतसर में शरण ली हुई थी। यूपी एटीएस की कार्रवाई तब शुरू हुई, जब उसे इनपुट मिला कि मंगत सिंह पंजाब में गुपचुप तरीके से रह रहा है।



# पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया

- राजनयिकों की संख्या में कटौती और वाघा सीमा बंद की



**इस्लामाबाद (हि.स.)**

भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर नई दिल्ली के दंडात्मक कूटनीतिक उपायों की घोषणा से तिलमिलाए पाकिस्तान ने आज अपने अन्य उपायों के साथ वाघा सीमा को बंद करने की घोषणा की। यह घोषणा राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक के बाद की गई। बैठक में कहा गया कि अगर भारत, पाकिस्तान के स्वामित्व वाले पानी के प्रवाह को रोकता या मोड़ता है, तो इसे युद्ध की घोषणा माना जाएगा। संघीय सरकार ने 30 अप्रैल से इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के राजनयिक कर्मचारियों की अधिकतम संख्या 30 तक सीमित करने और तत्काल प्रभाव से सभी भारतीय स्वामित्व वाली या संचालित उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने की घोषणा की।

डॉन अखबार और जियो न्यूज की खबर के अनुसार, यह बैठक भारत के आक्रामक कदमों के जवाब में बुलाई गई। पहलगाम में मंगलवार को इस हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि बैठक में पाकिस्तान की आंतरिक और बाहरी स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सिंधु जल संधि को स्थगित करने के भारत के फैसले पर भी चर्चा की गई। बैठक में सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी मौजूद रहे। बैठक शुरू होने से पहले उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और कुछ अन्य मंत्री इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक आवास पहुंचे।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने चेतावनी दी है कि भारत के पाकिस्तान के स्वामित्व वाले जल के प्रवाह को मोड़ने के किसी भी कदम को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। समिति ने कहा कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने का भारत का फैसला एकतरफा है। सिंधु जल संधि 240 मिलियन पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है। पाकिस्तान हर हाल में अपने जल अधिकारों की रक्षा करेगा।

पाकिस्तान ने 30 अप्रैल से इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के राजनयिक कर्मचारियों की अधिकतम संख्या 30 तक सीमित करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान ने तत्काल प्रभाव से सभी भारतीय स्वामित्व वाली या संचालित उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। समिति ने भारत के साथ सभी तरह के व्यापार को निलंबित करने का भी फैसला किया। इस फैसले में तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार भी शामिल हैं। इसके अलावा, वाघा सीमा क्रॉसिंग को तत्काल बंद करने की घोषणा की गई है। समिति में मौजूद सैन्य और नागरिक नेतृत्व ने जोर देकर कहा कि भारत की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा।

## पाकिस्तान सरकार का आधिकारिक एक्स अकाउंट भारत में ब्लॉक

नई दिल्ली (हि.स.)। पाकिस्तान सरकार का आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान सरकार के एक्स अकाउंट पर बैन का मतलब है कि इस पर पोस्ट की गई कोई भी सामग्री भारत में नहीं दिखेगी। भारत ने यह दंडात्मक कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अन्य कूटनीतिक उपायों की घोषणा के बाद उठाया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कूटनीतिक कदम उठाए हैं।

## घबराया पाक, कराची में करने जा रहा है सरफेस टू सरफेस मिसाइल टेस्ट

इस्लामाबाद, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान पर पांच बड़े डिप्लोमैटिक एक्शन लिए गए हैं। इसको देखते ही आज जैसे ही कराची स्टॉक एक्सचेंज ओपन हुआ तो वो धड़ाम से नीचे जा गिरा। इसके साथ ही पाकिस्तान चाहता है कि ये पूरा मामला है उसे भुनाया जाए और उसने सर्फेस टू सर्फेस मिसाइल का एनाउसमेंट कर दिया। इस्लामाबाद ने एक अधिसूचना जारी की है जिसमें कहा गया है कि वह अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करेगा, समाचार एजेंसी एएनआई ने रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया।

## पोप फ्रांसिस की अंतिम झलक के लिए उमड़े हजारों लोग



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस का निधन स्थानीय समयानुसार 21 अप्रैल को ईस्टर सोमवार को सुबह 7:35 बजे वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित उनके निवास पर हुआ। पोप फ्रांसिस के निधन की पुष्टि होली सी प्रेस कार्यालय ने की है। 88 वर्षीय पोप ने 12 साल से कुछ ज्यादा समय तक कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। पोप के निधन के बाद पोप के चैपल को पूरी तरह सील कर दिया गया था। सेंट पीटर्स बेसिलिका संक्षिप्त बंद रहने के बाद पुनः खुला, हजारों लोग पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। वेटिकन ने गुरुवार की सुबह घोषणा की कि सेंट पीटर बेसिलिका ने स्थानीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे से 7:00 बजे के बीच अपने दरवाज़े कुछ समय के लिए बंद कर दिए थे, उसके बाद पोप फ्रांसिस के पार्थिव शरीर के सार्वजनिक दर्शन के लिए फिर से खोला गया। सुबह दिवंगत पोप के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखे जाने के बाद से बेसिलिका में तीर्थयात्रियों, पादरी और गणमान्य व्यक्तियों का लगातार आना-जाना लगा रहा।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट, 3 पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवत जिले के दर्रा पेजू इलाके में आज हुए विस्फोट में कम से कम तीन यातायात पुलिसकर्मी घायल हो गए। शुरुआती सूचना के अनुसार, विस्फोट के बाद यातायात पुलिस के वाहन में आग लग गई। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। घायलों में मोबाइल वैन प्रभारी इमरान भी शामिल हैं। 'एआईवाई न्यूज' चैनल की खबर के अनुसार, घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर गुनहगारों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस ने कहा कि इससे एक दिन पहले आतंकवादियों ने करम ब्रिज के पास एक वन्यजीव पार्क की इमारत पर विस्फोट किया।

## उधमपुर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ एक जवान शहीद

**उधमपुर (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान बसंतगढ़ इलाके में मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर गुरुवार को उधमपुर के बसंतगढ़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान आतंकियों ने जब सुरक्षा बलों से खुद को घिरा देखा तो उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवानों ने भी कार्रवाई शुरू की। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से सेना का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहतरीन चिकित्सा प्रयासों के बावजूद जवान बलिदान हो गया। मुठभेड़ जारी है।"

# वीजा रद्द, जल्द से जल्द पाक लौटें पाकिस्तानी : भारत

### पाक में रह रहे भारतीय भी लौटें स्वदेश

**नई दिल्ली (हि.स.)।**



भारत ने सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद आज कहा कि देश में रह रहे सभी पाकिस्तानियों का वीजा 27 अप्रैल और मेडिकल वीजा 29 अप्रैल तक ही वैध रहेगा। यहां मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अब जल्द से जल्द भारत छोड़ देना चाहिए। वहीं पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने को कहा गया है।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सीसीएस द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रभाव से वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे। भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अब संशोधित वीजा की अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी है। साथ ही वर्तमान में पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी है।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज पहलगाम जाएंगे, सुरक्षा स्थिति की करेंगे समीक्षा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहलगाम हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का दौरा करेंगे। पहलगाम में आतंकवादी हमले के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक सैनिक का सर्वोच्च बलिदान हुआ है। सेना प्रमुख को शीर्ष कमांडर घाटी में और नियंत्रण रेखा पर सैन्य आतंकवाद विरोधी उपायों के बारे में जानकारी देंगे। इस दौरान 15 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद रहेंगे। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक करके जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा की है। बैठक में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन्हें पहलगाम और पूरे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया था कि सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है और आतंकियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान जारी है। इसके बाद शाम को हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहलगाम हमले को लेकर जानकारी दी। पहलगाम में आतंकवादी हमले के एक दिन बाद तलाशी अभियान के दौरान दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के तंगमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तंगमर्ग की घेराबंदी की।

## छग अंतरराज्यीय सीमा के जंगल में हुई मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली ढेर

**जगदलपुर (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत अंतरराज्यीय सीमा के जंगल में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाईटर, सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में तीन महिला नक्सली मारे गए हैं। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच अभी मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी महिला नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि इलाके में नक्सलियों के एकत्र होने की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाईटर, सीआरपीएफ कीसंयुक्त टीम को रवाना किया गया है। गुरूवार सुबह से ही सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ चल रही है। उन्होंने बताया कि बीजापुर जिले और तेलंगाना राज्य की सीमा में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी महिला नक्सली मारी गई हैं। मुठभेड़ में तीनों वर्दीधारी महिला नक्सलियों के शवों के साथ जवानों ने बड़ी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान भी बरामद किया है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पहचान में मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 की सदस्य हैं।

### दुश्मनों को सख्त संदेश

## नौसेना ने दागी मिसाइल, सीधे लक्ष्य पर लगा निशाना



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है। नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। इसके साथ ही यह रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित भी करती है। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति समर्पण का प्रमाण है। परीक्षणों के दौरान इस बम ने लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक अत्यंत सटीक निशाना लगाया।

### विपक्ष की नजर में पहलगाम हमला खुफिया व सुरक्षा विफलता का परिणाम

# सिब्बल ने पाक को आतंकी देश घोषित करने की मांग की

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसमें मारे गए 26 लोगों की मौत पर विपक्षी दलों ने शोक जताया। लेकिन उनमें से कुछ ने घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी के केंद्र सरकार के पिछले दावों पर भी सवाल उठाए और क्षेत्र के पर्यटन स्थलों में से एक में हुए आतंकवादी हमले से स्पष्ट खुफिया और सुरक्षा विफलता को उजागर किया।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और दोनों ने सुझाव दिया कि यह राजनीति का समय नहीं है, हालांकि गांधी ने सरकार से 'जवाबदेही' मांगी और खड़गे ने कहा कि हमले के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। शाह के श्रीनगर पहुंचने के बाद उनसे बात करने वाले गांधी ने बाद में एक्स पर कहा, 'पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य होने के खोखले दावे करने के बजाय, सरकार को अब जवाबदेही लेनी चाहिए और ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी बर्बर घटनाएं न हों और निर्दोष भारतीयों को इस तरह अपनी जान न गंवानी पड़े।' खड़गे ने घोषणा की कि कांग्रेस पार्टी 'आतंकवाद के इस कायराना कृत्य और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर सीधा हमला है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह पक्षपातपूर्ण राजनीति का समय नहीं है। यह सामूहिक संकल्प का समय है, ताकि इस आतंकी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाकर उन लोगों और उनके शोकाकुल परिवारों को न्याय सुनिश्चित किया जा सके, जिन्होंने अपनी जान गंवाई है।' खड़गे ने कहा, 'यह भारतीय राज्य पर सीधा हमला है। पूरा देश सदमे में है। एक पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली है। हमें इसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। हम सब एक हैं और हम लड़ेंगे।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार के साथ समन्वय और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हमने लगातार आतंकवाद और अलगाववाद का मुकाबला किया है और हमारे शीर्ष नेतृत्व ने इस लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति तक दी है। इधर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार की 'विफलता' और अपर्याप्त 'सुरक्षा व्यवस्था' के लिए आलोचना की।सीपीआईएम पोलित ब्यूरो ने एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया, 'इस भयानक अपराध के अपराधियों को पकड़ा जाना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।

### कहानी फिल्म जगत की




### एक्ट्रेस जानकी बोदीवाला बनीं

# 'मर्दानी-3' की नई शेरनी फैंस को बेसब्री से इंतजार

अभिनेत्री रानी मुखर्जी एक बार फिर अपनी दमदार फ्रेंचाइजी 'मर्दानी' के तीसरे भाग 'मर्दानी-3' के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को लेकर फैंस लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक बार फिर रानी पुलिस की वर्दी में एक सशक्त और बेखौफ अफसर के रूप में नजर आएंगी। इस बार फिल्म का निर्देशन अभिराज मीनावाला कर रहे हैं। अब फिल्म में जानकी बोदीवाला एंट्री हो चुकी है। साथ ही उनके किरदार से भी पर्दा उठ गया है, जो कहानी में एक अहम मोड़ लेकर आएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रानी मुखर्जी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मर्दानी-3' की स्टारकास्ट में अब जानकी बोदीवाला भी जुड़ चुकी हैं। इस फिल्म में जानकी एक पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आएंगी। खास बात यह है कि उन्होंने मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू भी कर दी है। जानकी ने साल 2024 में फिल्म 'शैतान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अजय देवगन की बेटी का किरदार निभाया था। इससे पहले वह 2015 में गुजराती फिल्म 'छैलो दिवस' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर चुकी हैं।

'मर्दानी-3' की रिलीज डेट का खुलासा हो चुका है। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 को बड़े पर्दे पर दस्तक देने जा रही है। इस बार निर्देशन की बागडोर अभिराज मीनावाला ने संभाली है, जबकि फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। 'मर्दानी' फ्रेंचाइज़ी की शुरुआत 22 अगस्त, 2014 को हुई थी और इसका दूसरा पार्ट 2019 में रिलीज हुआ था। फिल्म में रानी मुखर्जी एक जांबाज पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका में नजर आई थीं। पहले भाग का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था।



# केंद्र सरकार के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सुप्रियो भट्टाचार्य ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और राज्य सरकारों पर तीखे सवाल दागे। साथ ही पहलगाम पर्यटक हत्या मामले में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का आह्वान किया।



भट्टाचार्य ने घोषणा की कि एक सप्ताह बाद अमरनाथ तीर्थयात्रा शुरू होगी। जिसके लिए हजारों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा बजट आता है, लेकिन व्यवस्थाएं नदारद हैं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और वहां की शांति भंग करने वाले तत्वों से सख़्ती से निपटना होगा। पुलवामा हमले का संदर्भ देते हुए बोले, अब तक कुछ गद्दार चिन्हित ही नहीं हो पाए। जब तक उनके नाम उजागर नहीं होंगे, देश में अमन चैन छिनने वाले लोगों के खिलाफ केद्र सरकार को एक्शन लेना चाहिए।

कह कि केद्र सरकार के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए भट्टाचार्य ने कहा, सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। जम्मू-कश्मीर के लोग अमरनाथ यात्रा सकुशल पूरा करेंगे।

उन्होंने दावा किया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आर्थिक व्यवस्था को 20 साल पीछे धकेल दिया है और सिर्फ. बयानबाजी से काम नहीं चलेगा।

# कांग्रेस करेगी 3 मई को राज्य स्तरीय संविधान बचाओ महारैली

- पहलगाम की घटना के विरोध में कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्तरीय महारैली की घोषणा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने करते हुए कहा कि देश में लगातार संविधान और संविधान द्वारा गठित संस्थानों पर हमले हो रहे हैं लेकिन संविधान की रक्षा के प्रति कांग्रेस प्रतिबद्ध है।

संविधान में भारत के नागरिकों को अधिकार दिए गए हैं उनके अधिकारों को छिनने का प्रयास सत्ताधारी दल द्वारा किया जा रहा है। संविधान बदलने का मुखर अभियान देशवासियों के बीच चलाया जा रहा है, इस वास्तविकता से जनता को अवगत कराने के लिए राज्य स्तर के बाद जिला एवं विधानसभा स्तर पर रैली आयोजित की जाएगी। 40 दिनों तक संविधान रक्षा अभियान के तहत कांग्रेस घर-घर जाकर संविधान में दिए गए अधिकारों से लोगों को अवगत कराएगी, संविधान के प्रति जागरूकता का यह महा अभियान है। जिस दिन आम लोगों के घरों में संविधान होगा जनता सजग रहेगी और तानाशाह शासन द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ रची जा रही साजिशों के खिलाफ संघर्ष में साथी होगी।




कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि पहलगाम की घटना निंदनीय है। जिस प्रकार हिंदुओं को चुन चुन कर मारा गया है उसे साफ है कि आतंकी चाहते हैं कि देश में वे वैमनष्यता फैलै, देश की एकता कमजोर हो। भारत सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, आज देश में एकता की जरूरत है। जो मंशा आतंकियों की है, उनके पीछे बैठे पाकिस्तान की है उस मंशा पर हमें पानी फेरना है। भाजपा अपने फोल्डर से देश की एकता को कमजोर करने वाले तथ्यों को परोस रही है। विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि इस देश में खाई सी बनती जा रही है, इसे पाटने के लिए राहुल गांधी ने एकता का संदेश देने के लिए पूरे भारतवर्ष की पदयात्रा की। कांग्रेस का मकसद है कि देश एक सूत्र में बंधा रहे, संविधान और कानून के अनुरूप देश चले। पहलगाम की घटना के विरोध में कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है, इस घटना के पीछे जिसका भी हाथ हो उसका पदार्फाश हो, जो चूक हुई है उसकी जांच हो ताकि भविष्य में पुनरावृत्ति ना हो।देश को सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस ने कीमत चुकायी है और संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रहने के लिए आगे भी संघर्षरत रहेगी।

## न्यूज | बॉक्स

### सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का प्रयास लाया रंग, चार स्टेशनों पर होगा 6 ट्रेनों का ठहराव

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सार्थक व साकारात्मक प्रयास रंग लाया। चार स्टेशनों पर छह ट्रेनों का ठहराव होगा। रेलवे ने इसकी मंजूरी दे दी है। सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी लंबे समय से इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर प्रयासरत थे। इसको लेकर उन्होंने संसद में अपनी बातों को रखा था। इस बावत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी चर्चा की थी। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरीने बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भंडारीदाह स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, पारसनाथ स्टेशन पर मुंबई एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं बोकारो थर्मल स्टेशन पर कोलकाता- मदार एक्सप्रेस का ठहराव होगा। साथ ही फुलवार टांड स्टेशन पर धनबाद- रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, वनांचल एक्सप्रेस एवं रांची - गोड्डा एक्सप्रेस का ठहराव होगा। उन्होंने बताया कि आगामी मई माह से इन ट्रेनों के ठहराव होने से लोगों को आवागमन में सुविधा और सहूलियत होगी। पारसनाथ स्टेशन से मुंबई एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस के ठहराव से यहां के लोग सीधे मुंबई व देश के अन्य राज्यों की यात्रा कर सकेंगे। लंबे समय से इसकी मांग लोग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि लोगों को रेल यात्रा सुविधा ज्यादा से ज्यादा प्राप्त हो सके और इसको लेकर हमारी गंभीरता बनी हुई है।

### पंचायती राज और पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू करना होगा : संगठन



**रांची।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा पुराने विधानसभा के सभागार में स्वराज मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने की । मंच का संचालन सुभाष नाग ने किया पूरे प्रदेश भर से आए पंचायती राज से जुड़े 120 प्रतिनिधियों को झारखंड के 25 वर्षों में पंचायती राज संस्थाओं की स्थिति की दिशा और दशा के बारे में पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मधुकर, दयामणि बारला एवं सुधीर पाल ने पंचायती राज अधिनियम, पेसा कानून उनके अधिकारों से जुड़ी समस्या और उसके लिए किए जाने वाले उपायों पर अपना विचार रखा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया। साथ ही साथ पंचायत राज से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने आज की चुनौती पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा, वेद प्रकाश, डॉ अमित, अंजनी रंजन, मुदस्सर खान, पुष्पा कुल्लू, सुंदरी तिर्की, अनामिका, नगमा आरा, देवलाल कुमार, बालमुकुंद यादव, रितेश तामसोय, अमितेश कुमार, फुलगेंसिया बिलुंग, संतोष राय, पवन कुमार, सत्यम सिंह, त्रिभुवन, शारदा रंजन, अमर मुंडू और अन्य उपस्थित हुए।

### ग्रामीण एसपी ने की लंबित मामलों की समीक्षा




**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को कांके, नामकुम और खरसीदाग थाना में वर्ष 2019 से लंबित मामलों की समीक्षा की। मौके पर पुलिस डीएसपी मुख्यालय प्रथम, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कांके, नामकुम, थाना प्रभारी खरसीदाग और अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में मामलों को समय सीमा के अंदर अनुसंधान पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया।

संपूर्ण क्रांति के आंदोलनकारियों की बैठक 27 को

# आंदोलनकारियों की बैठक में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय : डॉ. सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि अगले 27 अप्रैल को रांची में होनेवाली लोकनायक जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति के आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। डॉ. मंडल ने उक्त आंदोलन से जुड़े हुए सभी आंदोलनकारियों एवं क्रांतिकारियों से अपील की है कि वे उक्त बैठक में निश्चित रूप से शामिल हों जो कांके रोड में इस्कॉन मंदिर के समीप स्थित उनके आवास पर 27 अप्रैल दोपहर दो बजे होगी।



डॉ. मंडल ने कहा कि देश में उन आंदोलनकारियों एवं क्रांतिकारियों की भूमिका अभी भी प्रासंगिक है जिन्होंने 1974 में देश को इमरजेंसी के चंगुल से निकाला था। उन्होंने कहा कि इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे साथ ही आपसी एकजुटता को बनाये रखते हुए न केवल राष्ट्रीय बल्कि अन्य अनेक प्रासंगिक मुद्दों पर भी बात कर फैसला लिया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय सम्पूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के तहत जेपी सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानी के समकक्ष दर्जा एवं अन्य सुविधाएं देने की अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी है। इसके तहत पिछले दिनों जंतर मंतर पर धरना और संसद घेराव जैसे आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें डॉ मंडल सहित 100 से अधिक आंदोलनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### रातू, चान्हो और मांडर में प्रशासन ने कोयला लदे वाहनों की जांच की

**रांची।** रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में बुधवार की रात में रातू, चान्हो और मांडर में खनिज लदे वाहनों की जांच की गई। खनिज लदे वाहनों में विशेष रूप से कोयला लदे वाहनों की जांच मांडर टोल प्लाजा के समीप की गई। जांच में पाया गया कि कोयले से लदे वाहन रांची जिला एवं समीपवर्ती जिलों जैसे सरायकेला और जमशेदपुर में कोयले का परिवहन कर रहे हैं। कुछ वाहनों द्वारा एनटीपीसी से फ्लाई ऐश का परिवहन ओरमांझी में निमार्णाधीन सड़क कार्य के लिए हो रहा है। टीम ने देर रात मांडर से प्रस्थान कर नगड़ी थाना क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

झामुमो ने की आतंकी हमले की निंदा, कहा

# पहलगाम में हिंदू या मुस्लिम की नहीं, इंसानियत की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे इंसानियत की हत्या करार दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस घटना में हिंदू या मुस्लिम नहीं, बल्कि इंसानियत की हत्या हुई है। पहलगाम में जिन पर्यटकों की हत्या की गई है, उनमें सिर्फ हिंदू नहीं बल्कि मुस्लिम, ईसाई एवं विभिन्न धर्मों के लोग शामिल हैं। उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और मानवता को शर्मसार करने वाला बताया।

झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के नरसंहार की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि भारत सरकार को ऐसा कदम उठाना चाहिए जिससे भविष्य में कोई भी आतंकवादी कश्मीर की ओर देखने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने पहलगाम को देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और लोकप्रिय स्थल बताया। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह स्थान इतना संवेदनशील और लोकप्रिय है, तब हमले के वक्त वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# सोवरन कंपनी पर ठगी करने का आरोप




### डीजीपी ने दिए एसआईटी गठित करने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निवेश का प्रलोभन देकर सोवरन कॉमटेड्र कंपनी द्वारा झारखंड में बड़े पैमाने पर ठगी किये जाने के आरोप को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कार्रवाई का आदेश जारी किया है।

इस मामले की समीक्षा के दौरान गुरुवार को डीजीपी ने दर्ज कांडों का गहराई से अनुसंधान करने का निर्देश दिया। अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने को कहा।

ठगी के शिकार लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्यों का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने निर्देश दिया। डीजीपी ने विशेष तौर पर इस संबंध में सीआईडी को एसआईटी गठन करने का आदेश दिया है।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले का कांग्रेस ने किया विरोध


## सैंकड़ों कार्यकताओं के साथ निकला कैंडल मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पहलगाम में हुए विभत्स आतंकवादी हमले के विरोध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व लोकसभा का आयोजन कर 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई जिसके बाद कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




### देश इंसाफ मांग रहा, बयानों के तीर नहीं : राजेश ठाकुर



राजेश ठाकुर ने कहा कि देश इंसाफ मांग रहा है बयानो के तीर नहीं कड़े फैसले और कठोर कार्रवाई चाहिए। देश की 140 करोड़ जनता ने जिनके उपर भरोसा किया उन्हें देश की जनता को विश्वास दिलाना होगा। विपदा कि इस घड़ी में कांग्रेस पूरी तरह से सरकार के साथ खड़ी है, कोई बहाना नहीं बल्कि एक ताकतवर कारनामा दिखना चाहिए। देशवासियों को कश्मीर में शांति का भरोसा दिलाया गया जिसके कारण लोग वहां जाने लगे जिसका फायदा आतंकियों ने उठाया। खुफिया तंत्रो और सुरक्षा कहां चूक हुई इसकी गहन जांच जरूरी है, जनता के सामने सच लाना होगा। कायराना आतंकी हमले को भाजपा धर्म के चश्मे से देख रही है,इस विकट परिस्थिति में भी एकता पर बल देने की बजाय विकृत राजनीति का चेहरा भाजपा नेताओं द्वारा पेश किया जा रहा है।


### पहलगाम के हमले ने देश की भावनाओं को भड़काया : राधा कृष्ण किशोर

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि आतंकवाद के सबसे विकृत चेहरे के रूप में पहलगाम की घटना सामने आई है। देश की जनता कठोर कार्रवाई चाहती है, कूटनीति के अलावा भी यदि संभावनाएं हो तो कार्रवाई के अन्य रास्ते भी सीमा पार आतंकवाद के सफाई के लिए अपनाये जा सकते हैं। इस हमले के द्वारा देश की भावनाओं को भड़काने का काम किया गया, लेकिन पीड़ा की घड़ी में भी भारत की जनता एकजूटता की ताकत को अच्छी तरह समझती है इसी कारण आतंकियों के मंसूबे इस देश में पूरे नहीं होते हैं।

# फीस बढ़ाने के मामले में निजी विद्यालयों की दायर रिट याचिका खरिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निजी विद्यालयों ने फीस बढ़ाने के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2019 में रिट याचिका दायर की थी। इसमें लोरेटो कॉन्वेंट डोरंडा रांची, सेंट चार्ल्स स्कूल रांची, लिवेन्स अकादमी कुटमू लोहरदगा, डॉन बॉस्को अकादमी कोंका रांची, कार्मेल स्कूल हजारीबाग, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा रांची, माजारेलो स्कूल नामकुम रांची, कार्मेल स्कूल सामलोंग रांची, सेंट फ्रांसिस स्कूल हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची, सेक्रेड हार्ट स्कूल चियांकी डाल्टनगंज, सेंट एंथोनी स्कूल डोरंडा रांची, सेंट चार्ल्स स्कूल हेसाग रांची, बिशप स्कूल बहु बाजार रांची, बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल नामकुम रांची, बिशप वेस्टकॉट गर्लस स्कूल नामकुम रांची, सेक्रेड हार्ट स्कूल, हुलहुंडु रांची, संत थॉमस स्कूल धुर्वा रांची, सेंट जेवियर्स स्कूल बोकारो स्टील सिटी बोकारो के स्कूल शामिल थे। इसमें 22अप्रैल 2025 को याचिकाकताओं के अधिवक्ता ने झारखंड हाईकोर्ट से रिट याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति मांगी थी जिसपर झारखंड हाईकोर्ट ने इन रिट याचिकाओं को वापस लिए जाने के रूप में खारिज की है।




# शोक सभा में पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग




26 अप्रैल को अपर बाजार से अल्बर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत संस्था के पदाधिकारियो एवं सदस्यों इस जघन्य आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और इस तरह की घटनाओं को रोकने हेतु केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों पर हमला है, बल्कि यह पूरे देश की अस्मिता और अखंडता को चुनौती देने की कोशिश है। हमारी सरकार को अब केवल निंदा करने से आगे बढ़कर, आतंक के आकाओं को जड़ से समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल ने कहा की पहलगाम की आतंकी घटना बहुत विचलित एवं मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है हम सबको सांप्रदायिक और जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की पूजा करनी चाहिए। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या बर्दाश्त के बाहर है। सरकार ठोस कदम उठाते हुए इसका मुंह तोड़ जवाब दे।उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को आतंकवादी के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा।वरिष्ठ सदस्य कमल कुमार केडिया ने पहलगाम की क्रूर आतंकी हमला न केवल अमानवीयता की प्रकाष्ठा है बल्कि समूची मानवता के विरुद्ध किया गया कयरतापूर्ण अपराध है।

बिरसा चौक पर हटाया गया अतिक्रमण, लोगों ने किया विरोध

# कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए की जा रही कार्रवाई : प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बिरसा चौक बायपास रोड पर जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया है। इसी दौरान सड़क किनारे बनी अस्थायी दुकानों और झोपड़ियों को जेसीबी से हटाया गया।

प्रशासन का कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए यह आवश्यक कदम उठाया गया है।

वहीं, इस अभियान के खिलाफ कई स्थानों पर लोग सड़कों पर उतरे और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। नाराज लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कार्रवाई को अवैध बताते हुए तत्काल रोकने की मांग की।

## पृष्ठ एक के शेष

**नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में...**

हो चुकी है। सभी विभागों को एक ही भवन देने की दिशा में तीन माह के भीतर कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बीएससी एग्रीकल्चर और वोकेशनल कोर्सेज, विशेषकर मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय के चारों भवनों में अब विधिसम्मत बिजली कनेक्शन उपलब्ध हो गया है और व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य जारी है। उच्च शिक्षा में आ रही बाधाओं को दूर करने और छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**वाणिजय-कर विभाग व एफजेसीसीआई के बीच...**

सभी सूचनाओं का ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालन, जीएसटी एडवाइजरी बैठकें नियमित करने, रिफंड प्रक्रिया को सरल बनाने, लंबित अपीलीय मामलों का शीघ्र निष्पादन, कर समाधान योजना को पुनः लागू करने और कर व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उपाय शामिल थे। मंत्री किशोर ने सभी सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया और कहा कि राज्य सरकार व्यापारिक परिवेश को अधिक सरल और सहयोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच सकारात्मक संवाद आवश्यक है ताकि राज्य के संसाधनों को सशक्त किया जा सके। विभाग ने बताया कि जीएसटी लीकेज को रोकने के लिए पक्के बिल और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, संदेहास्पद आईटीसी के मामलों की भी निगरानी की जा रही है। बैठक का समापन मंत्री द्वारा इस अपील के साथ किया गया कि राज्य हित में सभी पक्षों से नैतिक और रचनात्मक सहयोग अपेक्षित है।

**जेजेएमपी के तीन इनामी उग्रवादी ने...**

लातेहार व चंदवा व बालुमाथ थाना क्षेत्र में पांच मामले तथा प्रमोद गंझू पर हेरहंज, लातेहार, चंदवा में एक-एक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में अधिकांश जानलेवा हमला करने, अवैध रूप से एकत्रित हो कर लोगों को जान से मार देने की धमकी देने, लेवी वसूलन व कैंप लगा कर हथियार जमा करने का आरोप है।

**सर्वदलीय बैठक में सरकार को...**

**विपक्ष ने सरकार को पूरा समर्थन दिया : राहुल**

वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा- सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है।

**जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास हो : मल्लिकार्जुन खरगे**

इस बैठक में शामिल होने के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए'।

**सुरक्षा में चूक क्यों हुई : संजय सिंह**

वहीं आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'पूरा देश गुस्से में है, दुखी है और देश चाहता है कि केंद्र सरकार आतंकियों को उनकी भाषा में मुंहतोड़ जवाब दे। जिस तरह से उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्या की है, उनके कैंपों को नष्ट किया जाना चाहिए और पाकिस्तान के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए...यह घटना 22 अप्रैल को हुई और 20 अप्रैल को सुरक्षा एजेंसियों की जानकारी के बिना उस जगह को खोल दिया गया...सुरक्षा एजेंसियों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी...हमने मांग की है कि जवाबदेही तय की जानी चाहिए और कार्रवाई की जानी चाहिए कि सुरक्षा में चूक क्यों हुई'।

**देश के हित में सरकार जो भी निर्णय लेगी हम साथ है : टीएमसी**

सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के बाद टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय उन्होंने कहा, 'सुरक्षा चूक पर चर्चा हुई। हमने सरकार को आश्वासन दिया कि देश के हित में सरकार जो भी निर्णय लेगी, सभी राजनीतिक दल उसके साथ खड़े रहेंगे।'

**आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि :** जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई सर्वदलीय बैठक में सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। बता दें कि, कांग्रेस की तरफ से मांग की गई थी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता पीएम मोदी करें।

**बैठक में कौन-कौन थे शामिल**

गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता (छड्ढ) राहुल गांधी और अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा, राम गोपाल यादव (एसपी), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), श्रीकांत शिंदे (एनसीपी), प्रफुल्ल पटेल (एनसीपी), प्रेम चंद गुप्ता (आरजेडी), तिरुचि शिवा (डीएमके), सस्मित पात्रा (बीजेडी), संजय सिंह (आप), सुदीप बंदोपाध्याय (टीएमसी), मिथुन रेड्डी (वाईएसआरसी), और बीजेपी के अनिल बलूनी भी बैठक में मौजूद थे।

**पहलगाम घटना के विरोध में विहिप....**

दल ने शुक्रवार को संपूर्ण गुमला जिला बंद का आह्वान किया है। हालांकि इस बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं और सरकारी सेवाएं चालू रहेंगी। आक्रोश मार्च और रैली में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# कोहली-पडिक्कल की फिफ्टी राजस्थान को मिला 206 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-42 में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना राजस्थान रॉयल्स (फ्फ) से है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में है. इस मुकाबले में आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 206 रनों का टारगेट दिया है. टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान ने 1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 8 रन बना लिए हैं. वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर हैं।

आईपीएल 2025 में बेंगलुरु का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसने आठ में से पांच मैच जीते हैं. दूसरी ओर राजस्थान ने इतने ही मैच खेलकर सिर्फ दो में जीत हासिल की. मौजूदा सीजन में दूसरी बार दोनों टीमें आमने-सामने हैं. इससे पहले 13 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दोनों के बीच मैच हुआ था, जिसमें बेंगलुरु ने 9 विकेट से जीत हासिल की थी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट पर 205 रन बनाए. आरसीबी की शुरूआत काफी शानदार रही. फिल साल्ट और विराट कोहली ने मिलकर पहले विकेट के लिए 61 रनों की पार्टनरशिप की. दोनों खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया, ऐसे में आरसीबी ने पावरप्ले में कुल 61 रन बनाए. हालांकि पावरप्ले के तुरंत बाद फिल साल्ट के रूप में आरसीबी को पहला झटका लग गया, जो स्पिनर वानिंदु हसारंगा की गेंद पर आउट हुए. साल्ट ने चार चौके की मदद से 23 बॉल पर 26 रनों का योगदान दिया।

इसके बाद देवदत्त पडिक्कल और विराट कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 95 रनों की पार्टनरशिप की. इस पार्टनरशिप के दौरान कोहली ने 32 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की. मौजदू सीजन में कोहली की ये पांचवीं फिफ्टी रही. कोहली की तुलना में पडिक्कल थोड़े ज्यादा आक्रामक दिखे और उन्होंने 26 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की. कोहली-पडिक्कल की पार्टनरशिप को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने तोड़ा.



जोफ्रा आर्चर ने विराट कोहली को नीतीश राणा के हाथों कैच आउट कराया. कोहली ने 42 बॉल पर 70 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और दो छक्के शामिल रहे. कोहली के बाद आरसीबी ने 17वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल का विकेट खोया, जो संदीप शर्मा का शिकार बने. पडिक्कल ने 4 चौके और तीन छक्के की मदद से 27 बॉल पर 50 रनों की पारी खेली. कप्तान रजत पाटीदार (1) कुछ खास नहीं कर पाए और संदीप शर्मा की गेंद पर आउट हुए. यहां से जितेश शर्मा (20) और टिम डेविड (23) की तूफानी बैटिंग ने आरसीबी को 200 के पार पहुंचाया।

## खिलाड़ियों को आवेदन की जरूरत नहीं,अब सरकार खुद देगी इनाम : मनसुख मांडविया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में डिजीलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाणपत्र जारी करने के पहल की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च का भी उद्घाटन किया।

डॉ. मांडविया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की हर खेल पहल खिलाड़ी-केंद्रित है। उन्होंने बताया कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2024, नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी 2024 और एज फ्रॉड के खिलाफ नेशनल कोड 2025 जैसे कदम सरकार की पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। मांडविया ने ऐलान किया कि डिजीलॉकर से जुड़े खेल प्रमाणपत्र जल्द ही नेशनल स्पोर्ट्स रिपॉजिटरी सिस्टम से जोड़े



जाएंगे। इससे खिलाड़ियों को सरकार द्वारा मिलने वाली नकद पुरस्कार राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खातों में सीधे मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अब खिलाड़ी को सरकार से इनाम पाने के लिए आवेदन नहीं करना पड़ेगा। जब पूरी दुनिया ने देखा है कि उसने पदक जीता है, तो फिर प्रमाण देने की जरूरत क्यों? मांडविया ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी के रोडमैप का जिक्र किया और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी में भी रुचि दिखाई। उन्होंने 'वन स्पोर्टझ्वन कॉरपोरेट' नीति की घोषणा करते हुए बताया कि इससे खेल महासंघों को कॉरपोरेट सहयोग मिलेगा और पीपीपी मॉडल के तहत उच्च प्राथमिकता वाले खेलों के लिए ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। ओलंपिक रजत पदक विजेता और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्डी मीराबाई चानू ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, अब हमें जरूरी दस्तावेज के लिए घर भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिजीलॉकर से प्रमाणपत्र मिलना हम जैसे खिलाड़ियों के लिए बड़ी राहत है।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए घोषित किया 54 सदस्यीय संभावित कोर ग्रुप



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 54 खिलाड़ियों के संभावित कोर ग्रुप की घोषणा की है। यह कैंप 25 अप्रैल से बेंगलुरु स्थित साई सेंटर में शुरू होगा।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के झांसी में संपन्न हुई 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह कैंप 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसके बाद प्रदर्शन के आधार पर इस ग्रुप को घटाकर 40 खिलाड़ियों तक कर दिया जाएगा। चयनित 40 खिलाड़ी 1 मई से 25 मई 2025 तक कैंप के अगले चरण में भाग लेंगे। इस 54 सदस्यीय दल में से 38 खिलाड़ी पहले से ही कोर ग्रुप का हिस्सा रहे हैं, जबकि शेष खिलाड़ियों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर बुलाया गया है। इन नए चेहरों में हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी पंजाब, यूपी हॉकी, हॉकी बंगाल और मणिपुर हॉकी से खिलाड़ी शामिल हैं।

## फेडरेशन कप: ट्रिपल जंपर प्रवीण चित्रवाल ने की अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली।** ट्रिपल जंपर प्रवीण चित्रवाल ने गुरुवार को कोच्चि में फेडरेशन कप के दौरान अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। चित्रवाल ने महाराजा कॉलेज स्टेडियम में 17.37 मीटर की छलांग दर्ज की, जिससे उन्होंने 2023 में क्यूबा के हवाना में होने वाले प्रूबा डे कॉन्फ्रॉन्टेसियन इवेंट में बनाए गए अपने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। 23 वर्षीय चित्रवाल ने इस प्रयास के साथ ही इस वर्ष की एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफिकेशन हासिल कर लिया है। तमिलनाडु के इस जम्पर ने प्रतियोगिता से हटने से पहले फेडरेशन कप में अपनी दूसरी छलांग के साथ कीर्तिमान स्थापित किया।

## विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में बनाया नया रिकॉर्ड

**कोच्चि।** तमिलनाडु की 26 वर्षीय ओलंपियन विथ्या रामराज ने बुधवार को 28वीं राष्ट्रीय फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में नया मीट रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 56.04 सेकंड का समय निकालते हुए पिछले 6 वर्षों से कायम रिकॉर्ड को तोड़ा और दूसरे स्थान पर रहीं अनु राघवन से 2 सेकंड से अधिक का अंतर रखा। विथ्या ने एशियन गेम्स में पी.टी. उषा के 41 साल पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी (55.42 सेकंड) की थी और अब वह इसे तोड़ने के लिए तैयार दिख रही हैं।

उनका कहना है, अगर रेस एक दिन बाद होती तो मैं 54 सेकंड के भीतर दौड़ जाती। मेरा लक्ष्य है इस साल 54 सेकंड का समय निकालना। कर्नाटक के पी. यशस ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 49.32 सेकंड के साथ जीत दर्ज की, लेकिन एशियन चैंपियनशिप के लिए तय 49.19 सेकंड के क्वालिफिकेशन मार्क से चूक गए।

## मुंबई इंडियंस ने लगातार चौथा मैच जीता

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 41वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 26 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हरा दिया। लगातार चार मैचों में मिली जीत के साथ मुंबई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई के नौ मैच में 5 जीत के साथ 10 अंक हो गए हैं। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को धारदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन खर्च कर 4 विकेट अपने नाम किए। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मुंबई को 144 रन के लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 16वें ओवर में बना लिया। मुंबई के लिए रोहित शर्मा ने शानदार 70 रन बनाए। अपनी पारी में रोहित ने 8 चौके और तीन छक्के जड़े। रोहित के अलावा, सूर्यकुमार यादव के नाबाद 40 रन की अहम पारी रही। वहीं, विल जैक्स के 22 रन और रियान रिकल्टन ने 11 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और जीशान अंसारी को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 143 रन बनाए।

## अरशद नदीम ने नीरज चोपड़ा के न्यौते को ठुकराया, एशियन चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने नीरज चोपड़ा के जेवलिन इवेंट 'एनसी क्लासिक' में भाग लेने से इनकार कर दिया है। यह फैसला उन्होंने आगामी एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी को प्राथमिकता देते हुए लिया है। हालांकि, उन्होंने नीरज के निमंत्रण के लिए उनका आभार जताया है।

24 मई को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में अरशद नदीम की गैरमौजूदगी रहेगी।



नदीम ने बुधवार को एक बयान में कहा, एनसी क्लासिक इवेंट 20 से 24 मई के बीच है, जबकि मैं 22 मई को कोरिया रवाना हो रहा हूं। वे 27 से 31 मई तक कोरिया के गुमी शहर में होने वाली एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे हैं।

**नीरज ने भेजा था व्यक्तिगत निमंत्रण**

इससे पहले सोमवार को नीरज चोपड़ा ने मीडिया से बातचीत में बताया था कि उन्होंने अर्शद को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया है। नीरज ने कहा, मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा था। उन्होंने कहा था कि कोच से बात कर के जवाब देंगे।

**स्टार एथलीट्स से सजा रहेगा एनसी क्लासिक**

'नीरज चोपड़ा क्लासिक' के पहले संस्करण में कई दिग्गज एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर, केन्या के 2016 रियो ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जूलियस येगो और अमेरिका के करंट सीजन लीडर कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर) की भागीदारी तय है।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने नई एमएलसी फ्रेंचाइजी के साथ की रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की एक आगामी टीम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह टीम वर्ष 2027 में अपना पदार्पण करेगी और इसका स्वामित्व 'ट्रू नॉर्थ स्पोर्ट्स वेंचर्स' नामक समूह के पास है, जिसका संचालन एमएलसी के सह-संस्थापक समीर मेहता और विजय श्रीनिवासन कर रहे हैं। इस समूह में अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल लीग (एनएफएल) की टीम 'सैन फ्रांसिस्को 49र्स' की निवेश शाखा भी भागीदार होगी। इस समझौते के अंतर्गत एनजेडसी न केवल टीम में अंशधारक बनेगा, बल्कि उसके क्रिकेट संचालन, खिलाड़ियों के विकास और उच्च प्रदर्शन कार्यक्रमों की ज़िम्मेदारी भी संभालेगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### शेयर बाजार में सात कारोबारी दिन से जारी तेजी पर लगा ब्रेक

## गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 7 कारोबारी दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लग गया। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचे, लेकिन थोड़ी देर में ही एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।



आज दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार दबाव बना रहा। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, फार्मास्यूटिकल और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

## केंद्र ने भूमिगत कोयला खनन में तेजी लाने के लिए अग्रिम भुगतान से छूट दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सराकर ने भूमिगत कोयला ब्लॉक के परिचालन में तेजी लाने के लिए गुरुवार को अग्रिम भुगतान से छूट देने जैसे नए प्रोत्साहन उपायों की घोषणा की। भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने से जुड़ा यह कदम देश के टिकाऊ कोयला उत्पादन अभियान के तहत उठाया गया है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व हिस्सेदारी का न्यूनतम प्रतीशत चार फीसदी से घटाकर दो फीसदी कर दिया गया है। इस कमी से पर्याप्त राजकोषीय राहत मिलेगी और वित्तीय रूप से भूमिगत परियोजनाओं व्यवहारिक होंगी।

## नेस्ले इंडिया का मुनाफा मार्च तिमाही में 6.5 फीसदी घटकर 873.46 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 6.5 फीसदी घटकर 873.46 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 934.17 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया ने शेयरधारकों को 10 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान किया है। स्विस बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले इंडिया ने गुरुवार को शेयर बाजार को नियामकीय फाइलिंग में दी जानकारी में बताया कि कंपनी की उत्पादों की बिक्री से आय जनवरी-मार्च



तिमाही में 3.67 फीसदी बढ़कर 5,447.64 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,254.43 करोड़ रुपये थी। कंपनी का मार्च तिमाही में कुल खर्च 4,307.76 करोड़ रुपये रहा। नेस्ले इंडिया की घरेलू बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में 4.24 फीसदी बढ़कर 5,234.98 करोड़ रुपये रही, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,021.61 करोड़ रुपये थी। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा, जनवरी-मार्च तिमाही में पेय पदार्थ और कन्फेक्शनरी में दहाई अंक की वृद्धि हुई है। हमारी घरेलू बिक्री 5,235 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई, जो किसी भी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक बिक्री है।

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
फिक्स डे एप्रोच
के तहत
प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार
को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां
पुरूष नसबंदी/ महिला बंध्याकरण उपलब्ध है।



जोड़ी ज़िम्मेदार जो प्लान करे परिवार
साधन-परामर्श हमारा : चयन-फैसला आपका
गर्भनिरोध के आसान और सुरक्षित उपाय:
इंजेक्शन अंतरा | आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली | गर्भ निरोधक गोलियाँ | कॉपर 375 380 A | कंडोम | पुरुष नसबंदी | महिला बंध्याकरण
PR No. 350856 (Health Med Edu and Family Welfare) 2025-26
अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।
104 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड 108
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार